

एमओएफएसएल की रिपोर्ट के अनुसार सोने की चमक कायम रहने की उम्मीद - 12



सोशल मीडिया पोस्ट के साथ नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर का उल्लेख जरूरी - 12



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बोले- बंगाल में भाजपा जीती तो घुसपैठियों पर कड़ा एक्शन - 13



रणजी फाइनल में कर्नाटक के खिलाफ जम्मू-कश्मीर बेहतर स्थिति में - 14


आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
16.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.35
सूर्यास्त 06.09

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |


www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी 10:33 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 27 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 188, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


## युद्धाभ्यास



पठानकोट स्थित ध्यान चंद स्टेडियम में सेना की पश्चिमी कमान की क्षमताओं को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान भारतीय सेना के जवानों ने अपनी युद्ध क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया और दुश्मन को अपनी ताकत का एहसास कराया।

# 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' अध्याय वाली पुस्तक पर प्रतिबंध

## एनसीईआरटी निदेशक और शिक्षा विभाग के सचिव को कारण बताओ नोटिस, आपराधिक अवमानना की कार्यवाही की चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी की 8वीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की उस पुस्तक के भविष्य में किसी भी प्रकाशन, पुनर्मुद्रण या डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है, जिसमें 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' नाम का खंड शामिल किया गया था। कोर्ट ने पुस्तक की सभी प्रतियां तुरंत जब्त करने और डिजिटल प्रतियां हटाने का निर्देश दिया। एनसीईआरटी के निदेशक और शिक्षा विभाग के सचिव को नोटिस जारी कर पूछा गया कि क्यों न अवमानना और दूसरी जरूरी कार्यवाही की जाए।

कोर्ट ने इस मामले में गहन जांच की मंशा जताते हुए स्पष्ट किया कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और स्वायत्तता पर गंभीर परिणामों और स्थाई प्रभाव को ध्यान में रखते हुए ऐसा दुर्व्यवहार न्यायालय की अवमानना अधिनियम 1971 की धारा 2(सी) के अंतर्गत आपराधिक अवमानना के दायरे में आएगा। यह जानबूझकर किया गया कृत्य पाया जाता है तो न्यायिक प्रणाली में हस्तक्षेप के साथ संस्था को बदनाम करने का भी मामला होगा। कोर्ट ने उन बैठकों के ब्योरे का मूल रिकॉर्ड तलब किया, जिनमें आपत्तिजनक अध्याय पर विचार-विमर्श किया गया था और उसे अंतिम रूप दिया गया था।



- उन बैठकों का मूल रिकॉर्ड तलब जिनमें अध्याय को विचार-विमर्श कर दी गई मंजूरी

### न्यायपालिका के खिलाफ गहरी साजिश और सुनियोजित प्रयास: सीजेआई

सुनवाई के दौरान स्पष्ट रूप से नाराज नजर आ रहे सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, पुस्तक की सामग्री के प्रथम दृष्ट्या अवलोकन और निदेशक से प्राप्त प्रशासनिक प्रतिक्रिया के साथ इसे पढ़ने पर ऐसा प्रतीत होता है कि एक गहरी साजिश के तहत न्यायपालिका के संस्थागत प्राधिकार को कमजोर करने और उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने का एक सुनियोजित प्रयास किया गया है। सीजेआई ने कहा, उन्होंने आघात किया है। न्याय पालिका इससे आहत है। न्यायिक संस्था के प्रमुख के रूप में मेरा कर्तव्य है कि मैं पता लगाऊं कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। पुस्तक में शब्दों और अभिव्यक्तियों का चयन महज अनजाने में हुई गलती या त्रुटि नहीं हो सकता।

### सुधारों का पुस्तक में नहीं किया जिक्र

शीर्ष अदालत ने उल्लेख किया कि पुस्तक में वर्णित विवरण में न्यायालय द्वारा शुरू की गई किसी भी परिवर्तनकारी पहल और उपायों का उल्लेख नहीं किया गया है, जिनमें न्याय तक सुगम पहुंच को सुव्यवस्थित करना और लोकतांत्रिक तानेबाने के संरक्षण में न्यायपालिका का महत्वपूर्ण योगदान भी शामिल है। इस न्यायालय द्वारा अतीत में भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और सार्वजनिक धन के गबन आदि के लिए निंदा किए गए उच्च पदस्थ अधिकारियों की भारी संख्या को देखते हुए यह चुप्पी विशेष रूप से निंदनीय है।

### मामले में कार्रवाई की जाएगी : प्रधान

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एनसीईआरटी की आठवीं की पुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर अध्याय शामिल करने को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने जवाबदेही तय करने और पाठ्यक्रम के विवादास्पद अंश को तैयार करने में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया। प्रधान ने इस बात पर जोर भी दिया कि सरकार न्यायपालिका का पूरा सम्मान करती है और इस संस्था का अनादर करने का उसका कोई इरादा नहीं है। जो कुछ हुआ है उससे मैं बहुत दुखी हूं।

- पीठ ने कहा, पुस्तक में अत्यंत लापरवाही, गैरजिम्मेदाराना, अपमानजनक तरीके से लिखी बातों पर गौर करने के बजाय एनसीईआरटी निदेशक ने अपने जवाब में सामग्री का बचाव किया।
- पीठ ने कहा कि यदि यह बेरोकटोक होने दिया गया तो न्यायपालिका की शुचिता और आम लोगों के बीच उसकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचेगी, इससे भी महत्वपूर्ण है कि बच्चों के मन पर इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा।

## ब्रीफ न्यूज

### हवाई अड्डे पर 24 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने थाईलैंड से आए दो भारतीय यात्रियों के पास से 23.9 किलोग्राम संदिग्ध मादक पदार्थ जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 24 करोड़ रुपये है। आधिकारिक बयान के मुताबिक यात्री 22 फरवरी को टर्मिनल 3 पर पहुंचे जहां उन्हें आव्रजन क्षेत्र के ग्रीन चैनल पर रोका गया। उनके सामान की पहले एक्स-रे जांच और बाद में विस्तृत जांच की गई। तलाशी में हरे रंग के संदिग्ध मादक पदार्थ से भरी पॉलीथीन की 14 थैलियां बरामद की गई जिनमें से आठ एक ट्रॉली बैग में और छह दूसरे बैग में छिपाई गई थीं।

### महाराष्ट्र में लव जिहाद कानून का मसौदा तैयार

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने कथित 'लव जिहाद' के मामलों को रोकने के मकसद से प्रस्तावित कानून का एक मसौदा तैयार किया है। विधि एवं न्यायपालिका विभाग ने मसौदा कानून को अंतिम रूप दे दिया है। सत्तारूढ़ दल के विधायकों की तरफ से जबरदस्ती, धोखाधड़ी या लालच देकर किए गए धर्म परिवर्तन को अपराध मानने के लिए एक सख्त कानून की मांग बढ़ रही थी। इसके जवाब में राज्य सरकार ने इस मामले की संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए एक उच्च-स्तरीय समिति बनाई थी। कई भाजपा शासित राज्यों ने पहले ही धर्म परिवर्तन विरोधी कानून बना दिए हैं।

### राकांपा की अध्यक्ष बनीं सुनेत्रा पवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। उनके बड़े बेटे पार्थ पवार को जल्द ही राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किए जाने की संभावना है। यह आधिकारिक घोषणा वर्ली में आयोजित पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन 2026 के दौरान की गई। राकांपा प्रमुख रहे अजित पवार के असामयिक निधन के बाद पार्टी की कमान संभालने के लिए सुनेत्रा पवार के नाम का प्रस्ताव वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल ने रखा, जिसे सभी नेताओं ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। पार्टी के नए संगठनात्मक ढांचे में कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे को शामिल किया गया है।

# भारत-इजराइल के संबंधों का नया दौर विशेष रणनीतिक साझेदारी की घोषणा

## मोदी की यात्रा के दौरान कृषि, ऊर्जा और डिजिटल भुगतान के क्षेत्रों में 17 समझौते

- सैन्य उपकरणों के संयुक्त विकास और उत्पादन की दिशा में काम करेंगे दोनों देश

यरुशलम, एजेंसी

भारत और इजराइल ने बृहस्पतिवार को समय की कसौटी पर खरे साबित हुए संबंधों को एक विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक आगे बढ़ाया और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने पर सहमति व्यक्त की। मोदी और नेतन्याहू के बीच हुई वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने व्यापार, कृषि, ऊर्जा, साइबरस्पेस और डिजिटल भुगतान के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 17 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए 10 घोषणाएं की गईं। इनमें भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई को इजराइल में भी लागू करने का करार भी शामिल है।

भारत और इजराइल ने प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के ढांचे के तहत सैन्य उपकरणों के संयुक्त विकास और संयुक्त उत्पादन की दिशा में काम करके अपनी पहले से ही घनिष्ठ रक्षा साझेदारी का विस्तार करने का भी संकल्प लिया। साथ ही भारत और इजराइल ने आपसी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने की प्रतिबद्धता जताई है। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाजा शांति पहल का जोरदार समर्थन करते हुए कहा कि मानवता को कभी संघर्ष का शिकार नहीं बनना चाहिए। मीडिया बयान में मोदी ने कहा कि भारत का सुरक्षा हित पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता से जुड़ा है।



यरुशलम में प्रधानमंत्री मोदी और नेतन्याहू की मौजूदगी में किए गए समझौतों पर हस्ताक्षर।

### उभरती प्रौद्योगिकियों की साझेदारी की भी घोषणा

प्रधानमंत्री मोदी ने एआई, क्वांटम तकनीक और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में सहयोग को नई गति देने के लिए महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों की साझेदारी की स्थापना की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि इजराइल में यूपीआई के उपयोग के लिए एक समझौता हो गया है। भारत और इजराइल के बीच भारत-पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के कार्यान्वयन और आई2यू2 (भारत-इजराइल-यूएई-अमेरिका) के ढांचे के तहत सहयोग पर भी चर्चा हुई।

### मोदी की झप्पी पूरी दुनिया में अब मशहूर: नेतन्याहू

**नई दिल्ली।** भारत और इजराइल के द्विपक्षीय संबंधों में एक नया मुहावरा जुड़ा और वह है 'मोदी झप्पी'। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने वहां की संसद 'नेसेट' में मोदी के संबोधन से पहले दिए गए अपने भाषण में इसका प्रयोग किया। नेतन्याहू ने कहा कि जैसे ही प्रधानमंत्री मोदी विमान की सीढ़ियों से नीचे उतरे, दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाया। नेतन्याहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का व्यक्तिगत रूप से गले मिलना कुछ खास है और इसे पूरी दुनिया में 'मोदी झप्पी' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि जब आप किसी को सच्चाई के साथ और इतने करीब से गले लगाते हैं तो आपको पता चलता है कि यह वास्तविक है। नेसेट में जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट के बीच नेतन्याहू ने कहा कि वह इस 'झप्पी' को वापस लौटाना चाहते हैं।

# रणनीतिक साझेदारी का नया इतिहास रचेंगे यूपी-जापान

- यामानाशी के गवर्नर का 200 जापानी सीईओ के साथ अगस्त में यूपी दौरे का प्रस्ताव
- ग्रीन हाइड्रोजन, उद्योग व तकनीक पर एमओयू को सीएम योगी ने बताया ऐतिहासिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश और जापान के यामानाशी प्रांत के बीच रणनीतिक साझेदारी का नया अध्याय शुरू हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे के दौरान गुरुवार को यामानाशी प्रांत के गवर्नर कोटारो नागासाकी ने अगस्त में 200 जापानी सीईओ के साथ उत्तर प्रदेश का दौरा करने का प्रस्ताव दिया, जिसका मुख्यमंत्री ने स्वागत किया। इसे प्रदेश में निवेश, तकनीकी साझेदारी और औद्योगिक विस्तार की दिशा में बड़ा संकेत माना जा रहा है।

इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार और यामानाशी प्रांत के बीच उद्योग, पर्यटन, व्यावसायिक शिक्षा और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे भावी क्षेत्रों में सहयोग को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसमें स्वच्छ ऊर्जा नवाचार, तकनीकी आदान-प्रदान और मानव संसाधन विकास को प्राथमिकता दी गई है। मुख्यमंत्री ने बताया, आईआईटी कानपुर को ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह पहल न केवल राज्य को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के राष्ट्रीय लक्ष्य को भी मजबूती देगी।



योगी ने यामानाशी में फैनुक कॉर्पोरेशन का दौरा किया।

### ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य का आधार

मुख्यमंत्री ने यामानाशी स्थित अत्याधुनिक हाइड्रोजन संयंत्र का दौरा किया। उन्होंने पावर-टू-गैस प्रणाली को नजदीक से देखा और विशेषज्ञों से इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मॉडल स्वच्छ ऊर्जा और हरित विकास की दिशा में उत्तर प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

### उत्तर प्रदेश में निवेश का निमंत्रण

यामानाशी में आयोजित यूपी इन्वेस्टमेंट रोड शो के दौरान गुरुवार को मुख्यमंत्री ने जापानी उद्योग जगत को उत्तर प्रदेश में निवेश का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उच्च तकनीकी संस्थानों के छात्र जापान में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और सीखी गई तकनीक को प्रदेश की इंडस्ट्री, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और ऊर्जा क्षेत्र में लागू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज स्केल, स्किल और स्पीड के विकास मॉडल पर आगे बढ़ रहा है।

# अनिल अंबानी के खिलाफ 2,220 करोड़ की धोखाधड़ी में नया केस

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने उद्योगपति अनिल अंबानी एवं रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के खिलाफ 2013-17 के दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा से कथित धोखाधड़ी कर बैंक को 2,220 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाने के आरोप में नया मामला दर्ज किया है। अधिकारियों के मुताबिक यह मामला मंगलवार को बैंक से मिली शिकायत पर दर्ज किया गया है।

सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, मामला दर्ज होने के बाद सीबीआई ने अनिल अंबानी के आवास और रिलायंस कम्युनिकेशन के पंजीकृत कार्यालयों पर छापेमारी कर इस ऋण लेनदेन से जुड़े कई दस्तावेज बरामद किए हैं।



- बैंक ऑफ बड़ौदा की शिकायत पर सीबीआई ने दर्ज किया मामला छापे मारे

**ईडी के समक्ष पेशी:** अंबानी बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में दूसरे दौर की पूछताछ के लिए बृहस्पतिवार को ईडी के समक्ष पेश हुए। यहां उनका बयान दर्ज किया गया है। यह जांच उनकी कंपनी आरकॉम द्वारा 40,000 करोड़ की बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से संबंधित है।

## घृणास्पद भाषण : असम के मुख्यमंत्री को गुवाहाटी हाईकोर्ट का नोटिस

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को कई जनहित याचिकाओं के संबंध में नोटिस जारी किया, जिनमें उन पर मियां समुदाय के खिलाफ घृणास्पद भाषण देने और सांप्रदायिक टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया है।

हाईकोर्ट की खंडपीठ ने तीन याचिकाओं पर सुनवाई की। याचिकाकर्ताओं में से एक के अधिवक्ता शांतनु बोरठाकुर ने बताया, प्रतिवादी को अगली तारीख से पहले नोटिस का जवाब देना होगा। कोर्ट ने कोई अन्य आदेश जारी नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट ने 16 फरवरी को शर्मा के खिलाफ कार्रवाई संबंधी याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार कर दिया था। इन याचिकाओं में उस वायरल वीडियो को लेकर कार्रवाई का आग्रह किया गया था, जिसमें शर्मा एक विशेष समुदाय के सदस्यों पर राइफल से निशाना साधते और गोली चलाते हुए दिखे थे।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने भी पॉक्सो कोर्ट में आशुतोष ब्रह्मचारी पर दायर किया वाद

**वाराणसी।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने भी अपने खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी के खिलाफ प्रयागराज की विशेष पॉक्सो अदालत में वाद दायर कर दिया है। शंकराचार्य ने कहा कि उन्होंने यह वाद पॉक्सो अधिनियम की धारा 22 के तहत दायर किया है, जिसमें प्रावधान है कि अगर कोई आपके खिलाफ फर्जी मुकदमा करता है तो आप भी उसके खिलाफ वाद दायर कर सकते हैं।

शंकराचार्य ने खुद पर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि माघ मेले के दौरान वह सीसीटीवी कैमरा और मीडिया के कैमरे के सामने रहे। जिन लड़कों के यौन शोषण का आरोप लगाया गया है, वे कभी उनके गुरुकुल में दाखिल तक नहीं हुए।



- फर्जी मुकदमा कराने का आरोप, कहा आशुतोष के ही पास रह रहे हैं दोनों लड़के

### एपस्टीन फाइल्स से ध्यान भटकाने की ही ये साजिश

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ झूठा मामला उछालकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित एपस्टीन फाइल्स से ध्यान भटकाने की साजिश की जा रही है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि शंकराचार्य को बदनाम करने का कोई अवसर नहीं छोड़ा जा रहा है। हिस्ट्रीशीटर से पुलिस अपनी जांच रिपोर्ट साझा कर रही है।

# 'द केरल स्टोरी 2' पर रिलीज से एक दिन पहले लगी अंतरिम रोक

कोच्चि, एजेंसी

केरल हाईकोर्ट ने 'द केरल स्टोरी 2-गोज बियॉन्ड' के प्रदर्शन पर बृहस्पतिवार को अंतरिम रोक लगा दी। फिल्म 27 फरवरी को रिलीज होने वाली थी। न्यायमूर्ति बी. कुरियन थॉमस ने फिल्म के प्रदर्शन को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने यह सुनिश्चित नहीं किया कि फिल्म सामाजिक सद्भाव को भंग न करे। हाईकोर्ट ने कहा, सीबीएफसी की ओर से प्रमाणन प्रदान करते समय कानून की स्पष्ट अवहेलना हुई है, अदालत ने कहा कि ऐसी सामग्री का प्रसार, जिसमें वैमनस्य उत्पन्न करने, कानून-व्यवस्था भंग करने और यहां तक कि सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाने की प्रवृत्ति हो, संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) में निहित वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में नहीं आता है। अदालत ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह याचिकाकर्ता श्रीदेव नंबूदरी की ओर से दायर पुनरीक्षण याचिका पर दो सप्ताह के भीतर विचार कर आदेश पारित करे।

- केरल हाईकोर्ट ने कहा- फिल्म सामाजिक सद्भाव भंग न करे, ये कोशिश नहीं की गई




**बड़ी राहत** | डीजीसीए ने किया नियमों में संशोधन, एयरलाइन कंपनियों को 14 दिन के अंदर रिफंड करने का निर्देश

# हवाई टिकट बुकिंग 48 घंटे में रद्द करने पर पूरा पैसा वापस

नई दिल्ली, एजेंसी

विमान यात्री अब बुकिंग के 48 घंटों के भीतर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के हवाई टिकट रद्द करा सकेंगे या उसमें बदलाव कर सकेंगे। नागर विमानन नियामक डीजीसीए ने कुछ शर्तों के साथ टिकट किराया वापसी के नियमों में संशोधन किया है। एयरलाइन कंपनियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया है कि पैसे वापस करने की प्रक्रिया 14 कार्य दिवसों के भीतर पूरी हो जाए।

डीजीसीए ने यह भी कहा है कि यदि यात्री बुकिंग के 24 घंटों के भीतर नाम में किसी प्रकार की गलती को बताता है और टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट के माध्यम से बुक किया गया है तो एयरलाइन कंपनियों को उसी व्यक्ति के नाम पर सुधार के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लेना चाहिए। डीजीसीए ने साफ किया है कि ट्रैवल एजेंट या पोर्टल के माध्यम से टिकट खरीदने की स्थिति में भी पैसे वापसी की जिम्मेदारी एयरलाइन कंपनियों की होगी क्योंकि एजेंट उनके नियुक्त प्रतिनिधि होते हैं। इसके अलावा, चिकित्सा आपात स्थिति के कारण यात्रियों के टिकट रद्द करने के नियमों में भी बदलाव किए गए हैं। संशोधित नियम 24 फरवरी को जारी किए गए थे। नियामक ने कहा, 48 घंटे के अंदर यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के टिकट रद्द या संशोधित कर सकते हैं। लेकिन जिस संशोधित उड़ान के लिए टिकट लेना चाहते हैं, उसके किराये में जो अंतर है, वह देना होगा।

समय पर रिफंड न मिलने की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए ये संशोधन किए गए हैं। अनुसूचित विमानन कंपनियों को दिसंबर 2025 में यात्रियों से संबंधित कुल 29,212 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 7.5 प्रतिशत रिफंड से संबंधित थीं।



### घरेलू उड़ानों में 7, अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में 15 दिन से कम समय होने पर राहत नहीं

डीजीसीए ने कहा, जब टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट से बुक किया जाता है, यह सुविधा उन उड़ानों के लिए उपलब्ध नहीं होगी जिनकी प्रस्थान तिथि घरेलू उड़ानों के मामलों में बुकिंग की तारीख से सात दिन से कम और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 15 दिन से कम है। बुकिंग समय के 48 घंटे बाद यह विकल्प उपलब्ध नहीं होगा और यात्री को संशोधन के लिए टिकट रद्द कराने को लेकर संबंधित शुल्क का भुगतान करना होगा।

### चिकित्सा आपात स्थिति में भी कंपनियां करेंगी पैसा वापस या देना होगा क्रेडिट का विकल्प

चिकित्सा आपात स्थिति के कारण टिकट रद्द होने पर कंपनी पैसा लौटा सकती है या 'क्रेडिट' विकल्प दे सकती हैं। यदि यात्री या उसी पीएनआर में सूचीबद्ध कोई सदस्य यात्रा के दौरान अस्पताल में भर्ती होता है तो यह नियम लागू होगा। अन्य परिस्थितियों में यात्री की फिटनेस का प्रमाण पत्र एयरलाइन के एयरोस्पेस मेडिसिन विशेषज्ञ/डीजीसीए द्वारा सूचीबद्ध एयरोस्पेस मेडिसिन विशेषज्ञ से प्राप्त होने के बाद पैसे वापस किए जाएंगे।

न्यूज ब्रीफ

## हर जिले में विकसित होंगे 100 मॉडल तालाब

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के हर जिले में 100-100 तालाबों को 'मॉडल तालाब' के रूप में विकसित किया जाएगा। इन तालाबों को ग्रे वाटर और प्लास्टिक मुक्त बनाया जाएगा, जिससे जल गुणवत्ता सुधरेगी और मच्छरजनित बीमारियों में कमी आएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब केवल जल संग्रहण का साधन नहीं, बल्कि भू-जल रिचार्ज, सिंचाई, जैव विविधता संरक्षण और सामाजिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र रहे हैं। लेकिन बीते वर्षों में प्लास्टिक अपशिष्ट और घरेलू ग्रे वाटर (स्नान, रसोई व कपड़े धोने से निकला पानी) सीधे तालाबों में जाने से जल प्रदूषण बढ़ा है, जिसका सीधा असर ग्रामीण स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ा है। इसी चुनौती को देखते हुए स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत पंचायती राज विभाग ने मॉडल तालाब विकसित करने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। पंचायती राज निदेशक अमित कुमार सिंह के अनुसार, चयनित तालाब के चारों ओर नो-प्लास्टिक जोन घोषित किया जाएगा और ग्राम पंचायत से प्लास्टिक न फेंकने का प्रस्ताव पारित कराया जाएगा। तालाब में गिरने वाली नालियों पर प्लास्टिक ट्रैप जाली और फिल्टर चैंबर लगाए जाएंगे। वहीं, ग्रे वाटर के उपचार के लिए नालियों के अंतिम सिरे पर बायो-फिल्टर सिस्टम विकसित किया जाएगा, जिसमें कंकड़, रेत और केली-केना जैसे पौधों का उपयोग होगा। इससे पानी प्राकृतिक रूप से शुद्ध होकर तालाब में पहुंचेगा।

## सीधे जनता से हो जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव बैलेट पेपर से कराने के साथ इसबार जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव सीधे जनता से कराने की मांग उठाई। उनका कहना है कि मतदान बैलेट पेपर से होने पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बन सके। उन्होंने यूजीसी के मुद्दे पर भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 'बांटो और राज करो' की राजनीति कर रही है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुरुवार को सांसद संजय सिंह ने कहा कि मौजूदा व्यवस्था में जनता की सीधी भागीदारी नहीं है, जिससे जनादेश कमजोर होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता के दुरुपयोग के जरिए जिला पंचायत चुनावों को प्रभावित करती है। अगर सरकार वास्तव में लोकतंत्र में विश्वास रखती है, तो जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव जनता से कराए और बैलेट से मतदान सुनिश्चित करे।

## अफसरों की गोपनीय रिपोर्ट होगी डेटा आधारित

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि (एसीआर) प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए इसे पूरी तरह डेटा आधारित बनाने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने गुरुवार को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अब केवल सामान्य टिप्पणी नहीं, बल्कि लंबित मामलों, नए वादों और निस्तारित प्रकरणों की संख्या (डेटा) को एसीआर का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाएगा। शासनादेश के अनुसार यह व्यवस्था भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और उत्तर प्रदेश सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा/पीसीएस) के सभी अधिकारियों पर लागू होगी। अधिकारियों को अब स्पैरो पोर्टल पर अपनी वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के लिए स्व-मूल्यांकन करते समय यह डेटा अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा। मुख्य सचिव ने आदेश में कहा है कि रिपोर्टिंग अधिकारी, समीक्षा अधिकारी, स्वीकृति अधिकारी तीनों को अधिकारी द्वारा दर्ज किए गए लंबित, नए और निस्तारित मामलों के डेटा को संज्ञान में लेते हुए ही अपना मूल्यांकन करना होगा।

# सिंगापुर से जापान तक 'महाराज' का डंका

## अभूतपूर्व सफलता से भरा रहा योगी का दौरा, 1.5 लाख करोड़ के एमओयू, 2.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सिंगापुर और जापान का चार दिवसीय विदेश दौरा निवेश, तकनीक और वैश्विक साझेदारी के लिहाज़ से अभूतपूर्व रूप से सफल रहा। इस दौरान हुए उच्चस्तरीय निवेश संवादों में उत्तर प्रदेश सरकार ने 1.5 लाख करोड़ के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जबकि 2.5 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यह दौरा वर्ष 2029-30 तक उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक निर्णायक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

जापान दौरे के दौरान कृषि मशीनरी, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग जैसे भविष्य के क्षेत्रों में बड़े निवेश प्रस्ताव सामने आए। जापान में जिन प्रमुख कंपनियों के साथ एमओयू हस्ताक्षरित हुए, उनमें कुबोटा कॉरपोरेशन, स्पार्क मिंडा (टोयो डेन्सो के सहयोग से), जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री और नागासे एंड कंपनी लिमिटेड शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, बी 2जी (सरकार से सरकार) बैठकों में सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन, होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड, कोनोइके ट्रांसपोर्ट कंपनी लिमिटेड, मित्सुई एंड कंपनी लिमिटेड, रैपिडस कॉरपोरेशन, मारुबेनी कॉरपोरेशन, सुमितोमो रियलिटी एंड डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड और एमयूएफजी बैंक जैसी दिग्गज कंपनियों ने सहभागिता की। इन कंपनियों ने उत्तर प्रदेश को एशिया का उभरता हुआ निवेश केंद्र बताते हुए राज्य में दीर्घकालिक निवेश में रुचि जताई।

जापान दौरे की एक बड़ी उपलब्धि के रूप में ग्रीन हाइड्रोजन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की घोषणा की गई। यह केंद्र यूनिवर्सिटी ऑफ यामानाशी, यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी, आईआईटी कानपुर, हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी, आईआईटी बीएचयू और मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सहयोग से स्थापित किया जाएगा। इससे स्वच्छ ऊर्जा, तकनीकी अनुसंधान और कौशल विकास को नई दिशा मिलेगी।

### 'जापान सिटी' और ऑटो क्लस्टर की योजना

- यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में 500 एकड़ में 'जापान सिटी' विकसित की जाएगी, जहां जापानी कंपनियों के लिए विशेष औद्योगिक वातावरण तैयार होगा। इसके साथ ही ऑटो ओईएम और कंपोनेंट निर्माताओं के लिए डेडिकेटेड ऑटो क्लस्टर और आरएंडडी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। 'इन्वेस्ट यूपी' में जापान डेस्क को और मजबूत किया जाएगा, जिसकी निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने एल-जीरो सीरीज मैग्लेव ट्रेन की यात्रा और फानुक कॉरपोरेशन के रोबोटिक्स व फैक्ट्री ऑटोमेशन संयंत्र का भी दौरा किया। फानुक ने उत्तर प्रदेश में निवेश और एमएसएमई सेक्टर के तकनीकी उन्नयन में सहयोग की इच्छा जताई।

### सिंगापुर में भी मिला निवेशकों का भरोसा

- सिंगापुर में आयोजित इन्वेस्टर रोड शो के दौरान एमआरओ, कार्गो हब, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स, स्किलिंग और फिनटेक क्षेत्रों में व्यापक सहयोग पर सहमति बनी। विशेष रूप से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) को एमआरओ और कार्गो हब के रूप में विकसित करने पर सकारात्मक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री के इस दौरे ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उत्तर प्रदेश आज वैश्विक निवेश मानचित्र पर मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है। 1.5 लाख करोड़ के एमओयू और 2.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव इस बात का प्रमाण हैं कि प्रदेश का वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का लक्ष्य अब ठोस धरातल पर आगे बढ़ रहा है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान दौरे के दौरान गुरुवार को यामानाशी प्रांत में दुनिया की अत्याधुनिक सुपरकंडक्टिंग मैग्लेव हाई-स्पीड ट्रेन की सवारी की, जो परीक्षण के दौरान 500 किलोमीटर प्रतिघंटा तक की रफ्तार हासिल करती है।मुख्यमंत्री ने कहा कि इतनी तेज गति के बावजूद ट्रेन बेहद स्थिर, सुरक्षित और आरामदायक रही।

### निवेश प्रस्तावों से 5 लाख से अधिक रोजगार की उम्मीद

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चार दिवसीय सिंगापुर और जापान दौरा रोजगार, निवेश और तकनीकी साझेदारी के लिहाज से ऐतिहासिक साबित हुआ है। इस विदेश यात्रा के दौरान प्रदेश सरकार को कुल 1.5 लाख करोड़ के एमओयू और लगभग 2.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन निवेश प्रस्तावों के धरातल पर उतरने से प्रदेश में 5 लाख से अधिक युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया कि जापान में 90 हजार करोड़ के एमओयू और करीब 1.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव, जबकि सिंगापुर में 60 हजार करोड़ के एमओयू और लगभग 1 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन सभी समझौतों और प्रस्तावों को इन्वेस्ट यूपी और अन्य संबंधित विभाग समयबद्ध ढंग से लागू करेंगे, ताकि रोजगार सृजन का लाभ शीघ्र जमीन पर दिख सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा केवल समझौतों तक सीमित नहीं है, बल्कि टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, स्किलिंग और औद्योगिक निवेश के जरिए प्रदेश के युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का माध्यम बनेगी। जापान और सिंगापुर दोनों देशों ने युवाओं के प्रशिक्षण, कौशल विकास और एमएसएमई सेक्टर में तकनीकी सहयोग के लिए सकारात्मक रुख दिखाया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यामानाशी के गवर्नर अगस्त माह में लगभग 200 जापानी सीईओ के साथ उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे, जिससे निवेश प्रस्तावों को अंतिम रूप मिलेगा और रोजगार सृजन की प्रक्रिया तेज होगी।

# आईटीबी बर्लिन में दिखेगी यूपी पर्यटन की सशक्त मौजूदगी

- 60 वर्षों की गौरवशाली विरासत के वैश्विक उत्सव में उत्तर प्रदेश का भव्य प्रदर्शन
- एडवेंचर, वेलनेस, मेडिकल से लेकर लग्जरी टूरिज्म तक दिखेगा यूपी पर्यटन विजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** विश्व पर्यटन उद्योग के सबसे प्रतिष्ठित मंच आईटीबी बर्लिन में उत्तर प्रदेश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विविध पर्यटन सर्किट और आधुनिक पर्यटन संभावनाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने जा रहा है। जर्मनी की राजधानी बर्लिन में 3 से 5 मार्च तक आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में उत्तर प्रदेश पर्यटन वैश्विक पर्यटन विशेषज्ञों, निवेशकों और नीति-निर्माताओं से सीधा संवाद करेगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि आईटीबी बर्लिन-2026 का आयोजन बर्लिन एक्सपो सेंटर सिटी, मेसे डैम-22 में किया जाएगा। वर्ष 1966 से आयोजित हो रहा आईटीबी बर्लिन इस बार अपने 60 वर्षों की गौरवशाली विरासत का उत्सव मना रहा है। मंत्री ने कहा कि इस वैश्विक मंच पर उत्तर प्रदेश अपने पर्यटन विजन और निवेश संभावनाओं के साथ दुनिया से संवाद करेगा। उन्होंने बताया कि आईटीबी बर्लिन-2026 की थीम "डिस्कवर द स्टोरीज बिहाइंड 60 इयर्स ऑफ लेगेसी" रखी गई है, जो वैश्विक पर्यटन उद्योग की यात्रा, नवाचार, साझेदारी और भविष्य की दिशा को एक साथ प्रस्तुत करती है। यह थीम अतीत की विरासत को सम्मान देने के साथ-साथ आने वाले वर्षों की रूपरेखा तय करने का भी संदेश देती है।

### बदलती प्राथमिकताओं के अनुसार प्रदर्शनी

- आईटीबी बर्लिन-2026 में प्रदर्शनी को पारंपरिक पर्यटन तक सीमित न रखकर एडवेंचर टूरिज्म, बिजनेस ट्रैवल, एलजीबीटीक्यू ट्रैवल, लग्जरी ट्रैवल, मेडिकल टूरिज्म और ट्रैवल टेक्नोलॉजी जैसे विविध सेगमेंट्स में विभाजित किया गया है। इसका उद्देश्य बदलती वैश्विक प्राथमिकताओं और यात्रियों की नई अपेक्षाओं को मंच प्रदान करना है। जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन का भव्य पवेलियन इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण होगा। पवेलियन में अंग्रेजी और स्थानीय भाषा में साइनेज, रचनात्मक डिस्प्ले, वीवीआईपी लाउंज, हस्तशिल्प, कलाकृतियां और ओडीओपी को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही पर्यटन विभाग की वेबसाइट्स, मोबाइल एप्लीकेशन, पर्यटन सर्किट, वेलनेस और मेडिकल टूरिज्म की भी व्यापक प्रस्तुति की जाएगी।

# 11 करोड़ नकद, जेवर, महंगी घड़ियां और बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज मिले

## बसपा विधायक पर एक हजार करोड़ की टैक्स चोरी करने की आशंका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** बलिया के रसड़ा से बसपा के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह और उनके नजदीकियों कि ठिकानों पर दूसरे दिन भी आयकर विभाग की कार्रवाई जारी रही। सूत्रों का दावा है कि अभी तक 11 करोड़ से अधिक नकद बरामद हुए हैं, वहीं काफी मात्रा में जेवर, महंगी घड़ियों के साथ ही लेनदेन और करोड़ों की बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। विधायक द्वारा किए कारोबार में करीब एक हजार करोड़ रुपए के टैक्स चोरी की भी आशंका व्यक्त की जा रही है। हालांकि आयकर विभाग की ओर से अधिकारिक तौर पर पुष्टि नही की गई है। छापेमारी के दौरान पुलिस का कड़ा पहरा रहा।

आयकर विभाग की टीम ने बुधवार को बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ के विपुलखंड स्थित आवास के साथ ही बलिया, कौशांबी, सोनभद्र के ठिकानों के साथ ही मिजार्पुर और प्रयागराज में सहयोगियों के कई ठिकानों पर छापा मारा था। यह कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। बुधवार की रात करीब 11 बजे विधायक के लखनऊ स्थित आवास से तो कार्रवाई समाप्त कर दी गई, लेकिन विपुलखंड में ही स्थित छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी के कारपोरेट आफिस में पहुंच कर टीम ने जांच शुरू कर दी। बलिया स्थित विधायक के गांव खनवर स्थित आवास के साथ ही रसड़ा स्थित होटल स्काई के अलावा विधायक के खास लोगों में शुमार भूपेन्द्र सिंह और प्रवीण सिंह के यहां पर छापेमारी की गई। सोनभद्र में साईराम इंटर प्राइजेज के साथ ही ठेकेदार के फैजी के ठिकानों पर भी कार्रवाई जारी रही। इसके अलावा सोनभद्र में अन्य खनन कारोबारी जो कि किसी न किसी रूप में विधायक से जुड़े रहे उन सभी के यहां पर भी छापेमारी जारी रही।

### भाजपा के छापे सरकारी डकैती होते हैं



- बसपा प्रमुख मायावती और योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के बाद अब अखिलेश यादव भी बसपा विधायक के समर्थन में उतर आए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भाजपा के छापे लोगों के कमाए गए पैसों को लूटने के काम करते हैं। भाजपाई जहां भी देखते हैं कि कहीं धन-दौलत जमा होने की संभावना हैं, वहीं एजेसियां लेकर पहुंच जाते हैं। भाजपाई ह्रदयहीन हैं, इसलिए संवेदनहीन भी हैं।

## डायरी खोलेगी सत्ता और सियासत की सांठगांठ का सच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के यहां छापे में नकदी, जेवर के साथ ही कथित तौर पर एक डायरी भी मिली है। डायरी में जहां शासन और प्रशासन के कई बड़े अफसरों को लेन-देन का ब्यौरा है, वहीं कई नौकरशाहों की ब्लैक मनी भी खनन और ठेकों में एडजस्ट करने के दस्तावेज भी मिले हैं। साफ है कि डायरी में एक तरह से सत्ता और सियासत की सांठगांठ का सच दर्ज है। उधर डायरी मिलने की खबर फैलने के साथ ही कई अफसरों और सफेदपोशों की बैचेनी बढ़ती जा रही है।

विधायक उमाशंकर सिंह ने जब से सियासत में कदम रखा, तब से उनके रसूख के साथ ही संपत्ति भी अमरबेल की तरह बढ़ती रही। विधायक बनने के बाद तो संपत्तियों में काफी इजाफा होता रहा। उनके रसूख का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि भले ही वह बसपा से तीन बार के विधायक हैं, लेकिन सत्ता चाहे सपा की रही हो या फिर भाजपा की। उनसे संबंधित कंपनियों को सड़क निमार्ण के साथ ही खनन के ठेके भी मिलते रहे हैं। यहां तक कि नियमों को ताक पर रखकर भी ठेके दिए जाते रहे। सपा सरकार में जहां वह एक कद्दावर मंत्री के ठेकों में पार्टनर रहे, वहीं अगस्त 2025 में उमाशंकर सिंह से जुड़ा पत्थर खनन का मामला सामने आया था। उमाशंकर की पत्नी की कंपनी छात्र शक्ति इंफ्रा कंस्ट्रक्शन ने सोनभद्र में खनन का पट्टा लिया था। कंपनी ने 3,000 रुपए प्रति घनमीटर के रेट से पत्थर खनन का का पट्टा लिया था, जबकि रायल्टी दर 160 रुपए प्रति घनमीटर थी। आरोप लगा था उमाशंकर की पत्नी की कंपनी ने 33,604 घनमीटर गिट्टी का अवैध खनन किया था। यदि नीलामी की दर से वसूली होती तो कंपनी को करीब दस करोड़ की धनराशि सरकारी खजाने में देनी होती। इससे सरकारी खजाने को काफी नुकसान पुहंचा। अब सवाल यह है कि यह रेट और रायल्टी के खेल बिना किसी आला नौकरशाही और कद्दावर सफेदपोश के वरदहस्त बगैर नहीं सकता। इसी तरह के कई अन्य मामले हैं, जोकि विवादों में रहे। उमाशंकर सिंह से जुड़े नेताओं और अफसरों को खुद के घिरने की चिंता सता रही है। यही कारण हैं कि छापे के दूसरे दिन भी छात्र शक्ति कंपनी के कारपोरेट आफिस के बाहर महंगी गाड़ियों से लोग आते रहे। बाहर से ही छापे की अपने तरीके से जानकारी ली और चलते बने।

### विधायक के बेटे ने कहा: हम पूरा सहयोग कर रहे हैं

- विधायक उमाशंकर सिंह के बेटे प्रिंस युकेश सिंह ने गुरुवार को चुप्पी तौड़ी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि कल गोमतीनगर आवास पर इनकम टैक्स विभाग की ओर से जांच की गई। उनके पिता, वह स्वयं और परिवार के अन्य सदस्य विभाग के अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। इनकम टैक्स अधिकारी भी पूरी प्रक्रिया में सहयोग कर रहे हैं।

### छापे के पीछे कौन

- **अमृत विचार :** विधायक के साथ ही मैनेजमेंट में माहिर माने जाने वाले उमाशंकर सिंह के यहां छापा पड़ा है तो तमाम सवाल उठ रहे हैं। इसमें अहम सवाल यह है कि आखिरकार बसपा बसपा विधायक के यहां आयकर के छापे के पीछे कौन हैं? ऐसी कौन सी बड़ी शक्ति है, जिसके इशारे पर बसपा प्रमुख मायावती के सबसे खास रहे विधायक के यहां कार्रवाई हुई। वह भी जब विपक्ष बसपा को कथित तौर पर भाजपा की बी टीम बताता रहा है। हालांकि सरसरी तौर पर पत्थर खनन में कैग की रिपोर्ट और विजीलेंस की जांच को ही छापे के पीछे असल वजह माना जा रहा है, लेकिन लोगों के गले से यह बात नहीं उतर पा रही है।

# मानचित्र स्वीकृति से बढ़ी जिला पंचायतों की आय

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में जिला पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में योगी सरकार के प्रयास असर दिखाने लगे हैं। ग्रामीण और अर्द्धशहरी क्षेत्रों में भवन निर्माण के लिए मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को सख्ती और पारदर्शिता के साथ लागू किए जाने से जिला पंचायतों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2025 से जनवरी 2026 तक जिला पंचायतों द्वारा 2883 मानचित्र स्वीकृत किए गए, जिससे 57.42 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

सरकार के निर्देश पर जिला पंचायतों ने अपने-अपने क्षेत्रों में भवन निर्माण से पूर्व मानचित्र स्वीकृति को अनिवार्य कर दिया है। पहले बड़ी संख्या में लोग बिना स्वीकृति के निर्माण करा लेते थे, जिससे न केवल नियोजन प्रभावित होता था बल्कि पंचायतों को राजस्व की हानि भी होती थी।

# असाध्य रोगियों के मुफ्त इलाज को 30.11 करोड़ मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चार बड़े चिकित्सा संस्थानों कानपुर, लखनऊ, आगरा और सहारनपुर को धन आवंटित
- उपयोगिता प्रमाणपत्र व लाभार्थी सूची अनिवार्य, सख्त शर्तों के साथ आदेश

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 में असाध्य रोगों से ग्रसित मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 30.11 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। यह स्वीकृति पुनर्विनियोग के माध्यम से चार बड़े चिकित्सा संस्थानों कानपुर, लखनऊ, आगरा और सहारनपुर को दी गई है।

शासन ने उपयोगिता प्रमाणपत्र व लाभार्थी सूची अनिवार्य करते हुए सख्त शर्तों के साथ धन खर्च करने का आदेश दिया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग विशेष सचिव कृतिका शर्मा की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार यह धनराशि अनुदान संख्या-31 के अंतर्गत 2210-चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य शीर्ष के तहत "असाध्य रोगों के इलाज हेतु निःशुल्क चिकित्सा सुविधा" मद में स्वीकृत की गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह धन केवल निर्धारित मदों में और नियमों के अनुरूप ही व्यय किया जाएगा। शासनादेश में यह भी उल्लेख है कि इससे पूर्व सरोजनी नायडू चिकित्सालय, आगरा अपर इंडिया शुगर एक्सचेंज प्रसूति चिकित्सालय, कानपुर संक्रामक रोग चिकित्सालय, कानपुर तथा मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर आदि के लिए वेतन, महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, विद्युत देय और जल प्रभार मदों से पुनर्विनियोग कर धनराशि उपलब्ध कराई गई थी, जिसके उपरांत कुल व्यवस्था को असाध्य रोगियों के उपचार से जोड़ा गया है। कहा गया है कि अगली किश्त तभी जारी होगी, जब उपयोगिता प्रमाणपत्र और लाभार्थियों की सूची शासन को उपलब्ध कराई जाएगी।

### इन संस्थानों को मिली धनराशि

- हृदय रोग संस्थान, कानपुर – 19.86 करोड़
- डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ – 6 करोड़
- राजकीय मेडिकल कॉलेज, आगरा – 4 करोड़
- राजकीय मेडिकल कॉलेज, सहारनपुर – 25 लाख

# 50 हजार का इनामी गो-तस्कर वाराणसी से गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी गो-तस्कर को वाराणसी के लोहता से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ चंदौली में दो वर्ष पूर्व एफआईआर दर्ज की गई थी। तभी से फरार चल रहा था। आरोपी पर पुलिस ने इनाम घोषित किया था। एसटीएफ के मुताबिक बुधवार देर रात को विशेष ऑपरेशन के दौरान आरोपी मो. अशरद को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ के डिप्टी एसपी शैलेश प्रताप सिंह के मुताबिक पकड़ा गया गो-तस्कर मो. अशरद वाराणसी स्थित सिगरा के लहंगपुरा का रहने वाला है। उसके खिलाफ चंदौली में दो वर्ष पूर्व गो-तस्करी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। बुधवार देर रात को सूचना मिली कि मो. लोहता के धमरियों मैदान के पास है। वह भागने की तैयारी कर रहा है। टीम ने घेराबंदी कर रात 10 बजे दबोच लिया। वह क्षेत्र में लोगों को धमकाने व मारपीट करने के मामलों में आरोपी है।

सांझी रेखा

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समूह ने आटा और मंदिरों के चढ़े फूलों ने तैयार किया हर्बल गुलाल

# अयोध्या व काशी में मक्का के गुलाल से खेली जाएगी होली

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- खराब नहीं होगी त्वचा, आंख व मुंह में जाने पर नहीं होगा नुकसान

**अमृत विचार :** अयोध्या और वाराणसी में मक्का का आटा और मंदिरों में चढ़े फूलों के अर्क से बने शुद्ध हर्बल गुलाल से होली खेली जाएगी। इससे त्वचा खराब नहीं होगी और आंख व मुंह में जाने पर स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचेगा। बच्चे हो या बुजुर्ग सभी इसका इस्तेमाल कर सकेंगे। गुलाल राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लखनऊ के चिनहट की ग्राम उत्तरधौना में संचालित ''सांझी रेखा'' स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने नाबार्ड के सहयोग से प्रशिक्षण पाकर इसे तैयार किया है।

इनके हर्बल गुलाल हरा, पीला और गुलाबी तीन रंग में उपलब्ध हैं। तीनों ही मक्का के आटे में फूल व सब्जियों से निर्मित किए गए हैं। इनमें हरा रंग देने के लिए आटा में धनिया और पालक के पत्ते मिलाए गए हैं। जबकि पीला रंग का गुलाल आटा में गेंदा के फूल की पंखुड़ी से तैयार किया है और गुलाबी गुलाल चुकंदर व गुलाब के फूल की कलियों से बनाया है। शुद्धता के साथ सुगंध भी लोगों को प्राकृतिक है।

### गुलाल की कीमत (रुपया प्रति किलो)

- गुलाल-थोक - 350-400
- गुलाल-फुटकर - 500
- गुलाल-200 ग्राम - 100





चिनहट के उत्तरधौना में सुखाया जाता गुलाल और टोकरियों में रखा तैयार गुलाल।

> एक तरफ महिलाओं ने स्वास्थ्य को देखते हुए हर्बल गुलाल बनाया है तो दूसरी तरफ इस कार्य से उन्हें रोजगार मिला है। लोग इस हैंडमेड सामग्री को खरीद कर उत्पादन को बढ़ावा दें।
>
> **-अजीत कुमार सिंह,** जिला विकास अधिकारी, लखनऊ

### मंदिरों से एकत्र किए फूल महिलाएं लाईं सब्जियां

- समूह की अध्यक्ष वंदना सिंह ने बताया कि इस कार्य में 18 समूह की महिलाएं जुड़ी हैं। मक्का किसानों से खरीदकर आटा बनाया है, जबकि फूल मंदिरों के चढ़े हुए एकत्र किए हैं। महिलाएं खेती-बाड़ी से जुड़ी हैं, इनके द्वारा धनिया, पालक, चुकंदर एकत्र किया गया है। कोषाध्यक्ष सोनी सिंह बताती हैं कि 40 फीसद तक बचत होती है। एक स्टॉल में चार से पांच हजार की बिक्री हो रही है।

### सात क्विंटल तक भेजी गुलाल की खेप

- 20 क्विंटल उत्पादन लक्ष्य के सापेक्ष 15 क्विंटल तक गुलाल तैयार किया है। इसमें अयोध्या, वाराणसी के खासकर काशी और मिर्जापुर में सात क्विंटल गुलाल बिक चुका है और भी मांग आई है। इसके अलावा अंबेडकर नगर, बस्ती, सोनभद्र, लखीमपुर, हरदोई व कानपुर से मांग आने पर खेप भेजी जा रही है। लखनऊ में भी महिलाएं स्वयं थोक व फुटकर स्टॉल लगाकर बिक्री कर रही हैं। 28 फरवरी से विकास भवन, कलेक्ट्रेट, विश्वविद्यालय समेत अन्य सरकारी परिसरों में स्टॉल लगाए जाएंगे।

# होली में खपाने के लिए जा रही शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** होली में खपाने के लिए बिहार शराब ले जा रहे तीन तस्करों को एसटीएफ ने बलिया के बैरिया दबोच लिया। उनके पास से 471 पेटी शराब, बियर, पिकअप, तीन मोबाइल व नकदी बरामद की गई है। यूपी से बिहार भेजने के लिए तस्करों ने गंगा नदी के रास्ते का प्रयोग किया।

एसटीएफ के डिप्टीएसपी अवनीश्वर चंद्र श्रीवास्तव के मुताबिक यूपी से बिहार शराब तस्करी की सूचनाएं मिल रही थी। होली में बड़े पैमाने पर तस्करी का इनपुट मिला था। विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने गुरुवार सुबह 4.30 बजे बलिया के बैरिया स्थित पूर्वी भवन टोला गंगा किनारे बंधे के पास से दो पिकअप वाहन रोककर तलाशी ली। इस दौरान अंदर भारी मात्रा में शराब व बियर की पेटियां मिलीं। एसटीएफ ने मौके से बलिया के बांसडीह स्थित हुसैनाबाद निवासी धर्मजीत भारती, कोतवाली नगर बहादुरपुर का पिंटू प्रसाद और बैरिया चिरैया मोड़ निवासी करन बहादुर साह उर्फ घुरघुर को गिरफ्तार किया।

### नाव से गंगा पार ले जाते थे शराब



पिंटू प्रसाद



करन कुमार साह



धर्मजीत भारती

- एसटीएफ के डिप्टी एसपी अवनीश्वर चंद्र श्रीवास्तव के मुताबिक आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनका गिरोह गंगा नदी के रास्ते शराब की तस्करी करता है। शराब बलिया के बैरिया इलाके में पहुंचने के बाद नाव से गंगा नदी पार कराकर बिहार पहुंचाते थे। पुलिस के अनुसार बैरिया क्षेत्र के चिरैयामोड़ स्थित एक लाइसेंसी गोदाम से शराब अवैध रूप से उपलब्ध कराई जाती थी, जिसे गिरोह के सदस्य बिहार पहुंचाते थे। तीनों आरोपियों के खिलाफ बैरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। वहीं आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# विधानसभा में कन्नौज की खुशबू फैलाएंगी पांच युवतियां

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में जिला स्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद' का आयोजन हुआ। आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष चर्चा सत्र चला। इसके लिए प्रतिभागियों को तीन- तीन मिनट का समय दिया गया। कुल 24 युवक- युवतियों ने बात रखी और 05 लोगों का चयन किया गया। यह प्रतिभागी लखनऊ विधानसभा में शामिल होंगे।


कार्यक्रम में बात रखतीं साक्षी सिंह।


युगी कटियार को सम्मानित करते जिला युवा अधिकारी सागर महेश्वरी।

गुरुवार को आयोजित हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने "कानून और आपातकाल से भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक" विषय पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों पर गंभीर मंथन किया, जिससे कार्यक्रम ज्ञानवर्धक एवं चिंतनशील बन गया। इससे पहले युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं 'मेरा युवा भारत, कन्नौज' के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने दीप प्रज्जवलन कर किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र वह सशक्त व्यवस्था है, जिसमें जनता अपने प्रतिनिधियों का चयन करती है और वे संविधान व कानून के दायरे में रहकर कार्य करते हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि देश में प्रत्येक निर्णय संविधान के अनुरूप लिया जाता है तथा सभी नागरिक कानून की दृष्टि में समान हैं। नई शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए उन्होंने युवाओं से समाज सेवा, वॉलंटियर कार्यों एवं राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। साथ ही 'मेरा युवा भारत' पोर्टल पर पंजीकरण कर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, डॉ. अजय सिंह, रीतू सिंह, डॉ. हेमेंद्र कुमार, चक्रेश पांडे, दीपक कुमार, प्रतीक्षा पांडे, शिवांग श्रीवास्तव व राजेंद्र कुमार मौजूद रहे।

**साक्षी सिंह प्रथम, युगी कटियार का दूसरा स्थान:** नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर साक्षी सिंह, द्वितीय युगी कटियार, तृतीय नंदनी दुबे, चतुर्थ यशी शर्मा व पांचवें नंबर पर सुमिता रहीं। इन पांचों प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

**24** ने 'विकसित भारत युवा संसद' में लिया हिस्सा

**50** वर्ष आपातकाल के पूर्ण होने पर विशेष चर्चा का आयोजन

### निर्णायक मंडल में पांच सदस्य शामिल रहे

- प्रतियोगिता के निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल का गठन किया गया, जिसमें रेनू त्यागी, अभिषेक पांडे, अजय त्रिपाठी, प्रो. उदय पाल सिंह तथा मोहम्मद मुन्नवर शामिल रहे। निर्णायकों को मोमेंटो एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। दूसरी ओर वक्ताओं ने कहा कि 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवा संसद जैसे मंच विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, तार्किक सोच, संवाद कौशल एवं सामाजिक चेतना का विकास करते हैं।

## अनुदान पर कृषि यंत्र लेने के लिए बुकिंग शुरू

**कन्नौज।** डीडी कृषि संतोष कुमार ने बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन तथा एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजनाओं के तहत विभिन्न कृषि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो गई है।

फार्म मशीनरी बैंक, पावर वीडर, पावर टिलर, मल्टीक्रॉप थ्रेशर, ट्रैक्टर माउंटेड स्प्रेयर, पैकिंग मशीन, सोलर ड्रायर, क्लीनर कम ग्रेडर, मिलेट मिल, किसान ड्रोन, मिनी राइस मिल, सहित अन्य छोटे कृषि यंत्र एवं कृषि रक्षा उपकरणों पर शासन से निर्धारित मानकों के अनुसार अनुदान दिया जाएगा। ऑनलाइन बुकिंग विभागीय पोर्टल https://agridarshan.up.gov.in पर 25 फरवरी से 04 मार्च तक होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### करंट से मौत में बिजली विभाग पर रिपोर्ट दर्ज

**तिर्वा।** मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने विद्युत विभाग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। बुधवार को थाना इंदरगढ़ के ग्राम चन्दौआ निवासी अखिलेश (35) की विद्युत करंट लगने से मृत्यु हो थी। मृतक के पिता ने बिजली विभाग की लापरवाही से बेटे की जान चली जाने का आरोप लगाया था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने विद्युत उपखंड केंद्र तिर्वा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### दंपति पर मारपीट कर घायल करने का आरोप

**गुरसहायगंज।** विधवा महिला ने गांव के दंपति पर रंजिश के चलते गालीगलौज व मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। ग्राम पंचायत तेरारब्बू के ग्राम दिलावरपुर निवासी सुमन देवी पत्नी स्वर्गीय सुरेश चन्द्र तिवारी ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि वह प्राथमिक विद्यालय डंबरपुर्वा में खाना बनाने का कार्य करती है। गुरुवार की दोपहर लगभग 12 .30 बजे वह स्कूल में खाना बना कर घर लौट रही थी। तभी गांव के दो लोगों ने रंजिश को लेकर उसे अपने दरवाजे के सामने घेर लिया और गालीगलौज की। मना करने पर उसे लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कच्ची शराब के साथ युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज।** जसोदा चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि पुलिस कर्मियों के साथ बुधवार की रात लगभग 08 बजे वह संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी सूचना पर ग्राम आमपुर्वा की ओर जाने वाले मार्ग पर छापेमारी की। जहां पुलिस ने ग्राम आमपुर्वा निवासी सरोज को अवैध कच्ची शराब के साथ दबोच लिया। युवक साइकिल से कच्ची शराब बेंचने जा रहा था। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### टेट को लेकर शिक्षकों ने दिया धरना

**कन्नौज।** वर्ष 2011 के पहले से परिषदीय स्कूलों में तैनात अध्यापकों के लिए टीईटी पास करने की बाध्यता के खिलाफ शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय परिसर में धरना दिया। उन्होंने देश की शीर्ष कोर्ट के इस निर्णय को अव्यवहारिक बताया। साथ ही सरकार पर शिक्षकों के लिए टेट को जबरन थोपने का विरोध भी जताया। अन्य मांगों को पूरा करने के लिए भी अध्यापक खूब गरजे।

### भूगोल, कृषि की परीक्षा शांतिपूर्वक निपटी

**कन्नौज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की ओर से आयोजित इंटरमीडिएट की सुबह की पाली में कृषि भौतिकी व कृषि जंतु विज्ञान की परीक्षा 22 केंद्रों पर संपन्न हुई। पंजीकृत 626 परीक्षार्थियों के सापेक्ष उपस्थित 592 और अनुपस्थित 34 रहे। डीआईओएस पप्पू सरोज ने बताया कि दूसरी पाली में इंटरमीडिएट में भूगोल की परीक्षा 77 केंद्रों पर हुई। इसमें पंजीकृत 2,226 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 2,088 उपस्थित रहे। 138 ने इम्तिहान छोड़ दिया। डीआईओएस ने बताया कि दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

### दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट

**सौरिख।** दबंगों ने रंजिश के चलते युवक को घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया। घायल की मां ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर उक्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थाना क्षेत्र के कुसका गांव निवासिनी सुनीता देवी पत्नी विश्राम सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बुधवार रात उसका पुत्र रवि अपनी पत्नी रंजना से घर के अंदर फोन पर बातचीत कर रहा था। उसी समय रंजिश के चलते गांव के ही अमित शैलेंद्र पुत्र आसाराम, आसाराम, दिनेश पुत्रगण बाबूराम शराब के नशे में उसके दरवाजे आए और गाली देते हुए घर के अंदर घुस गए। वहां रवि को लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, 3 की हालत गंभीर

## मुरली नगला के पास ई रिक्शे में पीछे से ट्रक ने मारी टक्कर

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** छिबरामऊ थाना क्षेत्र के मुरली नगला (ग्राम बरिहाने) के पास एक सड़क हादसे में युवक की जान चली गई, जबकि उसके तीन साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब सभी लोग ई-रिक्शा से अस्पताल में भर्ती एक रिश्तेदार को देखने जा रहे थे।


सुशील।

गुरुवार को ग्राम भगवंतपुर निवासी सुशील कुमार (27) अपने चाचा बलवीर और साथियों पवन व सुमित के साथ ई-रिक्शा से छिबरामऊ स्थित अस्पताल में भर्ती दुर्घटना में घायल रिश्तेदार को देखने जा रहे थे। जैसे ही ई-रिक्शा मुरली नगला के पास पहुँचा, पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा में सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को 108 एंबुलेंस द्वारा सौ शैय्या अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद सुशील कुमार की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। मेडिकल कॉलेज पहुँचते-पहुँचते सुशील ने दम तोड़ दिया। अन्य तीनों घायलों का उपचार अभी सौ शैय्या अस्पताल में चल रहा है।

सुशील अविवाहित थे और मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके पिता सुरेंद्र सिंह की मृत्यु वर्ष 2015 में ही बीमारी के कारण हो गई थी। घर में मां उमा देवी और तीन भाइयों (सुधीर, स्वदेश और देवेश) का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना से पूरे भगवंतपुर गांव में शोक की लहर है।

### दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

- **सौरिख।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में 24 दिन बाद मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के फूलनपुर गांव निवासी शिवम प्रजापति पुत्र नाथूराम प्रजापति (30) पहली फरवरी को दोपहर 12 बजे अपनी बाइक से बाजार करने जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक नादेमऊ चौराहे के पास पहुंची कि तभी तेज रफ्तार अज्ञात मोटरसाइकिल ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में शिवम को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया जहां उपचार के दौरान मेरे पुत्र की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात मोटरसाइकिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है।

## समय पर आलू कटाई व पकने की पहचान बताई

**कन्नौज।** सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम तेरारागी (देवीपुरवा) में एफपीओ के माध्यम से एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का विषय "आलू की खेतीः कटाई एवं कटाई बाद प्रबंधन एवं भंडारण" रहा। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अमरेंद्र ने किसानों को आलू की सही समय पर कटाई, फसल की परिपक्वता की पहचान तथा आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के बारे में जानकारी दी।

वैज्ञानिक ने बताया कि सही समय पर कटाई करने से उपज की गुणवत्ता बेहतर होती है। बाजार में उचित मूल्य प्राप्त होता है। कटाई के बाद क्यूरिंग, छंटाई एवं ग्रेडिंग की वैज्ञानिक विधियों पर जोर दिया गया, जिससे भंडारण के दौरान होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। इसके साथ ही कोल्ड स्टोरेज एवं घरेलू भंडारण की वैज्ञानिक तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई, ताकि किसान लंबे समय तक सुरक्षित भंडारण कर सकें और बेहतर दाम मिलने पर अपनी उपज को बाजार में बेच सकें। अंत में वैज्ञानिक ने किसानों के प्रश्नों का समाधान किया। कार्यक्रम में कई लोग मौजूद रहे।



छात्र-छात्राओं को जानकारी देते शिक्षक। अमृत विचार

# एनएसएस शिविर में दी गई यातायात नियमों की जानकारी

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** कमालपुर के पंचायत भवन में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लक्ष्य गीत और योगाभ्यास (सूर्यनमस्कार, धनुरासन व पद्मासन) के साथ हुआ।

बौद्धिक सत्र को संबोधित करते हुए राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा' केवल एक नारा नहीं बल्कि हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर दिया कि भारत में अधिकांश दुर्घटनाएं तेज गति के कारण होती हैं, अतः स्पीड लिमिट का पालन करें। दोपहिया वाहन पर हेलमेट और चार पहिया में सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाएं। सड़क पर अंकित यातायात चिन्हों की अनदेखी न करें। सत्र के उपरांत स्वयंसेवकों ने कमालपुर गाँव में यातायात जागरूकता रैली निकाली और ग्रामीणों को संकेतों के अर्थ समझाए। वालेंटियर्स ने उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे अपने परिजनों को बिना हेलमेट घर से बाहर न निकलने दें।दिन का समापन कविता, कहानी पाठ और निबंध लेखन प्रतियोगिता के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. रवि प्रताप सिंह चौहान, मोहम्मद साबिर, अमित शुक्ला, आशीर्वाद दुबे, गौरव मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


वरिष्ठ प्रशासनिक सदस्यों को सम्मानित करते अधिवक्ता अमृत विचार

### फहीम जमा और संदीप चौहान वरिष्ठ प्रशासनिक सदस्य

**छिबरामऊ।** बार एसोसिएशन छिबरामऊ के वार्षिक निर्वाचन में रिक्त चल रहे वरिष्ठ प्रशासनिक सदस्य के दो पदों पर एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष रमाकांत दीक्षित ने फहीम जमा खान और संदीप चौहान को मनोनीत किया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष जीतू श्रीवास्तव, महासचिव पंकज मिश्रा, निवर्तमान अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह राठौर व महासचिव ललित प्रताप सिंह सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। फहीम जमा ने एल्डर्स कमेटी और नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों को सम्मानित किया।

## चोरी की बाइकों समेत तीन शातिर गिरफ्तार

**तिर्वा।** चेकिंग के दौरान बुधवार की शाम पुलिस ने चोरी की दो बाइक समेत तीन को गिरफ्तार किया।

चेकिंग के दौरान पुलिस ने जब बाइको के कागज मांगे तो वह नहीं दिखा सके। सख्ती की तो चोरी की बाइक होने की बात सामने आई। युवकों ने बताया कि उक्त दोनों बाइक रसूलाबाद से चोरी की गई थी।पकड़े गए युवक ने अपना नाम साहिल पुत्र सर्वेश कठेरिया निवासी उसरी थाना ठठिया,छोटू पुत्र लल्लू , व विशाल पुत्र शेर सिंह निवासी जवाहर नगर थाना तिर्वा बताया। प्रभारी निरीक्षक ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस जांच कर रही है।

# एफआरएस से पुष्टाहार न बांटा तो होगी कार्रवाई

**सख्ती**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि पुष्टाहार का वितरण आंगनबाड़ी कार्यकत्री फेस रिकग्निशन सिस्टम (एफआरएस) प्रणाली से ही करें। यदि कोई कार्यकत्री एफआरएस से लाभार्थियों को पुष्टाहार वितरण नहीं करती है, तो मानदेय सेवा समाप्ति तक की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही शत-प्रतिशत पुष्टाहार वितरण न होने व बचे हुए की रिकवरी संबंधित कार्यकत्री से की जाएगी।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत पुष्टाहार वितरण में अगर किसी स्तर पर एफआरएस का पालन नहीं किया जाता है, तो संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों को बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से संचालित अनुपूरक पुष्टाहार कार्यक्रम में गर्भवती एवं धात्री (स्तनपान कराने वाली) महिलाओं व 6 माह से 6 साल तक के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लिए टेक-होम राशन (टीएचआर) उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि यह योजना कुपोषण की रोकथाम, बच्चों एवं माताओं के स्वास्थ्य में सुधार तथा लाभार्थियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पोषण उपलब्ध कराने के लिए महत्वपूर्ण है। योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने एफआरएस से टीएचआर वितरण एवं नए लाभार्थियों के पंजीकरण को अनिवार्य किया है। इस प्रणाली से वास्तविक लाभार्थियों को ही योजना का लाभ प्राप्त होगा तथा वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहेगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि पुष्टाहार का वितरण आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से अनिवार्य रूप से एफआरएस प्रणाली से ही कराया जाए। साथ ही यदि शत-प्रतिशत वितरण न होने के कारण पुष्टाहार अवशेष रह जाता है, तो उसकी रिकवरी संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्री से की जाएगी।

- केंद्र पर पुष्टाहार बचा मिला तो संबंधित कार्यकत्रियों से रिकवरी की जाएगी
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत फेस रिकग्निशन सिस्टम से ही होगा पुष्टाहार वितरण

**06** माह से छह साल तक के बच्चों के लिए पुष्टाहार

**रहें सतर्क** जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन आ रहे 650-700 मरीज

# मौसम में बदलाव से बढ़े खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जाड़े का मौसम विदाई लेने को है। सुबह और शाम को सर्दी तो दिन में कड़ी धूप निकलने से लोगों ने गर्म कपड़े उतार फेंके हैं। यही कारण है कि सर्दी, जुकाम और बुखार ने लोगों को घेरना शुरू कर दिया है। हालत यह है कि निजी के अलावा सरकारी अस्पतालों में मरीजों की खासी भीड़ उमड़ रही है। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक ने लोगों से एकदम से गर्म कपड़े उतारने से बचने की अपील की है। सलाह दी है कि सुबह और शाम को तो हर हाल में गर्म कपड़े पहनें।


जानकारी देते सीएमएस डॉ. शक्ति बसु।


जिला अस्पताल में इलाज को पहुंचे लोग। अमृत विचार

फरवरी खत्म होने को है और हिंदी महीने की बात करें तो फागुन चल रहा है। ऐसे में मौसम में खासा बदलाव आ चुका है। सर्दी का मौसम उतार पर है जिससे दिन के समय खासी गर्मी महसूस की जा रही है। यह बात अलग है कि सुबह और देर शाम के समय ठंड बढ़ जाती है जिसके कारण हल्के फुल्के गर्म कपड़ों की जरूरत पड़ रही है। यूं तो बड़े और बुजुर्ग इस सावधानी को अपना रहे हैं लेकिन अगर बात बच्चों और युवाओं की करें तो वे पूरी तरह से स्वेटर आदि को छोड़ चुके हैं। यही कारण है कि तेजी से मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। ज्यादातर लोगों में खांसी, जुकाम और बुखार की शिकायत आ रही है। अकेले जिला अस्पताल में ही इस तरह के रोगियों की संख्या में खासी बढ़ोतरी हो गई है। तकरीबन रोज ही 700 के करीब तक नए मरीज आ रहे हैं। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. शक्ति बसु का कहना है कि दिन और रात के तापमान में भारी अंतर के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ सकता है। इसलिए शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर काम करने की जरूरत है। इसमें मौसमी फल जैसे-बेर, अमरूद, पपीता, अंगूर, संतरा आदि खासा असर कर सकते हैं। लोग कहते हैं कि इनसे खांसी हो सकती है तो ऐसा कुछ नहीं है बल्कि यह गले को ठीक रखने में में मदद करते हैं। बताया कि इनमें विटामिन सी तथा एंटीऑक्सीडेंट्स प्रचुर मात्रा में होते हैं। ये कम खर्च में शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी के कारण इस मौसम में वायरल डायरिया, वायरल बुखार के अलावा त्वचा से संबंधित हरपीस, खसरा, चिकनपॉक्स जैसे रोग भी हो सकते हैं। सलाह दी कि अभी पंखा-एसी चलाने में जल्दबाजी न करें। इसके अलावा एकदम से गर्म कपड़े न उतारें और सुबह-शाम के समय खास तौर से सीधे सर्दी में जाने से बचें। यदि किसी तरह की कोई दिक्कत होती है तो डॉक्टर की सलाह लें।

# येलो फॉस्फोरस से मानव स्वास्थ्य को नुकसान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** प्रभारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी संत लाल गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार के निर्देश पर येलो फॉस्फोरस तीन फीसदी की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह चूहा मारने वाला जहर है। अगर खाद्यान्न के संपर्क में आता है और उसे मानव खाता है तो स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचता है। इसलिए इस पर रोक लगाई गई है।

बताया गया है कि अपर कृषि निदेशक (कृषि रक्षा), उत्तर प्रदेश ने अपंजीकृत येलो फॉस्फोरस (3% पीएएसटीई) की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित करने का पत्र भेजा है। प्रभारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी का कहना है कि जनपद के समस्त कीटनाशक विक्रेताओं को सख्त निर्देशित किया जाता है कि वे इस अपंजीकृत फॉस्फोरस का क्रय- विक्रय तत्काल प्रभाव से बंद करें। किसी भी दुकान पर अगर यह उत्पाद बिक्री अथवा भंडारित पाया गया तो संबंधित विक्रेता के विरुद्ध कीटनाशी अधिनियम, 1968 एवं कीटनाशी नियमावली, 1971 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### पैराक्वाट हाईक्लोराइड का प्रयोग न करें किसान

**कन्नौज।** जिला कृषि अधिकारी/ प्रभारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी संतलाल गुप्ता ने बताया कि आलू के डंठल को किसान पैराक्वाट हाईक्लोराड से हटा रहे हैं यह मृदा स्वास्थ्य के लिए घातक है। साथ ही अन्य खरपतवार को खत्म कर रहा है। उन्होंने बताया कि किसान हंसिया से ही डंठल को काटें या सूखने का इंतजार करें। पैराक्वाट एक हरीबसाइड है और इसके प्रयोग से मृदा प्रदूषण बढ़ता है। खेतों में खड़ी सभी प्रकार की घास या खरपतवार खत्म हो जाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

**फर्रुखाबाद।** शमशाबाद में गुरुवार सुबह एक ट्रेन दुर्घटना में 75 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ बुजुर्ग रेलवे लाइन पार कर रहा था। शमशाबाद रेलवे स्टेशन पर सुबह करीब 7 बजे बुजुर्ग लखनऊ से मथुरा जा रही कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। पास से गुजर रहे ग्रामीणों ने बुजुर्ग का शव ट्रैक पर पड़ा देखा। तुरंत ही मामले की जानकारी जीआरपी पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान मंझना थाना नवाबगंज निवासी राम मुरारी के रूप में हुई है। उनकी पत्नी कमला देवी और पुत्र बंटू ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की। परिजनों ने बताया कि मृतक का घर रेलवे क्रॉसिंग के उत्तर दिशा में है, जबकि दक्षिण दिशा में उनकी एक जगह है जहां वे जानवर बांधते थे। मृतक का इस दौरान रेल पटरी पर रोज आना जाना होता था गुरुवार सुबह भी वे इसी तरह घर वापस आ रहे थे जब यह हादसा हुआ। मृतक के पुत्र बंटू ने बताया कि उनके पिता को कम सुनाई देता था।

### 14 मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**फर्रुखाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करेगा। इसकी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। लोक अदालत में राजस्व, चकबंदी, लघु फौजदारी, विद्युत विभाग और अन्य विविध मामलों को अधिक से अधिक संख्या में चिह्नित कर निस्तारण के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इसका उद्देश्य आपसी समझौते के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। प्रशासन द्वारा अब तक कुल 1,05,454 मामले चिह्नित किए गए हैं। इनमें 262 राजस्व मामले, 813 फौजदारी मामले और 1,04,379 विविध मामले शामिल हैं। अध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को सुलभ, त्वरित और नि:शुल्क न्याय उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों की समीक्षा कर अधिक से अधिक मामलों को लोक अदालत में निस्तारण के लिए तैयार करने के निर्देश दिए गए।

### मामूली विवाद में चार युवकों ने ई-रिक्शा चालक को पीटा

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र के कुतलुपुर में मामूली बात को लेकर चार युवकों ने एक ई-रिक्शा चालक के साथ मारपीट की। युवकों ने ई-रिक्शा का शीशा भी तोड़ दिया। पीडित चालक ने राजेपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। यह घटना कुतलुपुर के निकट तब हुई जब ई-रिक्शा चालक अमृतपुर से फर्रुखाबाद की ओर जा रहा था। रास्ते में चार युवकों ने उसे रोका और गाली-गलौज करने लगे। जब चालक ने इसका विरोध किया, तो युवकों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान, एक युवक ने ईंट-पत्थर से ई-रिक्शा का शीशा तोड़ दिया। मौके पर खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने हस्तक्षेप कर बीच-बचाव किया, जिसके बाद हमलावर वहां से चले गए। पीडित ई-रिक्शा चालक ने घटना के संबंध में राजेपुर थाने में तहरीर दी है। राजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### दरोगा के स्थानांतरण से संतुष्ट नहीं व्यापार मंडल के लोग

**फर्रुखाबाद।** नगर युवा उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट के पदाधिकारियों पर फर्जी मुकदमे लगने पर जिला एवं नगर उद्योग व्यापार मंडल एवं जिला महिला उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट आंदोलन के चलते विवादित चौकी की इंचार्ज बजरिया का तबादला कर दिया गया। जिस पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बैठक में कहा कि आरोपी दारोगा के भ्रष्टाचारों के विरुद्ध विरुद्ध जांच होनी चाहिए, । ।थाना मऊदरवाजा में ही व्यापारियों को जबरिया पकड़ कर जेल भेजने की धमकी देकर रिश्वत मांगने और न देने पर 151 की कार्यवाही करने वाले पुलिसकर्मी ,व्यापारियों से दस दस हजार रूपये मांगने, न देने पर अज्ञात नाम में दर्ज दिखाकर जेल भेजने की धमकी देने वाले दरोगा को निलंबित करने की मांग संगठन की ओर से की गयी है। कहा गया फिर मशाल जुलूस सडकों पर निकलेगा ।होली और ईद के त्यौहार बाद पूरे जनपद में बाजार बंदी होगी ।जरूरत पडने पर पूरे प्रदेश में भी बाज़ार बंदी कराने का भी ऐलान संभव है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# कायमगंज में दिनदहाड़े बुजुर्ग दंपति की हत्या, फैली सनसनी

## वृद्ध के गले में कसा था बिजली का तार व वृद्धा के सिर पर गंभीर चोट, घर में बिखरा पड़ा मिला सामान

संवाददाता कायमगंज



घटना स्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कायमगंज के मोहल्ला कंचा गंगा दरवाजा में गुरुवार अपराह्न दो बजे एक वृद्ध दम्पति की दिन दहाड़े हत्या से सनसनी फैल गयी। घर में केवल वृद्ध दम्पति ही निवास करते थे। वृद्ध का शव बेड पर व उनकी पत्नी का शव फर्श पर पड़ा मिला। वृद्धा के सिर पर गंभीर चोटें थीं। बुजुर्ग के गले में तार कसा हुआ था, जिससे गला कस कर हत्या किए जाने की संभावना है। घटना की वजह लूट है अथवा कुछ और इस पर पुलिस जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार कायमगंज के मोहल्ला कंचा गंगा दरवाजा में 75 वर्षीय पुरुषोत्तम कौशल और उनकी पत्नी पुष्पा देवी घर में अकेले निवास करते थे। दूध देने वाले को दरवाजा खुला मिला तो वह घर के अंदर चला गया। अंदर का नजारा देखकर उसके हाथ-पांव फूल गये। कमरे में वृद्ध पुरुषोत्तम कौशल का शव बेड पर पड़ा था और उनके गले में बिजली के तार का फंदा लगा हुआ था। वहीं पुष्पा देवी का शव बेड से करीब पांच मीटर दूर आंगन में फर्श पर पड़ा था। मौके पर देखकर साफ है कि घटना में एक से अधिक लोगों का हाथ है। हत्यारों से संघर्ष व हाथापाई का अंदाजा लगाया जा रहा है। वृद्ध लकवा से पीड़ित था। वृद्ध की गला घोंटकर और महिला के सिर पर भारी वस्तु से हमला कर हत्या किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। पड़ोसी ने बताया कि उन्होंने गुरुवार सुबह महिला को लोगों ने झाड़ू लगाते देखा था, इसलिए अंदाजा लगाया जा रहा है कि घटना दोपहर के समय हुई है।

सभासद पूनम के पति सचिन ने बताया कि दंपति की कोई संतान नहीं थी। उन्होंने एक बच्ची को गोद लिया था, जिसकी करीब आठ माह पहले जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव अकबरपुर में शादी की गई थी। बेटी और दामाद के दिल्ली में रहने की जानकारी मिली है। जब पुरुषोत्तम स्वस्थ थे तो वे खरबूजा और तरबूज के बीज की खरीद-फरोख्त का काम करते थे। लकवा मारने के बाद से वे बिस्तर पर ही थे। बेड के पास दीवार में बनी अलमारी खुली मिली और सामान नीचे बिखरा पड़ा था। दोनों अलमारियां खुली थीं और घर का सामान अस्त-व्यस्त हालत में मिला।

मोहल्ले वालों के अनुसार, पुरुषोत्तम के बड़े भाई शंभू की लगभग 25 वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। परिवार में उनका भतीजा राजेंद्र ही बताया जा रहा है।

# द ग्रेट खली ने किया एसआरएस ग्लोबल स्कूल स्पोर्ट्स डे का शुभारंभ

संवाददाता फर्रुखाबाद



भाजपा नेता सचिन यादव से बात करते पहलवान खली। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अंगूरीबाग स्थित एसआरएस ग्लोबल स्कूल में आयोजित वार्षिक स्पोर्ट्स डे कार्यक्रम उस समय खास बन गया, जब विश्वप्रसिद्ध रेसलर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करने वाले द ग्रेट खली मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उनके आगमन पर विद्यालय परिसर में बच्चों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत समारोह से हुई, जहां पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह यादव तथा उनके पुत्र भाजपा नेता सचिन सिंह यादव ने पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर द ग्रेट खली का सम्मान किया। विद्यालय प्रबंधन और स्टाफ ने पारंपरिक तरीके से अतिथियों का अभिनंदन किया। अपने संबोधन में द ग्रेट खली ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं और यह केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि मन और व्यक्तित्व को भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण और नियमित अभ्यास की महत्ता समझाते हुए कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो तो सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।

स्पोर्ट्स डे के अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा मार्च पास्ट, दौड़, लंबी कूद, रिले रेस, कबड्डी और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भी कार्यक्रम में रंग भर दिया।

पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि खेलों से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। वहीं सचिन सिंह यादव ने विद्यालय की व्यवस्थाओं और विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, स्थानीय गणमान्य नागरिक और शिक्षक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया।

# इटावा-बरेली हाईवे पर ट्रैक्टरों की भिड़ंत में युवक की मौत, एक गंभीर

संवाददाता फर्रुखाबाद

**28** वर्षीय धीरेंद्र की मौत से मचा कोहराम

**अमृत विचार।** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में इटावा-बरेली हाईवे पर देर रात दो ट्रैक्टरों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ट्रैक्टर सवार युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया है।

मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हरकमपुर निवासी 28 वर्षीय धीरेंद्र कुमार उर्फ धीरू, पुत्र अवधेश सिंह, अपने साथियों 23 वर्षीय दीपक, पुत्र रामवीर सिंह तथा सुखेंद्र, पुत्र प्रेम सिंह के साथ ट्रैक्टर पर आलू लादकर फर्रुखाबाद स्थित एसआर कोल्ड स्टोरेज जा रहे थे। जब उनका ट्रैक्टर इटावा-बरेली हाईवे पर पीपर गांव चौराहे से लगभग 100 मीटर आगे पहुंचा, तभी सामने से आ रहे दूसरे ट्रैक्टर ने तेज रफ्तार व लापरवाही से टक्कर मार दी। इस हादसे में धीरेंद्र कुमार और दीपक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को निजी वाहन से डॉ. राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक एन. हुड्डा ने धीरेंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया। शव को मोर्चरी में रखवाकर, मृतक के बड़े भाई धर्मेंद्र कुमार की सूचना पर उप निरीक्षक आशु यादव ने पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल दीपक की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गैंगस्टर सुखवीर पर प्रशासन ने की कार्रवाई, 1.75 करोड़ की संपत्ति कुर्क

संवाददाता कायमगंज



कुर्की नोटिस पढ़ते कोतवाली प्रभारी मदन मोहन चतुर्वेदी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रशासन ने गैंगस्टर जुबैर के सहयोगी सुखवीर पर भी कार्रवाई की तलवार चला दी है। गैंगेस्टर सुखवीर की गैंगस्टर एक्ट के तहत एक करोड़ 75 लाख 44 हजार 622 रुपये की चल-अचल संपत्ति कुर्क कर ली है।

गुरुवार को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देश पर तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर और कोतवाली प्रभारी मदन मोहन चतुर्वेदी भारी पुलिस बल के साथ रुटौल पहुंचे। यहां उन्होंने कुर्की की कार्रवाई शुरू की। पुलिस जांच में सामने आया है कि रुटौल निवासी सुखवीर अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर फर्जी फर्म संचालित करता था। यह गिरोह फर्जी जीएसटी नंबर और जाली ई-वे बिल का उपयोग कर बड़े पैमाने पर कर चोरी करता था और अवैध रूप से धन अर्जित करता था। वर्तमान में सुखवीर जेल में बंद है और उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।कुर्क की गई संपत्ति में सुखवीर के ट्रक और एक बाइक शामिल है, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 63.41 लाख रुपये है। इसके अतिरिक्त, उसके बैंक खातों में जमा 2.03 लाख रुपये, रुटौल स्थित 45 लाख रुपये की कृषि भूमि और 65 लाख रुपये की आवासीय भूमि को भी कुर्क किया गया है।

- सुखवीर पर फर्जी फर्मों के माध्यम से कर चोरी का आरोप है

# शांति व्यवस्था भंग करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जहानगंज थाने में आगामी होली और रमजान पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

अधिकारियों ने बैठक में कहा कि दोनों पर्व आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव के प्रतीक हैं। उन्होंने सभी लोगों से मिल-जुलकर त्योहार मनाने और किसी भी प्रकार के विवाद से बचने की अपील की। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी और त्योहारों के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे।

सीओ अमृतपुर अजय वर्मा ने बताया कि प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया। उन्होंने चेतावनी दी कि शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

थानाध्यक्ष राजेश राय ने स्पष्ट किया कि जबरन रंग डालना, डीजे की तेज आवाज, हुड़दंग या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले कृत्य बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने सभी समुदायों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। बैठक में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने पर भी चर्चा हुई। अंत में, उपस्थित सभी लोगों ने क्षेत्र में शांति एवं भाईचारे की परंपरा बनाए रखने का संकल्प लिया।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने भरे नमूने, रंगीन कचरी कराई नष्ट

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



खाद्य कारोबारी की दुकान पर जांच करती टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** होली पर्व पर जनपद में आमजन को शुद्ध,ताजे तथा गुणवत्तापरक खाद्य तथा पेय पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने एवं मिलावट पर प्रभावी अंकुश लगाने को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से अभियान चलाया गया। इस दौरान रंगीन कचरी, खोया समेत तीन नमूने लेकर जांच को भेजे गए। वहीं भारी मात्रा में रंगीन कचरी को सीज व नष्ट कराने की कार्रवाई की गई।

गुरुवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों अनिल कुमार राठौर एवं विमलेश कुमार ने कन्नौज नगर पालिका क्षेत्र में रोडवेज बस स्टेशन के समीप स्थित पटेल किराना स्टोर से रंगीन कचरी का नमूना लिया। उसके उपरांत मेहंदी घाट पर जनपद हरदोई की ओर से आ रहे मिलावटी पनीर की रोकथाम हेतु चेकिंग की। जसोदा स्थित श्री बालाजी मिष्ठान भंडार से खोए का नमूना, प्रमोद कुमार के प्रतिष्ठान से रंगीन बर्फी का नमूना लिया। इसी क्रम में 50 किग्रा रंगीन कचरी सीज एवं दूषित व खराब 75 किग्रा रंगीन कचरी खाद्य कारोबारकर्ता की सहमति से नष्ट कराई गई। लगभग 16 बोरी कचरी व नमकीन तथा तीन गत्ते कनफेक्शनरी जसोदा पुलिस चौकी में तहरीर देकर नियमानुसार संरक्षित रखी गई। सभी खाद्य कारोबारकर्ता को शुद्ध खाद्य पदार्थों की बिक्री किए जाने के कड़े निर्देश दिए गए।

**16** बोरी कचरी व नमकीन पुलिस चौकी में रखवाई

# अनियंत्रित कार की टक्कर से तीन लोग घायल, रेफर

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार ने बुधवार रात करीब 10 बजे मोटरसाइकिल को पट्टी गांव के सामने टक्कर मार दी। इससे उस पर सवार तीन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज तिर्वा में भर्ती कराया। घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत सैफई रेफर किया गया।

मोटरसाइकिल पर सवार बोवी पुत्र तरगपाल, अजीत पुत्र पोखर लिह और सौरभपुत्र मिलाप निवासीगण चौहानपुरवा, थाना सौरिख, जनपद कन्नौज एक दावत से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। तीनों को सैफई मिनी पीजीआई से कानपुर रेफर कर दिया गया। सौरभ की हालत ज्यादा गंभीर बताई गई है।

# शौचालय व नाला पर रखी अवैध दुकान, नगर पंचायत ने हटवाई

संवाददाता सौरिख



अतिक्रमण हटवाते नगर पंचायत कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शौचालय के सामने एवं नल पर दुकान रखकर किया गया अवैध कब्जा नगर पंचायत की ओर से हटवा दिया गया। इससे पहले संबंधित को खुद हटाने का नोटिस दिया गया था लेकिन उसके ऐसा न करने पर कार्रवाई की गई।

नादेमऊ चौराहे पर नगर पंचायत द्वारा एक सुलभ शौचालय का निर्माण कराया गया था। वर्मादीन कठेरिया नामक व्यक्ति ने अवैध रूप से एक लकड़ी की दुकान शौचालय की जमीन पर रखकर सामने बने नाले पर अतिक्रमण कर लिया था। इससे आम जनमानस को शौचालय जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उनकी शिकायत पर नगर पंचायत में 10 अक्टूबर 2025 को उपरोक्त व्यक्ति को नोटिस देकर 7 दिन में अवैध कब्जा हटाने को कहा गया था। अवैध कब्जा न हटाने तथा कोई अनुमति पत्र न दिखाने के चलते गुरुवार दोपहर नगर पंचायत कर्मियों ने अवैध रूप से रखे अतिक्रमण को पूरी तरह हटा दिया।

- दस अक्टूबर को नोटिस दिया था अब की गई कार्रवाई
- आम जनमानस को शौचालय जाने में परेशानी हो रही थी

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

**आयोजन** | जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में जिले की प्रभारी मंत्री ने की बच्चों के मॉडलों की सराहना

# स्मार्ट सिटी का मॉडल अव्वल, छात्र रंजीत को मंत्री ने किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



रंजीत को सम्मानित करतीं मंत्री रजनी तिवारी, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया व अन्य।

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के तहत जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता हुई। प्रदर्शनी में आठों विकास खंड क्षेत्र की क्विज प्रतियोगिता के विजेता 05-05 छात्र-छात्राओं ने मॉडल/प्रोजेक्ट बनाकर प्रतिभाग किया। जिसमें जलालाबाद ब्लॉक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय फतेहपुर जसोदा के कक्षा 08 के छात्र रंजीत ने पहला स्थान प्राप्त किया। रंजीत ने स्मार्ट सिटी का मॉडल बनाया जिसे खूब सराहना मिली।

बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में सदर ब्लॉक क्षेत्र के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बेहरिन की कक्षा 07 की छात्रा प्रिया वर्मा का दूसरा स्थान आया। प्रिया ने डिजास्टर मैनेजमेंट सिस्टम का मॉडल बनाया।

यूपीएस चचियापुर, विकास खंड तालग्राम की कक्षा 07 के छात्र प्रांशू ने वायरलेस चार्जिंग सिस्टम का मॉडल बनाकर तीसरा स्थान पाया। छिबरामऊ के कंपोजिट विद्यालय रामखेड़ा के कक्षा 08 के छात्र अंशुल ने एंटी कोलिजन सिस्टम बनाया और चौथा स्थान प्राप्त किया।

हसेरन के यूपीएस निजामपुर द्वितीय के कक्षा 08 के छात्र देव का पांचवां स्थान आया। देव ने किचन सेफ्टी अलार्म सिस्टम का मॉडल पेश किया।

जिले की प्रभारी व उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने बच्चों के मॉडलों की सराहना की। विजेता पांचों छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, एडीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, एडीएम देवेंद्र सिंह, एएसपी अजय कुमार व सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने टैबलेट, मोमेंटो, प्रमाण पत्र, स्टेशनरी किट, बैग, साइंस किताब देकर सम्मानित किया।

### क्विज प्रतियोगिता में हसेरन की टीम बनी विजेता

- जनपद स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली सभी ब्लॉकों की टीम से 10-10 प्रश्न पूछे गए। समान अंक प्राप्त करने वाली विद्यार्थियों की टीमों से द्वितीय चरण में पुन: 05-05 प्रश्न पूछे गए जिसमें सर्वाधिक सही उत्तर देने पर हसेरन विकास खंड टीम विजेता हुई। हसेरन से देव, सपना, श्रद्धा, प्रतिमा, पलक को विज्ञान किट, मोमेंटो, बैग, प्रमाण पत्र, सांइस किताब, स्टेशनरी किट प्रदान कर डायट प्राचार्य डॉ. अमित कुमार एवं बीएसए ने सम्मानित किया। जनपद नोडल शिक्षक आशुतोष दुबे ने बताया कि प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र- छात्राओं के नाम राज्य स्तर पर भेजे जाएंगे। निर्णायक समिति में डायट प्रवक्ता अनुज कुमार व यूपीएस हैवतपुर कटरा की सहायक अध्यापक स्नेहलता द्विवेदी ने संचालन किया। इस मौके पर बीईओ मधुलिका बाजपेयी, मीडिया प्रभारी शरद मिश्र, डीसी गौरव दीक्षित, रोहित तिवारी, शैलेंद्र सिंह, एआरपी दिनेश कुमार व मंजेश पटेल उपस्थित रहे।

# प्रथम वार्षिकोत्सव पर हवन पूजन, व भजन संध्या होगी

**कन्नौज।** ऐतिहासिक सिद्धपीठ नगर कोटि एवं पीताम्बरा मां के मंदिर प्रांगण में राधा, बांकेबिहारी एवं भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापना के प्रथम वार्षिकोत्सव पर 6 मार्च शुक्रवार को हवन पूजन, भण्डारा प्रसाद एवं कीर्तन भजन संन्ध्या का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग आएंगे।

आयोजक आशा परिवार के अनुसार प्रातः 10 बजे से हवन पूजन शुरू होगा जो दोपहर 1 बजे तक चलेगा। दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक भण्डारा एवं प्रसाद वितरण होगा। सायं 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक कीर्तन एवं भजन सन्ध्या के माध्यम से भक्ति धारा बहेगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में ऊक्त मौजूद रहेंगे।

न्यूज ब्रीफ

## परशुराम सेवा समिति की बैठक एक मार्च को

**इकदिल।** परशुराम सेवा समिति की बैठक एक मार्च रविवार को प्रात: 10 बजे प्रदेश कार्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में होगी। उक्त जानकारी देते हुए परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट व प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी ने बताया कि बैठक में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित करने, परशुराम जन्मोत्सव मनाये जाने, औरैया में रक्तदान शिविर आयोजित किये जाने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने परशुराम सेवा समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से बैठक में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है।

## वट वृक्ष धाम मंदिर कचहरी में होली मिलन समारोह आज

**इटावा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कचहरी परिसर स्थित वट वृक्ष धाम मंदिर पर विशाल होली मिलन समारोह आज 27 फरवरी को संपन्न होगा। उक्त जानकारी डीबीए के पूर्व उपाध्यक्ष मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित ने दी। उन्होंने बताया कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री उमेश दीक्षित, अवधेश तिवारी, शासकीय अधिवक्ता शिवकुमार शुक्ला, पूर्व प्रत्याशी अध्यक्ष पद के प्रवल प्रताप सिंह उपस्थित रहेंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश चंद्र दुबे, अधिवक्ता महेश चन्द्र, मनोज कुमार दुबे, राजीव तिवारी, संजय दुबे, असित कुमार, सोरभ यादव के अलावा हाकिम सिंह राजपूत, आदिने समस्त अधिवक्ताओ, न्याय अधिकारियों, बादकारियों तथा कचहरी आने वाले समस्त लोगों से आग्रह किया है कि वह दोपहर एक बजे कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

## निमन्त्रण से घर लौट रहे युवक को पीटा

**भरथना।** कस्बाा के एक मोहल्ले में निमन्त्रण से घर वापस आ रहे एक युवक को एक नामजद व तीन अज्ञात लोगों ने मारपीट कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी. पीड़ित की तहरीर पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कस्वा के मोहल्ला ब्रजराज नगर के रजत पुत्र रमेश चन्द्र ने राजानागर व तीन अज्ञात व्यक्तियों पर आरोप लगाया है कि मैं बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे कस्वा के मोहल्ला अम्बेडकर नगर में निमन्त्रण खाने गया था. लौटते समय एक मंदिर के समीप से बाइक पर सवार होकर आ रहा था तभी नामजद व तीन अज्ञात साथियों में मुझ पर हमला कर दिया. सिर पर पत्थर की पाटिया उठा कर पटक दी. जिससे मेरे सिर में चोट आई. लोगो के आ जाने पर सभी हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये. पीड़ित की तहरीर पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चोरी के मामले में दस माह की सजा

**इटावा।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दो साल पुराने चोरी के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया और उसे दस माह की सजा व एक हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया। भरथना थाना पुलिस ने वर्ष 2023 को अनुप कुमार उर्फ बउआ पुत्र प्रकाश नारायण निवासी सण्डलपुर थाना लवेदी को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया था। छावीन के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे। कोर्ट में सुनवाई के बाद साक्ष्यों के आधार पर उसे दोषी पाया गया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे 10 माह का साधारण कारावास व एक हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# डंपर से भिड़ी बस, परिचालक घायल

## खाली स्लीपर बस दिल्ली से सवारियां लेने जा रही थी तभी हुआ हादसा

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार अलसुबह करीब चार बजे बनारस से दिल्ली की ओर त्योहार पर सवारियां लेने खाली जा रही एक स्लीपर बस नगर स्थित बस स्टैंड ओवरब्रिज पर आगे चल रहे डंपर से टकरा गई। टक्कर बस के अगले हिस्से में लगी, जिससे परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

बताया गया है कि एक स्लीपर बस वुधवार की रात को बनारस से सवारियां लेने के लिए दिल्ली जा रही थी। जब वह जसवंतनगर क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर ओवर ब्रिज के पास पहुंची तभी बस अचानक आगे जा रहे डंपर से टकरा गई। इस हादसे में बस में सवार परिचालक घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। केंद्र अधीक्षक डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने घायल शिवम चौहान पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी अकबरपुर थाना मालवन जनपद एटा को प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक हालत देखते हुए सैफई पीजीआई के लिए रेफर कर दिया। हादसे के बाद ओवरब्रिज पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। थानाध्यक्ष कमल भाटी और हाईवे इंसिडेंट मैनेजर सुनित चौहान ने मौके पर पहुंचकर बस को क्रेन की मदद से हटवाया और सर्विस रोड पर खड़ा कराया, जिससे आवागमन सुचारु हो सका।

**वहीं** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत हरचन्द्रपुरा बम्बा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से दो युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत हरचन्द्रपुरा बम्बा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक अजय 20 वर्ष व हरिश्चंद्र 28 वर्ष निवासीगण चौगान सिविल लाइन घायल हो गये।

### बेटे की मौत पर पिता दर्ज कराया मुकदमा

**भरथना।** थाना क्षेत्र के रूरा सैफई लिंक रोड पर नगला शिबू के समीप 19 फरवरी की शाम दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई थी, जिस पर पिता ने एक बाइक चालक पर तेजी तथा लापरवाही से चलते हुए टक्कर मारने का आरोप लगाया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना ऊसराहार क्षेत्र के गांव विशनपुर ताखा निवासी मनोज कुमार पुत्र तिलक सिंह ने एक बाइक तथा उसके अज्ञात चालक पर आरोप लगाते हुए बताया है कि मेरा बेटा अनिकेत 19 फरवरी की शाम को सड़क किनारे बाइक खड़ी कर अपने दोस्त रितिक से बात कर रहा था तभी पीछे से एक अज्ञात बाइक चालक आया जिसने लापरवाही व तेजी से चलाते हुए तथा बिना हॉर्न बजाएं मेरे बेटे तथा उसके दोस्त को जोरदार टक्कर मार दी जिससे मेरे बेटे को गंभीर चोटें आई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। साथी मेरे बेटे के दोस्त रितिक का इलाज अब भी इटावा के निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### बाइक की टक्कर से महिला जख्मी

**महेवा।** थाना बकेवर क्षेत्र के बहेड़ा के पास तेजी से आ रही बाइक ने एक महिला को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद बाइक सवार भाग निकले। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पुरावली निवासी विजय सिंह पुत्र गंगाराम अपनी पत्नी सुनीता देवी के साथ रिश्तेदारी से वापस घर लौट रहे थे। जब वे ठंडी कुईया बहेड़ा के पास पहुंचे तभी बाइक सवार युवकों ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में सुनीता गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। घायल महिला को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार कराया गया।

## ट्रक डिवाइडर से टकराया, चालक परिचालक जख्मी

**जसवंतनगर।** गुरुवार दोपहर को थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर पत्थर लदा 22 चक्का ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा उस समय हुआ जब ट्राला ट्रक राजस्थान से पत्थर लेकर बिहार की ओर जा रहा था। जसवंतनगर से इटावा की दिशा में बढ़ते समय थाना क्षेत्र के ग्राम नगला कन्हई गांव के पास अज्ञात वाहन को ओवरटेक करने के दौरान हाईवे के डिवाइडर से टकराकर ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक केबिन में फंस गया। हाईवे पेट्रोलिंग कर रहे इंसिडेंट मैनेजर सुनित चौहान मौके पर पहुंचे और पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे थाना अध्यक्ष कमल भाटी ने केबिन में फंसे चालक को आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। हादसे में चालक व परिचालक दोनों गंभीर घायल हो गए। घायलों की पहचान 28 वर्षीय साजिद पुत्र हुसैन व 25 वर्षीय इमरान निवासी राजस्थान के रूप में हुई है। दोनों घायलों को तत्काल एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल मोतीझील भेजा गया। हादसे के चलते हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने हाइड्रा द्वारा क्षतिग्रस्त ट्रक सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने की छापेमारी

- दो हजार लीटर मिलावटी तेल किया गया सीज
- भारी मात्रा में पकड़े गये रंगीन चिप्स को भी कराया गया नष्ट

संवाददताता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार।** होली से पहले मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नगर की सब्जी मंडी में छापेमारी की। कार्रवाई की भनक लगते ही कई संदिग्ध दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें बंद कर मौके से खिसक गए, जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। कई दुकानदार अपनी अपनी दुकानें बंद करके इधर उधर भाग निकले। वहीं छापे के चलते बाजार में हड़कंप की स्थिती बनी रही।

छापेमारी के दौरान लालू ट्रेडर्स इंटरप्राइजेज की दुकान से रंगीन चिप्स बरामद की गईं। टीम ने मौके पर ही उन्हें जब्त कर हाईवे पर ले जाकर नष्ट कराया। इसके अलावा विनोद कुमार जैन की दुकान से मिलावटी तेल का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। करीब दो हजार लीटर तेल को सीज करने की कार्रवाई भी की गई। खाद्य सुरक्षा सहायक आयुक्त राजेश द्विवेदी ने बताया कि प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी। अभियान में थानाध्यक्ष कमल भाटी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी मृत्युंजय कुमार, राकेश कुमार और गायत्री ने भी कार्रवाई में सहयोग किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहार के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा।

# उद्योग व्यापार मंडल ने समस्याओं को लेकर सांसद को दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददताता इटावा



सांसद जितेंद्र दोहरे को ज्ञापन देते व्यापारी नेता कृष्ण मुरारी गुप्ता व अन्य व्यापारी।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सांसद इटावा जितेंद्र दोहरे को दिया। ज्ञापन में वर्तमान समय में ऑनलाइन व्यापार के अनियंत्रित एवं असंतुलित विस्तार के कारण देश के छोटे एवं मध्यम व्यापारियों का व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

उन्होंने बताया कि कम्पटीशन एक्ट 2002 की धारा 3 एवं 4 के अंतर्गत प्रतिस्पर्धा-विरोधी समझौते एवं प्रभुत्व के दुरुपयोग पर प्रतिबंध है, किंतु व्यवहार में प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म द्वारा भारी छूट, चयनात्मक विक्रेताओं को प्राथमिकता तथा एल्गोरिदम आधारित मूल्य निर्धारण से असमान प्रतिस्पर्धा उत्पन्न हो रही है। विदेशी पूंजी के बल पर अत्याधिक छूट एवं घाटे में बिक्री से छोटे एवं मध्यम व्यापारियों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता प्रभावित हो रही है। व्यापारियों ने मांग की कि वाणिज्य मंत्रालय, एवं उपभोक्ता मंत्रालय के मध्य एक संयुक्त नियामक तंत्र का गठन किया जाए। मूल्य निर्धारण नीतियों पर सीसीआई द्वारा निगरानी एवं पूर्व स्वीकृति व्यवस्था लागू की जाए। पंजीकृत छोटे व्यापारियों को आयुष्मान जैसी स्वास्थ्य बीमा योजना एवं आपदा राहत सहायता प्रदान की जाए। यदि समय रहते इस विषय पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो देश का पारंपरिक व्यापार एवं स्वरोजगार गंभीर संकट में आ जाएगा। ज्ञापन देने वालों में जिला महामंत्री सदाशिव श्रीवास्तव, विनीत अग्रवाल, अखिलेश शर्मा, राजेश अग्रवाल, संतोष सोनी, लाइन पार अध्यक्ष शिव शरण गुप्ता, राजीव अग्रवाल, गिरिजा शंकर गुप्ता, कपिल गुप्ता, रिंकू यादव, गुड्डी वाजपेजी, अरुण मिश्रा, आनंद पोरवाल, राधा कृष्ण आदि मौजूद रहे।

## ऑटो में सफ़र कर रही महिला के बैग से जेवर गायब

**भरथना।** थाना क्षेत्र के भरथना ऊसराहार मार्ग पर ऑटो में सफ़र कर रही एक महिला के बैग में रखे बच्चे के हाथ के खडूए तथा एक जोड़ी चांदी की पायल गायब हो गयी। जब महिला को जानकारी हुई तब उसके साथ सफ़र कर रही महिला गायब थी, जिस पर महिला ने चोरी करने का शक जताया है।

औरैया के थाना एरवाकटरा के गांव शेखुपुर निवासी अंशु ने जानकारी देते हुए बताया कि मैं भरथना से एक जोड़ी चांदी की पायल तथा बच्चे के हाथ के खडुए खरीदकर भरथना से अपने गाँव एरवाकटरा जा रही थी तभी गांव ऊमरसेडा के समीप मेरे बैग से दोनों चीजें गायब थी। साथ ही एक महिला जो साथ में सफ़र कर रही थी वो भी कुछ ही देर पहले ऑटो से उतर चुकी थी। पीडिता ने महिला पर चोरी का शक जताया है। समाचार लिखे जाने तक पीड़िता के द्वारा थाना पुलिस को घटना की जानकारी नहीं दी गयी थी।

# टीईटी अनिवार्यता को लेकर शिक्षकों में आक्रोश

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** टीईटी अनिवार्यता को लेकर शिक्षक आक्रोशित हैं। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ व उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने गुरुवार को हंगामी प्रदर्शन किया। जुलूस निकाला और ज्ञापन भी दिया।

गुरुवार को शिक्षकों का यह जुलूस जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय से शुरु हुआ। इसमें टीईटी अनिवार्यता से शिक्षकों को मुक्त रखने की अपील करते हुए इसे वापस लेने के लिए नारे भी लगाए गए। शहर की विभिन्न सड़कों से गुजरकर यह जुलूस कचहरी पहुंचा और वहां प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र कुमार को दिया गया। इसमें पहले से नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखने की मांग की गई है।

जुलूस से पहले बीएसए कार्यालय में घरने में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनोद यादव ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की पात्रता से छूट दी गई थी। अब अचानक बिना किसी नोटिफिकेशन और राज्य सरकारों को संज्ञान में लाए बिना आरटीई एक्ट में संशोधन कर दिया गया। इसके आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर 2025 के निर्णय से सभी शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता लागू कर दी। उन्होंने कहा कि यह नैसर्गिक न्याय के विरूद्ध है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष गौरव पाठक ने कहा कि वर्तमान सरकार जिसके लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है उसके शासन में टीईटी के नाम पर शिक्षकों की रोजी रोटी छिनने की नौबत आ गई है। यह हम सभी के लिए दुखद है।

## आजाद का बलिदान दिवस आज

**इटावा।** चंबल संग्रहालय, पंचनद द्वारा अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद के बलिदान दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन आगामी 27 फरवरी को लाल सेना स्मारक लोहिया खुर्द में किया जाएगा।

बैठक को संबोधित करते हुए चंबल संग्रहालय के निदेशक चन्द्रोदय सिंह चौहान ने कहा कि अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद के क्रांतिकारी विचारों से नई पीढ़ी को जोड़ने के लिए सतत प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने बलिदान दिवस समारोह की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की। क्रांतिकारी लेखक डॉ. शाह आलम राणा ने सभी से बलिदान दिवस समारोह को ऐतिहासिक बनाने की अपील की। आयोजन समिति से जुड़े डीके सिकरवार ने जानकारी दी कि अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद बलिदान दिवस के अवसर पर लाल सेना स्मारक, लोहिया खुर्द में प्रातः 10 बजे से वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए दर्जनों टीमों से संपर्क किया गया है।

# भंडार गृह में दूसरे की कापी लिखती मिली युवती

संवाददताता भरथना इटावा



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

- अधिकारियों के पहुंचने पर भंडार गृह की चाबियां छिपाने की कोशिश
- श्री बांके बिहारी इंटर कालेज लुखरियाई परीक्षा केंद्र का मामला

**अमृत विचार।** श्री बांके बिहारी इंटर कालेज लुखरियाई परीक्षा केंद्र पर एक युवती दूसरी छात्रा की कॉपी एक बंद कमरे में लिखती हुई रंगे हाथों पकड़ी गई। बोर्ड परीक्षा में स्टेटिक मजिस्ट्रेट बनाये गये डॉ. ओम पाण्डेय ने थाना भरथना पर क्षेत्र के गांव नगला ताल निवासी युवती अर्पिता उर्फ़ सोनिया उर्फ़ मुस्कान उर्फ़ सान्या, छात्रा प्राची यादव तथा सह केंद्र व्यवस्थापक संदीप कुमार पर मामला दर्ज कराया है।

शाम करीब 4 बजे निरीक्षण करने पहुंचे तहसीलदार को परीक्षा केंद्र के पिछले हिस्से में बने एक भंडार कक्ष पर शक हुआ। जब उस भंडार कक्ष का दरवाजा खुलवाने की बात कही गई तो मौके पर मौजूद केंद्र व्यवस्थापक द्वारा चाबी भी उपलब्ध नहीं कराई जा सकी। जिस पर मौके पर मौजूद टीम द्वारा किसी तरह उस कमर का गेट खोला गया। कमरे का दरवाजा खुलने पर अन्दर एक युवती बिना किसी सीसीटीवी की निगरानी में यूपी बोर्ड परीक्षा कक्षा 12 की रसायन विज्ञान की उत्तर पुस्तिका लिखती हुई पाई गई। मौके पर मौजूद अधिकारियों द्वारा युवती को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। युवती के पास से एक प्रवेश पत्र तथा उत्तर पुस्तिका भी मिली जिस पर छात्रा का नाम प्राची यादव अंकित था। सूचना मिलते ही एसडीएम भरथना काव्या सी मौके पर पहुंची और मामले के सम्बन्ध में जानकारी करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही मौके पर मौजूद स्टेटिक मजिस्ट्रेट डॉ. ओम पाण्डेय तथा उनकी टीम द्वारा जांच पड़ताल करते हुए सारी औपचारिकताएं पूर्ण की गई। विदित हो कि निरीक्षण के दौरान अन्य कमरों के सीसीटीवी कैमरे भी बंद पाए गए है। जिसके चलते परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक पर भी सवाल खड़े हो रहे है। एक साथ कैमरों का बंद होना कहीं ना कहीं बड़ी लापरवाही की ओर इशारा कर रहा है।

जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा तहसीलदार द्वारा निरीक्षण के दौरान एक युवती परीक्षा केंद्र के एक बंद कमरे में किसी अन्य छात्रा की उत्तर पुस्तिका लिखती हुई मिली. कमरे का दरबाजा बाहर से बंद था. अंदर पहुँचने पर देखा गया कि एक युवती बंद कमरे में पेपर लिख रही थी. साथ ही कमरे में कोई कैमरा भी नही पाया गया. जिसके चलते स्टेटिक मजिस्ट्रेट द्वारा तीन लोगों के विरुद्ध थाना भरथना पर मामला दर्ज कराते हुए परीक्षा केंद्र को डिबार करने की कार्यवाही की जा रही है. ताकि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति ना हो सके।

# नारायन कालेज के 14 छात्रों का हुआ चयन

कार्यालय संवाददताता इटावा



कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव के चयनित छात्र व छात्राएं।

- कालेज में हुआ कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन

**अमृत विचार।** नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में बीबीए व बीसीए के छात्र/छात्राओं के लिये कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन कराया गया जिसमे स्मार्ट डेकोर कम्पनी ने नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स कैम्पस में उपस्थित होकर छात्र/छात्राओं का चयन लिखित एवं मौखिक परीक्षा के द्वारा किया।

नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के वाइस चेयरमैन इं. अंकित तिवारी उपस्थित रहे तथा लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को साक्षात्कार कैसे फेस किया जाये के बारे में बताया, जिससे अधिक से अधिक छात्र/छात्राओं का चयन हो सके। नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के प्राचार्य योगेश कुमार ने कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव के लिये छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित किया और दोनों परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुये चयनित छात्र/छात्राओं को बधाई दी और कहा कि नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ऐसे कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव आने वाले वर्षो में निरन्तर कराता रहेगा, जिससे नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के छात्र/छात्राये अपने उन्नत भविष्य का निर्माण कर सकें। कैम्पस प्लेसमेन्ट में कुल 50 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमे कम्पनी द्वारा 14 छात्र छात्राओं को चयनित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल वनाने में बीबीए विभागाध्यक्ष अनुरूद यादव, योगेश वर्मा, स्वेता सिह, सुमन लता, बीसीए विभागाध्यक्ष राहुल पाल, ईशा, अभिशेक मिश्रा, जयन्त यादव, योगीराज पुरवार व चन्द्र कुमार विशेष योगदान दिया।

खेल के मैदान से

वार्षिक क्रीड़ा समारोह का हुआ समापन, छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम

# 100 में शिवकुमार व 400 मीटर दौड़ में प्राची अव्वल

संवाददताता बकेवर इटावा



प्रमाणपत्र के साथ छात्र छात्राएं व कालेज का स्टाफ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनता कॉलेज बकेवर में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा समारोह के द्वितीय दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रो. डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने प्रतिभागी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छात्र जीवन में खेलकूद का विशेष महत्व होता है। अध्ययन और खेलकूद के मध्य सामंजस्य से ही छात्र का सर्वांगीण विकास संभव है। द्वितीय दिवस की प्रतियोगिताएं क्रीड़ा अधीक्षिका डॉ. ज्योति भदौरिया, सह क्रीड़ा प्रभारी डॉ. योगेश शुक्ला, डॉ. आनंद सिंह तथा क्रीड़ा प्रशिक्षिका मीनू त्रिपाठी के निर्देशन में प्रारंभ हुईं। विजेता छात्र छात्राओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

कॉलेज कर्मचारि्यों की 100 मीटर दौड़ में शिवकुमार प्रथम, रितेश कुमार बाथम द्वितीय तथा मनोज कुमार दीक्षित तृतीय स्थान पर रहे।

छात्राओं की 400 मीटर दौड़ – प्राची (बीएससी षष्ठम सेमेस्टर गणित) प्रथम, अनामिका (बीएससी षष्ठम सेमेस्टर बायो) द्वितीय तथा ऋचा यादव (बीएससी कृषि चतुर्थ सेमेस्टर) तीसरे स्थान पर रहीं। लंबी कूद – प्राची प्रथम, श्वेता (बीएससी द्वितीय सेमेस्टर बायो) द्वितीय, अंजलि (बीएससी द्वितीय सेमेस्टर बायो) तृतीय रही। 800 मीटर दौड़ – प्राची प्रथम, श्वेता द्वितीय, गोल्डी (बीएससी द्वितीय सेमेस्टर बायो) तृतीयस्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद – मोहिनी (बीएससी द्वितीय सेमेस्टर बायो) प्रथम, उपासना (बीएससी षष्ठम सेमेस्टर) द्वितीय, कल्कि (बीएससी द्वितीय सेमेस्टर बायो) तीसरे स्थान पर रही। छात्र वर्ग के भाला फेंक – हिमांशु (बीएससी कृषि षष्ठम सेमेस्टर) प्रथम, आदित्य राठौर (बीएससी कृषि षष्ठम सेमेस्टर) द्वितीय, सूर्य प्रताप सिंह (बीएससी कृषि चतुर्थ सेमेस्टर) तृतीय स्थान पर रहे। लंबी कूद – अभिषेक बाबू (बीएससी कृषि षष्ठम सेमेस्टर) प्रथम, अवनेंद्र सिंह द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 5000 मीटर दौड़ – वीर प्रताप सिंह (बीकॉम षष्ठम सेमेस्टर) प्रथम, राघवेंद्र (बीएससी षष्ठम सेमेस्टर) द्वितीय, अर्जुन कुमार (बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर) तृतीय स्थान पर रहे। ऊंची कूद – गोपाल (बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर) प्रथम, अजय सिंह (बीएससी कृषि अष्टम सेमेस्टर) द्वितीय, राघवेंद्र (बीएससी गणित चतुर्थ सेमेस्टर) स्थान पाया।

# ब्राहमण संगठन ने थाने का किया घेराव

संवाददताता बकेवर इटावा



थाना का घेराव करते ब्राहमण संगठन के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जानलेवा हमले के एक मामले में कई दिनों तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होने और कोई कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर ब्राह्मण संगठन के लोगों ने गुरुवार को बकेवर थाने पर आकर घेराव किया। प्रदर्शन करने आये करीब तीन सैकड़ा से अधिक लोग थाना के सामने नारेबाजी करने लगे।

बकेवर थाने पर घेराव करने आए संगठन के लोगों को पुलिस ने किसी अन्य स्थान पर चलकर बातचीत करने की के बहाने थाना के गेट से हटवा कर कस्बा के एक गेस्ट हाउस भिजवाया। वहां पहुंचकर थानाध्यक्ष ने घेराव करने आये संगठन के लोगों से बातचीत की। पुलिस के गिरफ्तारी को लेकर दो दिन का समय मांगने पर संगठन के लोगों ने समय देने की सहमति के बाद ही धरना व घेराव का मामला स्थगित हो गया। क्षेत्र के ग्राम गोपियापुर निवासी चंद्र मोहन पांडेय के साथ प्लाट से निकलने को रास्ता देने को लेकर पिछले माह उनके गांव कुछ लोगों ने जनलेवा हमला किया था जिसमें चन्द्र मोहन पांडेय गम्भीररूप से घायल हो गए थे। उनके प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने 6 नामजद व कुछ अज्ञात के विरुद्ध जनलेवा हमले के तहत मामला दर्ज किया था। लेकिन मामला दर्ज होने के करीब डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी पुलिस ने किसी आरोपी की कोई गिरफ्तारी नहीं की। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर ब्राह्मण समाज महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण दुबे सैकड़ों ब्राह्मण समाज के लोगों के साथ दोपहर थाना का घेराव व धरना देने पहुंचे। इस दौरान सीओ भरथना रामदवन मौर्य भी बकेवर थाना पर पहुंच गए। थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक भी उन लोगों से बातचीत करने कर आश्वासन दिया। इस पर प्रदेश अध्यक्ष अरुण दुबे ने किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी न होने की बात कही। इस पर पुलिस ने गिरफ्तारी के प्रयास किये जाने की बात कही और संगठन के लोगों से दो दिन का समय आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मांगा।

## दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**इटावा।** थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत सुंदरपुर हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार युवक की पांचवें दिन उपचार के दौरान मौत हो गई।

अमित कुमार 23 वर्ष विगत 22 फरवरी को अपनी बहन को दवा दिलाने जा रहा था तभी थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत सुंदरपुर हाईवे पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी जिसमें बहन पूनम की मौके पर ही मौत हो गई थी और अमित कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया था। घायल को उपचार के लिए सैफई मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था जहां पांचवे दिन उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना फ्रेंडस कालोनी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। घटना से मृतक के परिवार में मातम छा गया।

## न्यूज ब्रीफ

### विज्ञान दिवस पर 28 को कार्यक्रम

**औरैया।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 28 फरवरी शनिवार को प्रात: 10 :00 बजे से सहार स्थित स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज में जिला विज्ञान क्लब द्वारा वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला विज्ञान क्लब समन्वयक मोहित सिंह व उनकी टीम द्वारा द्वारा व्यापक संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों से संवाद कर छात्र-छात्राओं की अधिकतम प्रतिभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया जा रहा है। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 एवं उच्च कक्षाओं के सभी प्रतिभागियों के लिए विज्ञान क्विज, विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता, विज्ञान प्रयोग प्रदर्शन, पोस्टर प्रस्तुतीकरण, साइंसटून एवं भारतीय वैज्ञानिकों की जीवनी पर आधारित 2 मिनट की भाषण प्रतियोगिता आयोजित होगी।

### होली व ईद को लेकर थाना बेला में ग्राम प्रहरियों की बैठक

**बेला, औरैया।** आगामी होली और ईद त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना बेला परिसर में ग्राम प्रहरियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम ने की। बैठक में ग्राम प्रहरियों को त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थानाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि होली के अवसर पर गांवों में किसी भी प्रकार की अवैध शराब की बिक्री, जुआ या अन्य आपराधिक गतिविधियों की सूचना तत्काल थाना पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### 28 डेसिमल सरकारी भूमि कब्जा मुक्त

**बेला, औरैया।** राज्य सरकार की लगभग 28 डेसिमल बेशकीमती भूमि को कब्जा मुक्त करा दिया। कार्रवाई का नेतृत्व एसडीएम बिधूना गरिमा सोनकिया ने किया। बताया गया कि उक्त भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जे की शिकायत मिल रही थी। शिकायतों के आधार पर एसडीएम ने राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पैमाइश कराई। सीमांकन के बाद अवैध कब्जे को हटवाने की कार्रवाई की गई।

# पिता की हत्या में पुत्र को आजीवन कारावास की सजा

**10** वर्ष पुराने मामले में फैसला

**15** हजार रुपये का जुर्माना भी लगा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** थाना अयाना क्षेत्र के वर्ष 2016 में हुए बहुचर्चित हत्याकांड में अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास तथा 15 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अभियोजन के अनुसार घटना 18 मार्च 2016 की है। वादी रामनरेश कठेरिया पुत्र सुखलाल निवासी नवादा ज्वाला प्रसाद, अयाना ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके भाई रामऔतार (60) 18 मार्च की रात करीब 11 बजे रासलीला देखने गए थे, लेकिन वापस घर नहीं लौटे। अगली सुबह उनकी तलाश की गई तो गांव के ही रज्जन दुबे के खेत में आम के पेड़ के नीचे उनका शव पड़ा मिला। रामऔतार की चाकू मारकर हत्या की गई थी।

वादी ने इस मामले में गांव के अन्नू, शिववीर, हरेंद्र और अजीतमल निवासी लाल सिंह को नामजद किया था। हालांकि थाना अयाना पुलिस की विवेचना में नामजद व्यक्तियों की संलिप्तता नहीं पाई गई। जांच के दौरान मृतक के पुत्र परशुराम के खिलाफ साक्ष्य मिले, जिसके आधार पर उसके विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। 12 जुलाई 2022 को मामला अपर सत्र न्यायालय प्रथम में स्थानांतरित किया गया था। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंद्रभूषण तिवारी ने अदालत में पक्ष रखते हुए बताया कि आरोपी परशुराम गांव की एक महिला को अपने साथ ले गया था। इस पर उसके पिता रामऔतार ने आपत्ति जताते हुए महिला को उसके पति के पास वापस भेज दिया था। इसी बात से नाराज होकर परशुराम ने पिता की चाकू से हत्या कर दी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने आरोपी की वृद्ध मां और भाई की पत्नी का हवाला देते हुए न्यूनतम सजा देने की अपील की, लेकिन दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने परशुराम को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## छेड़खानी और जान से मारने की धमकी में अदालत ने सुनाई पांच साल की सजा

**औरैया।** दिबियापुर थाना क्षेत्र में छह साल पुराने एक मामले में न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए किशोरी से छेड़खानी और जान से मारने की धमकी देने के दोषी जितेंद्र कुमार उर्फ टार्जन को पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अदालत ने आदेश दिया है कि अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को प्रदान की जाएगी। विशेष लोक अभियोजक मुदुल मिश्र ने बताया कि घटना 10 दिसंबर 2012 की है। वादी ने दिबियापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 15 वर्षीय बेटी सुबह कोचिंग के लिए जा रही थी। उसी दौरान हरचंदपुर निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ टार्जन ने उसका हाथ पकड़कर अश्लील हरकतें कीं और उसे एक टावर के अंदर खींचने का प्रयास किया। जब छात्रा ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके मुंह पर तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी दी। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी तमंचा लहराते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने छेड़खानी और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम अखिलेश्वर प्रसाद मिश्र की अदालत में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से दोष सिद्ध होने पर कठोर दंड की मांग की गई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने दोषी को पांच वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, कुदरकोट (औरैया)

**अमृत विचार।** सड़क हादसे में घायल युवक की इलाजके दौरान मौत हो गई।

गांव धनवाली निवासी वीरेंद्र सिंह का 27 वर्षीय पुत्र कन्हैया कुमार पारिवारिक भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए गांव आया था। 16 फरवरी को तिलक कार्यक्रम जनपद इटावा के थाना भरथना थाना क्षेत्र के गांव बाहरपुरा में आयोजित था। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद देर रात करीब साढ़े बारह बजे कन्हैया कुमार अपने साथी गोलू के साथ बाइक से वापस धनवाली लौट रहे थे। जब वे कुदरकोट थाना क्षेत्र के इटावा-कन्नौज राज्यमार्ग पर स्थित आरमपुर गांव के पास पहुंचे, तभी बिधूना की ओर से इटावा की तरफ जा रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार कन्हैया और गोलू सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मिनी पीजीआई सैफई रेफर कर दिया। करीब 11 दिनों तक जीवन और मौत से जूझने के बाद आखिरकार उपचार के दौरान चिकित्सकों ने कन्हैया कुमार को मृत घोषित कर दिया। बीती रात जैसे ही मौत की सूचना गांव पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद जब कन्हैया का शव घर पहुंचा तो स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# सेंगर नदी में नहाने गए दो बच्चों की डूबकर मौत

## सबलपुर गांव के नगला टीका में नदी में नहाने गए थे दोनों

संवाददाता, अजीतमल



जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सेंगर नदी में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। कोतवाली क्षेत्र के सबलपुर गांव के नगला टीका में नदी में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हिमांशु (11) पुत्र भुवनेश कुमार निवासी नगला टीका और नितिन (13) पुत्र राकेश कुमार निवासी औरैया, जो अपने रिश्तेदार के यहां आया हुआ था, गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे घर से नदी में नहाने के लिए निकले थे। जब दोपहर तीन बजे तक दोनों बच्चे घर नहीं लौटे तो दादा पूरन सिंह उन्हें तलाशने निकले। नदी किनारे दोनों बच्चों की साइकिल और कपड़े पड़े मिले, जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया और ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। गोताखोरों की मदद से बड़े पैमाने पर सर्च अभियान चलाया गया। शाम करीब 6 बजे एसडीआरएफ टीम ने दोनों बच्चों के शव नदी से बाहर निकाले और उन्हें अछल्दा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घटना की सूचना पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक समेत कई थानों का पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। पूरे गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## चार दिन बाद भाई ने भी तोड़ा दम

**औरैया।** एक ही परिवार के दो लोगों की मौत से जिले के अरियारी गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

22 फरवरी को अरियारी गांव निवासी 23 वर्षीय अमित कुमार पुत्र राजेश कुमार कटेरिया अपनी बड़ी बहन पूनम (पत्नी कुलदीप निवासी बनी हरदू, थाना चौबिया) के साथ बाइक से पथरी के इलाज के लिए इटावा जा रहे थे। इटावा-कानपुर हाईवे पर सुंदरपुर रेलवे ब्रिज के पास (कौशल्या वाटिका के सामने) तेज रफ्तार डंपर/ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पूनम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अमित गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद अमित की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें सैफई अस्पताल रेफर कर दिया गया। सैफई अस्पताल में अमित चार दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझते रहे। बुधवार रात इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। चाचा गोरेलाल के अनुसार, 23 जनवरी को रामौतार की बेटी के साथ उसकीसगाई हुई थी। 13 मई को चौबेपुर में बारात ले जाने की तैयारियां चल रही थीं।

# निचली गंगा नहर हादसे में सिंचाई विभाग पर लापरवाही का आरोप

- जिलाधिकारी से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग
- परिवार ने मुआवजे और नहर किनारे पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की भी मांग की है

अछल्दा/औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के तुरुकपुर गांव के पास 18 फरवरी को निचली गंगा नहर में कार गिरने से दंपति व उनके बेटे की की मौत हो गई थी। तीनों दिबियापुर से एक कार्यक्रम से लौट रहे थे।

परिजनों के अनुसार डस्टर कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। सड़क किनारे सुरक्षा रेलिंग, संकेतक, बेरिकेडिंग व पटरी का अभाव था। अंधेरा होने के कारण वाहन सीधे नहर में पलट गया और अधिक पानी होने से राजीव कुमार गुप्ता (60), उनकी पत्नी स्व. मधु गुप्ता (55) और पुत्र शुभम पोरवाल की मौत हो गई थी।

शुभम के भाई सूर्य मोहन पोरवाल ने गुरुवार को जिलाधिकारी इन्द्रमणि त्रिपाठी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच व जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि सुरक्षा इंतजाम होते तो हादसा बच सकता था। साथ ही परिवार ने मुआवजे और नहर किनारे पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है। सूर्य मोहन पोरवाल ने कहा कि हम लोग घटना के समय मौके पर नहीं पहुंच पाए। जब तक हम घटनास्थल पहुंचे, तब तक लगभग तीन बज चुके थे।

हमने अधिकारियों से निवेदन किया कि हमारे माता-पिता का पोस्टमॉर्टम हमारे पहुंचने के बाद किया जाए, ताकि हम उन्हें आखिरी बार देख सकें, लेकिन हमारी बात नहीं सुनी गई और निर्धारित समय पर ही पोस्टमॉर्टम कर दिया गया। हमारे भाई का मोबाइल घटना से 5 दिन बाद मिला वहीं माताजी का मोबाइल और उनका पर्स अभी तक नहीं मिला। पूछने पर कहा गया कि सामान नहीं मिला है। काफी अनुरोध के बाद गोताखोर बुलाए गए और मोबाइल तलाशा गया। गोताखोरों द्वारा हमसे 2500 रुपये भी लिए गए।

### सीसीटीवी फुटेज व जांच को लेकर उठे सवाल

- सूर्य मोहन पोरवाल ने बताया कि जब उन्होंने अछल्दा नहर, घसारा नहर और तुरुकपुर गांव के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज दिखाने की मांग की तो पुलिस ने बताया कि कैमरे खराब हैं और फुटेज उपलब्ध नहीं है। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक से शिकायत की। उनके हस्तक्षेप के बाद कप्तान से बात हुई और अगले दिन फुटेज दिखाई गई। परिजनों के अनुसार फुटेज में कार धीमी गति से चलती दिख रही है और हादसा नहर किनारे पटरी न होने की वजह से हुआ। परिजनों का यह भी दावा है कि उसी समय एक अन्य वाहन उनकी कार के साथ क्रॉस हुआ था। उन्हें आशंका है कि उस वाहन चालक को घटना की जानकारी हो सकती है या वही दुर्घटना का कारण हो सकता है। उनका आरोप है कि दूसरे वाहन की तलाश के लिए उन्हें स्वयं अलग-अलग जगहों के कैमरे खंगालने पड़ रहे हैं, जबकि पुलिस प्रशासन अन्य कार्यों में व्यस्त होने की बात कह रहा है। मेरी कोई मदद नही कर रहा है।



रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

# बाइक की टक्कर से 4 साल के बच्चे की मौत

संवाददाता फफूंद, औरैया



मधुर।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम पाता खानपुर में बुधवार दोपहर एक सड़क हादसे में चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऊषा देवी पत्नी विनोद कुमार निवासी पाता खानपुर का नाती चार वर्षीय मधुर बुधवार दोपहर अपने घर के बाहर गली में खेल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आए एक बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बालक गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद बाइक सवार मौके से बाइक सहित फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में घायल बच्चे को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीड़िता ऊषा देवी ने बाइक नंबर सहित नामजद प्रार्थना पत्र थाना फफूंद में दिया है। बच्चे की मौत से परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है।

### ई-रिक्शा और बाइक की भिड़ंत, तीन घायल

**कुदरकोट।** कुदरकोट थाना क्षेत्र के इटावा-कन्नौज राज्यमार्ग पर गुरुवार करीब साढ़े 11 बजे बैवाह के पास एक ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक और ई-रिक्शा चालक घायल हो गए। कुदरकोट थाना क्षेत्र के इटावा-कन्नौज राज्यमार्ग पर स्थित बैवाह गांव के पास एक ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें मोटरसाइकिल पर सवार कल्लू पुत्र मुस्तफा निवासी कुदरकोट तथा मनोज पुत्र हरि सिंह निवासी मुरादपुर कुदरकोट से इटावा की ओर जा रहे थे ।बताया गया कि जैसे ही बाइक बैवाह गांव के पास पहुंची तभी सामने से आ रहे ई-रिक्शा से उसकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। वहीं ई-रिक्शा चालक को भी चोटें आईं। थाना कुदरकोट पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एरवाकटरा भेजा।

# मांगों को लेकर शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, फफूंद, औरैया



ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** टीचर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के आह्वान पर टेट परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में मान्यता प्राप्त संगठन प्राथमिक शिक्षक संघ व जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ संयुक्त तत्वावधान में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय ककोर जनपद औरैया में विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें हजारों शिक्षकों ने भाग लिया । धरने को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों ने 1 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय से अध्यापकों में अनिश्चितता की स्थिति हो गई है जिससे सभी शिक्षक मानसिक रूप से परेशान है केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण शिक्षक भयभीत है। धरने के बाद शिक्षकों ने नारे लिखी हुई शक्तियों लेकर के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मार्च निकाला और नारेबाजी करते हुए, जिला अधिकारी महोदय के माध्यम से प्रधान मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी को सौंपा। उत्तर प्रदेशिया प्राथमिक शिक्षक संघ की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अखिलेश चंद्र यादव ,अरविंद राजपूत ,मंत्री जी जूनियर शिक्षक संघ के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष लोकेश शुक्ला , मंत्री हरिवंश राजपूत जिला उपाध्यक्ष , ऋतुराज दुबे , नीरज कुमार चक, संजय सेंगर उपाध्यक्ष,अनिल यादव,अरुण यादव ओमेन्द्र चौहान, सुनील यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश चतुर्वेदी ,ज्ञान प्रकाश मिश्रा कमलेश चतुर्वेदी, गिरीश नारायण यादव, सहारब्लॉक अध्यक्ष पंकज कठेरिया, पंकज, त्रिपाठी, दीपक दुबे,विक्रमदत्त, सतीश चंद्र गौतम,ज्योति पाल, अनिल दोहरे, अमित यादव अनुरुद्ध यादव, प्रमोद भास्कर, , पुष्पलता, श्याम सुन्दर, संतोष श्याम सुंदर दोहरे, राजकुमार कठेरिया, अजय सिंह, मनोज पाण्डेय, जसवीर राजपूत, संतोष राजपूत वीरपाल सिंह, राधा किशन कठेरिया ओरैया अरविंद दुबे ब्लॉक मंत्री ओम नारायण पाल,दीपा यादव, रश्मि चौबे,आदि लोग उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता के दौरान मौजूद बच्चे। अमृत विचार

### चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर

**फफूंद, औरैया।** बचपन स्कूल में एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कई बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति के अवसर देना था। प्रतियोगिता के परिणाम मंए कक्षा प्रथम के शौर्य प्रताप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा यूकेजी के हिमांशु ने द्वितीय स्थान हासिल किया और आयुष ने तृतीय स्थान पर जगह बनाई। इस प्रकार विद्यालय के प्रधानाचार्य एस कुमार ने बताया कि रंगों का हमारे जीवन में अधिक महत्व है। सभी बच्चों को इस उत्कृष्ट प्रयास के लिए बधाई, और उनका उज्जवल भविष्य सुनिश्चित हो, यही हमारी शुभकामनाएं हैं। इस प्रकार विद्यालय के कोऑर्डिनेटर अमरीश अवस्थी व एक्टिविटी इंचार्ज हिमामी मैम, मोहिनी मैंम, कल्पना मैम, तथा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**समीक्षा बैठक** लाभार्थियों के चयन में पात्रता को रखें सर्वोपरि

# शासन की लाभार्थीपरक योजनाओं का करें प्रचार प्रसार

कार्यालय संवाददाता, औरैया




बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम डॉक्टर इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में जनपद में संचालित विकास कार्य एवं लाभपरक योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की मंशानुरूप गोवंशों को संरक्षित करने के साथ-साथ उनके खानपान का भी विशेष ध्यान रखा जाये।

उन्होने सिंचाई विभाग को निर्देश दिये कि नहर के किनारे पटरियों तथा नहरों की मरम्मत आदि का कार्य कराने हेतु उनका सर्वे कराकर शासन को भेजा जाये जिससे किसी भी अप्रिय घटना को होने से रोका जा सके। राज्यमंत्री ने अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में शेड्यूल्ड के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये साथ ही एक मुश्त समाधान योजना के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभ देने के लिए कैंप का आयोजन किया जाये। उन्होने कृषि विपणन अधिकारी को निर्देश दिये कि आगामी दिवसों में गेंहू खरीद के लिए केन्द्र स्थापना व आवश्यक सामग्री को पूर्व से ही सुनिश्चित कर लिया जाये जिससे क्रय के समय किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हों। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि लाभार्थीपरक योजनाओं में शासन की मंशा के अनुरूप तथा शासनादेश में वर्णित पात्रता नियमों के आधार पर ही लाभार्थियों का चयन किया जाए जिससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित करते हुए उसे सामाजिक समानता का अधिकार दिलाया जा सके। उन्होंने विकास कार्यों में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों व ठेकेदारों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही के भी निर्देश दिए। उक्त के अतिरिक्त उन्होंने सभी अधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की, कि अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार- प्रसार कराते हुए पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें लाभान्वित करें जिससे सीएम डैशबोर्ड में उत्तरोत्तर प्रगति प्राप्त कर जनपद प्रदेश में शीर्ष स्थान पर पहुंचे। उन्होने बताया कि महिला समूहों को और प्रशिक्षण देने के लिए आरसेटी का चयन किया गया है जहां उन्हें विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देकर कार्य में दक्ष और पारंगत बनाया जाता है।

जिलाधिकारी ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री में जनपद प्रदेश में दूसरे स्थान पर है तथा माह अन्त तक लक्ष्य पूर्ति करते हुए प्रथम स्थान पर आने के लिए प्रयास किये जा रहे है। कृषि विभाग द्वारा उन्नति किस्म के बीजों का वितरण चयनित लाभार्थियों को पात्रता के अनुसार किया जा रहा है योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थियों द्वारा स्वयं पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जाता है। उन्होंने बताया कि जनपद में निर्मित ट्रामा सेंटर पर चिकित्सकों की तैनाती कर उसे संचालित किया जा रहा है जिससे किसी भी आपात स्थिति में पीडित को समय पर उपचार की सुविधा प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि जनपद में संचालित गौशालाओं के नियमानुसार क्रियान्वयन न करने पर संबंधित गौशाला संचालक के विरुद्ध कार्यवाही भी अमल में लाई जा रही है तथा किसानो की मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है तथा इसका वितरण क्लस्टर बनाकर नियमानुसार किया जा रहा है। बैठक मे जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती, अपर जिलाधिकारी न्यायिक नीरज प्रसाद,मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार मौर्य, वनाधिकारी सीपी सिंह, सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक के खिलाफ युवती को भगाने की रिपोर्ट दर्ज

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के एक गांव की युवती का गांव के युवक प्रदीप पुत्र रामबाबू से प्रेम प्रसंग हो गया। युवक ने मीठी बात को करते हुए उसको प्रेम जाल में फांस लिया। प्रेमी युगल फोन से आए दिन बातचीत कर परिजनों से लुक छिपकर मुलाकात करते रहे। 25 फरवरी को फोन से रात को युवती को बुलाकर युवक बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। परिजनों के उसको गायब पाकर तलाश किए जाने पर सुराग नहीं लग रहा है। युवती के परिजन परेशान है। युवती की मां ने थाने में तहरीर दी है। प्रभारी इंचार्ज विकास यादव ने बताया कि युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है दोनों प्रेमी युगल की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

### स्ट्रीट लाइट सही कराने की मांग की

**बिवांर (हमीरपुर)।** बांधुर तिराहा में अधिक भीड़ के बने रहने पर यात्रियों का दिन रात सरीला जलालपुर के लिए आना-जाना बना रहता है। यात्रियों के रोशनी की सुविधा के लिए पोल में स्ट्रीट लाइट चार साल पहले लगाई गई थी। करीब 3 महीना से लाइट के खराब होकर पड़े होने से यात्रियों राहगीरों दोनों को अंधकार दंभ झेलना पड़ रहा है। अंधकार के रहने से यात्रियों को जहरीले कीड़ों का भय बना रहता है। अभिलाष सिंह, मलिक यादव, दिनेश अनुरागी, वीरेंद्र यादव, हीरालाल, राकेश उर्फ लाला सविता, राम अवतार कुशवाहा ने लाइट को सही कराए जाने की डीपीआरओ से मांग की है यात्रियों के साथ राहगीरों को अंधकार का दंभ न झेलना पड़े।

### 50 दिन बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे की इमिलिया थोक में लगे 400 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर को काटकर तेल एवं उपकरण चोरी कर ले जाने के उपरांत 50 दिन बाद अवर अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बीते 3 जनवरी को इमिलिया थोक में लगे 400 केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर को काटकर अज्ञात चोर तेल एवं कीमती उपकरण चोरी कर लिए थे। घटना के 50 दिन बाद विद्युत विभाग के अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके खुलासे की जिम्मेदारी फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज को सौंपी है।

### जीवन जीने की कला सिखाती है भागवत

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के ग्राम सायर ऊपरी स्थित शिवालय प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास पं. महेश शुक्ला ने भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक बाल लीलाओं का सजीव वर्णन किया। बताया भागवत कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। भगवान की बाल लीलाएं हमें निस्वार्थ प्रेम और सरलता का मार्ग दिखाती हैं। श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के बाद उनकी बाल सुलभ चेष्टाओं और राक्षसों के वध के प्रसंग को सुनकर श्रोता भक्ति रस में सराबोर हो गए। कथा व्यास ने भगवान के माखन चोर स्वरूप की व्याख्या करते हुए बताया कि प्रभु की लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि भक्तों के अहंकार को मिटाने और प्रेम का संचार करने का माध्यम थीं। कथा के दौरान जब श्री कृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाने की झांकी का वर्णन किया गया, तो पूरा पंडाल 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा। भक्ति और श्रद्धा के इस महोत्सव में क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

- पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को टीईटी में छूट प्रदान करने की मांग की

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



बीएसए कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** टीचर्स फेडरेसन ऑफ इंडिया के बैनर तले जिलेभर के शिक्षकों ने गुरुवार को शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने की तिथि से पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में बीएसए कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने बीएसए कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्चकर इसमें छूट प्रदान करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा है।

उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चंदेल व उप्र जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राकेश त्रिपाठी के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य में शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009, 27 जुलाई 2011 से लागू किया गया है। अधिनियम के अनुसार अधिनियम के प्रभावी होने की तिथि से अथवा उसके उपरान्त नियुक्त होने वाले शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण होना अनिवार्य किया गया है। जबकि उसके पूर्व में नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त रखा गया है। बताया कि सुप्रीम कोर्ट के 01 सितंबर 2025 के निर्णय के द्वारा देश के सभी राज्यों में अधिनियम लागू होने की तिथि से पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को भी सेवा में बने रहने अथवा पदोन्नति के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। जोकि पूर्व में नियुक्त शिक्षकों के साथ सरासर अन्याय है। फलस्वरूप देश भर के शिक्षक टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले आंदोलनरत रहकर भारत सरकार से उपरोक्त के संबंध में अध्यादेश लाकर आरटीई से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट देने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के आदेश का संज्ञान लेते हुए शिक्षा का अधिकार अनिनियम लागू होने की तिथि से पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट प्रदान करने के लिए अध्यादेश लाकर संसद द्वारा कानून पारित कराने की मांग की है। इस मौके पर गौरव नामदेव, विजय गुप्ता, अनुराग यादव, रघुराज कुटार, जयप्रकाश सिंह, शमसाद, कृष्णा कुमारी, सुमन देवी, शशि, महेश गुप्ता, प्रगति सिंह सहित जिलेभर के शिक्षक रहे।

## विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था द्वारा विमर्श विविधा के अंतर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डॉ. भवानीदीन ने देश धर्म और रचना धर्म के संगम के साक्षी विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। बताया कि वह 13 वर्ष जेल में रहे, इन्हें दो बार आजन्म कारावास की सजा मिली। एक हत्या केस में भारत लाए जा रहे थे, तो समुद्र में भागना चाह रहे थे, पुनः पकड़े गए। इन पर अनेक प्रकार के आरोप लगाए गए। जो समीचीन नहीं थे। कालांतर में इनका 26 फरवरी 1966 को निधन हो गया। कार्यक्रम में सिद्धा, प्रेम, सागर, प्रिन्स, रिचा, रामनारायण सोनकर, विकास, रामबाबू, होरी लाल, सतेन्द्र और राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

# पुलिस टीम पर हमले के दोषी को दस वर्ष की कैद

**15** हजार रुपये का दोषी पर लगाया गया जुर्माना

**हमीरपुर।** घर में चोरी करने के दौरान गृहस्वामी बाद में पुलिस पर जानलेवा हमला करने के मामले में विशेष न्यायाधीश डकैती अनिल कुमार खरवार ने अभियुक्त को दस वर्ष का कठोर कारावास व 15 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

सहायक शासकीय अधिवक्ता सुभाष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि राठ कोतवाली के एसएसआई स्वामी राम सरोज ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 1 अगस्त 2009 को वह एसआई मोहम्मद इकबाल व हमराह के साथ गश्त पर निकले। खुशीपुरा, मियापुरा व जुगयाना का भ्रमण करते हुए औड़ेरा की तरफ जा रहे थे। औड़ेरा पुलिया के पास एक व्यक्ति दिखाई दिया। जिसे रोकने पर उसने पीछे मुड़कर फायर झोक दिया। जिसमें वह लोग बाल-बाल बच गए। इसके बाद दौड़ाकर रात 8.30 बजे दबोचा। उसने अपना नाम हरी पुत्र रमजू निवासी मियापुरा राठ बताया। तलाशी लेने पर जेब से बारह बोर का तमंचा व दो जिंदा कारतूस, एक हजार नगद बरामद हुए। पूछताछ में उसने बताया कि बीते 21 मई 2009 की देर रात उसने राजू जोगी के साथ दीनदयाल मास्टर निवासी अतरौलिया के घर से गहने व 70 हजार कैश की चोरी की थी। जिस पर उसके खिलाफ चोरी व जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया गया।

विशेष न्यायाधीश डकैती अनिल कुमार खरवार ने आरोपी हरी को डकैती का दोषी मानते हुए दस वर्ष का कठोर कारावास व 15 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

# हादसे में घायल महिला की कानपुर ले जाते समय मौत

## नेशनल हाईवे पर मकराव के निकट बाइक की टक्कर से हुआ हादसा

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय राजमार्ग में हुई बाइक दुर्घटना में घायल महिला को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां कानपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।


गुड़िया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मकराव निवासी रणविजय कुशवाहा अपनी पत्नी गुड़िया (35) के साथ बाइक में सवार होकर अपने खेत अछरेला मौजे से घर आ रहे थे। जैसे ही बाइक नेशनल हाईवे की ओर मुड़ी तभी राजमार्ग में मकराव के निकट ही सामने से आ रहे बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे संतुलन बिगड़ने से गुड़िया सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उसके परिजनों द्वारा लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया। जिसकी कानपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पड़ोसी नेता राम ने बताया मृतका अपने पीछे दो बेटियां लक्ष्मी (07) व नेहा (04) को रोते बिलखते छोड़ गई।

### सड़क हादसे में दो महिलाओं सहित सात घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो महिलाओं सहित सात लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार फरीदुद्दीन (25) पुत्र बिलारुद्दीन निवासी मांचा, प्रहलाद (25) पुत्र रतिराम निवासी बरभौली, संत कुमार (40) पुत्र रामस्वरूप निवासी बरभौली, दिव्या (12) पुत्री बिंदा प्रसाद निवासी सुमेरपुर तथा सोनिया (60) पत्नी भगवान दीन निवासी मवइया गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने सभी को प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि ये सभी लोग एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। वहीं अशोक (5) पुत्र अवध किशोर, रोहित कुमार (25) तथा रामस्वरूप की हालत में सुधार बताया जा रहा है और उनका उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, बेटे की मौत, पिता घायल

**राठ (हमीरपुर)।** पनवाड़ी मार्ग पर गिरवर गांव के पास उल्टी दिशा से आ रहे ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार रिश्तेदार के यहां आयोजित शादी समारोह से वापस घर लौट रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है।

गुरुवार दोपहर महोबा जनपद के महोबकंठ थानाक्षेत्र के कनोरा गांव निवासी चतुर कुशवाहा अपने पुत्र श्याम सिंह (30) और भतीजे अमरचंद के साथ परिवार के चाचा की पुत्री की शादी में शामिल होने कोतवाली क्षेत्र के बिलरख गांव गए थे। गुरुवार को विदाई कार्यक्रम के बाद वह अपने गांव कनोरा लौट रहे थे। तभी राठ पनवाड़ी मार्ग पर गिरवर के पास उल्टी दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर श्याम सिंह की मौत हो गई। चतुर सिंह घायल हो गए। चतुर को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# गलत इंजेक्शन से महिला की गई जान

- आरोपी चिकित्सक के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में कथित तौर पर गलत इंजेक्शन लगाए जाने से एक महिला की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों में भारी आक्रोश है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।


सावित्री।

सुमेरपुर थानाक्षेत्र के एक ग्राम निवासी राजू ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह अपनी मां सावित्री और भतीजी केतकी का खांसी-जुकाम का इलाज कराने के लिए कस्बे के इंटर कॉलेज के निकट स्थित एक निजी अस्पताल में ले गया। आरोप है कि वहां के चिकित्सक सैयद इकराम अली द्वारा कथित रूप से गलत इंजेक्शन लगाए जाने से उसकी मां की हालत बिगड़ गई और उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उपजिलाधिकारी करणवीर सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडे ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) के तहत आरोपी चिकित्सक के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है।

वहीं उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद संबंधित चिकित्सीय प्रतिष्ठान की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं चिकित्सीय परीक्षण के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## कथा के छठवें दिन रुक्मणी विवाह का किया वर्णन

**मौदहा (हमीरपुर)।** लरौंद गांव स्थित भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन गुरुवार को गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, महारास लीला, रासलीला में भगवान शंकर का आना एवं श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह के प्रसंग का सुंदर वर्णन किया।

कथा व्यास ने रास पंच अध्याय का वर्णन कर कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय कथा का श्रवण कराया गया। महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। रुक्मणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान कथा मंडप में विवाह का प्रसंग आते ही चारों तरफ से श्रीकृष्ण-रुक्मणी पर जमकर फूलों की बरसात हुई। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देते रोडवेज कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

## रोडवेज कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन

**हमीरपुर।** रोडवेज कर्मचारी संघ ने धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। कहा डग्गामार वाहन रोडवेज डिपो के सामने से अनाधिकृत रूप से सवारियों को लेकर निकल जाते हैं। इससे निगम को राजस्व की हानि पहुंचाने के साथ आए दिन चालकों परिचालकों से मारपीट एवं अभद्रता की जाती है।

वहीं हमीरपुर डिपो के सामने अवैध रूप से ठेला ठेलिया, बिरयानी, फल सब्जी आदि की दुकानें लगी होने के कारण दिनभर जाम की स्थिति रहती है। इसी को लेकर गुरुवार को भारतीय मजदूर संघ से जिला अध्यक्ष शिवशरण सिंह के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर जिला मंत्री अत्री शर्मा, सफाई कर्मचारी संघ से लल्लू राम भारती, विद्युत संविदा कर्मचारी संघ से दिनेश कुमार, रोडवेज से छेदालाल पाठक, महेश कुमार, सुनील कुमार, संतोष कुमार, आफताब अली, भुवनेश कुमार, कामता प्रसाद, शहाबुद्दीन, विवेक सिंह, सुनील साहू आदि रहे।

# बाल विवाह के कलंक से मुक्त होने के लिए हर संभव सहयोग

- सांसद ने बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** बाल विवाह मुक्ति रथ को सांसद अजेंद्र सिंह राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कहा इस कलंक से मुक्त करने के लिए हर संभव सहयोग करेंगे। सांसद ने कहा बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है। साथ ही दंडनीय अपराध भी है।


बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाते सांसद अजेंद्र सिंह राजपूत। अमृत विचार

उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों, युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। कहा यह सामाजिक कुरीति ही नहीं, बल्कि हमारे बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय है। जिले में 'बाल विवाह मुक्ति रथ' प्रेरणादायक है। साईं ज्योति संस्था के निदेशक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि इसका उद्देश्य केवल अभियान नहीं, बल्कि समाज में स्थायी परिवर्तन लाना है। रथ यात्रा के माध्यम से गांवों में जाकर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है। संस्था के जिला समन्वयक कैलाश नारायण गौतम ने कहा कि 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम, गोष्ठियां, रैलियां और संवाद आयोजित किए गए हैं। 28 जनवरी से संचालित मुक्ति रथ' के माध्यम से सीधे ग्रामीण समुदाय तक पहुंचना अत्यंत प्रभावी रहा। समाज के विभिन्न वर्गों का सकारात्मक सहयोग प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में पंकज तिवारी हरिराम, शिवकांति एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने जहरीला पदार्थ खाया, गंभीर

**कुरारा (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के बचरौली गांव में बृहस्पतिवार को ससुराल आए युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर ससुरालियों ने सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

जनपद कानपुर नगर के दमेली गांव निवासी विपिन कुमार (40) पुत्र चंदिका प्रसाद थानाक्षेत्र के बचरौली गांव अपनी ससुराल आया था। बृहस्पतिवार को शाम करीब 5 बजे अज्ञात कारणों से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। वहीं हालत बिगड़ने देख साला चंद्रशेखर उपचार के लिए कुरारा सीएचसी लेकर आया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## चलते ऑटो से गिरकर बच्ची घायल

**कुरारा।** हमीरपुर कालपी हाईवे में ऑटो में बैठकर कुरारा आ रहे पिता पुत्री गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको स्थानीय सीएचसी लाया गया। पड़ोसी जनपद जालौन के उसर गांव निवासी वीर सिंह (35) पुत्र रामबाबू अपनी पुत्री राखी (7) के साथ हमीरपुर से ऑटो पर बैठकर कुरारा आ रहा था। तभी हमीरपुर कालपी हाईवे में झलोखर गांव के पास सैयद बाबा मजार के समीप पिता पुत्री ऑटो से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको राहगीरों स्थानीय सीएचसी उपचार के लिए लेकर गए। चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**विरोध** | यौन शोषण मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

# शंकराचार्य के समर्थन में कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के ऊपर दर्ज हुए यौन उत्पीड़न के मामले में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में शंकराचार्य के खिलाफ दर्ज यौन शोषण के मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई।

गुरुवार को कांग्रेस हाईकमान के आवाहन पर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष गोविंद अहिरवार के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम अभिमन्यु कुमार सौंपा। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोविंद अहिरवार ने बताया कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्यों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौनी अमावस्या पर उप्र पुलिस ने उन्हें और उनके शिष्यों को स्नान करने से रोका था। कहा कि बटुकों की चोटी खींचकर उन्हें अपमानित किया गया और थाने ले जाकर प्रताड़ित किया गया। कहा कि अब स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी और कई अज्ञात लोगों के खिलाफ यौन शोषण के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है। जिलाध्यक्ष ने मांग की कि एफआईआर दर्ज कराने वाले लोगों की पृष्ठभूमि, उनकी परिस्थितियों और संभावित प्रेरणाओं की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि न्याय सुनिश्चित करने के लिए इस मामले की जांच किसी निष्पक्ष अधिकारी से कराई जाए। ज्ञापन देने के दौरान मैयादीन साहू प्रदेश सचिव, पिछड़ा वर्ग, जयसिंह एडवोकेट, हरिशरण लोधी, दुष्यंत राजपूत (प्रदेश महासचिव), गोविंद सिंह, मूरतध्वज, योगेंद्र अतरौलिया और राजा सहित कई अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। अमृत विचार

## पिता के सीने में तमंचा लगाकर पुत्र ने मांगे दस हजार

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** चांद थोक में एक सिरफिरे युवक ने पिता के सीने में तमंचा अड़ाकर जान से मारने की धमकी देकर दस हजार मांगे मना करने पर जमकर मारा पीटा और जान से मार देने की धमकी देकर भाग निकला।

चांद थोक निवासी कैलाश नाथ द्विवेदी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह गत 19 फरवरी को बोडा धर्मशाला के समीप चाय की दुकान में बैठकर चाय पी रहा था तभी मेरा पुत्र संदीप उर्फ भूरा हाथ में तमंचा लिए आया और सीने में अड़ाकर जान से मारने की धमकी देकर दस हजार मांगे। मना करने पर उठाकर पटक दिया और जमकर पीटा साथ ही छाती पर पैर रखकर गला दबाने की कोशिश की। इसके बाद वह जान से मारने के धमकी देकर चला गया।

# समांतर चार लेन सेतु निर्माण का रास्ता साफ

- विधायक ने अफसरों संग निर्माणाधीन सेतु का किया स्थलीय निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मुख्यालय की दोनों प्रमुख नदियों यमुना और बेतवा पर बन रहे समांतर चार लेन सेतु के निर्माण की धीमी रफ्तार को लेकर सदर विधायक मनोज प्रजापति ने कड़ा रुख अपनाया है। विधानसभा में मामला उठाने के बाद उन्होंने गुरुवार को निर्माण स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों से जवाब-तलब किया।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि तीन साल में केवल 25 प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है। उन्होंने सवाल किया कि जब एक चौथाई काम में ही तीन वर्ष लग गए तो शेष 75 प्रतिशत कार्य कब और कैसे पूरा होगा। मौके पर मौजूद अधिकारियों से उन्होंने कार्य की प्रगति, बजट और गुणवत्ता को लेकर विस्तृत जानकारी ली। विधायक ने आरोप लगाया कि पूर्व की समाजवादी पार्टी सरकार ने बिना पर्याप्त बजट और ठोस तैयारी के 170 करोड़ रुपये की लागत वाले प्रोजेक्ट को मंजूरी दी, जबकि मात्र 41 लाख रुपये की स्वीकृति देकर जनता को गुमराह किया है। उन्होंने कहा कि अब इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा कराया जाएगा। गौरतलब है कि यमुना नदी और बेतवा नदी पर समांतर चार लेन पुल का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन कार्य की प्रगति अपेक्षा से काफी धीमी रही है। लगातार बढ़ते बजट और निर्माण में हो रही देरी को लेकर विधायक ने अधिकारियों से जवाब मांगा। इस दौरान उत्तर प्रदेश ब्रिज कॉरपोरेशन और लोक निर्माण विभाग की टीम भी रही।


निर्माणाधीन पुल के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से वार्ता करते सदर विधायक।

अमृत विचार
कानपुर, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026



## न्यूज ब्रीफ

### चौपाल में किसानों की सुनीं समस्याएं

**महोबा।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं उपसंचालक चकबंदी सुखवीर सिंह की अध्यक्षता में पिपरामाफ, परगना गांव के अलावा सदर तहसील में जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में अधिकारियों ने किसानों की गलत चक आनंटित, पैतृत भूमि बंटवारे में सअमानता, पुराने अभिलेखो में खराबी, चकरोड आदि चकबंदी से जुड़ी समस्याओं को सुना। आईं समस्याओं को 15 दिन के अन्दर निस्तारित करने को कहा। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि बीस दिन के अंदर एक बार फिर चौपाल का आयोजन करते हुए समस्याओं को सुना जाएगा।

### पुलिस ने अवैध शराब पकड़कर की कार्रवाई

**कुलपहाड़।** पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के नेतृत्व में आबकारी विभाग एवं थाना कुलपहाड़ की संयुक्त पुलिस टीम ने कबूतरा डेरा से 75 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर पकड़े गए लोगों पर आवश्यक कार्रवाई की है। पुलिस ने दबिश देकर 7000 लीटर कच्ची लहन को नष्ट कराया वहीं 350 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की।

### होली मिलजुल कर भाईचारे के साथ मनाएं

**कुलपहाड़।** होली के पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक में आपसी सौहार्द व सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। कोतवाली परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड की अध्यक्षता व क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक में त्योहारों को मिलजुल कर और स्वाद के साथ मनाने पर जोर दिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि होली व रमजान का पर्व एक साथ पड़ रहे हैं। इसलिए सभी लोगों को विशेष सावधानियां बरतनी है। कोई भी ऐसा कार्य न करें, जिससे शांति भंग हो। उन्होंने ने कहा कि होली पर्व की रौनक को शराब आदि पीकर खराब न करें। क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने कहा सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अनावश्यक भड़काऊ पोस्ट व आपत्तिजनक टिप्पणी को साझा न करें।

# विद्यालय वाहनों के फिटनेस का कार्य इस माह पूरा करें

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए विद्यालय के वाहनों के फिटनेस का कार्य इस माह शत प्रतिशत पूर्ण कराए जाने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए।

डीएम ने बलखंडेश्वर मंदिर से डाक बंगला चौराहा तक मार्ग के दोनों ओर पटरी में अनाधिकृत तरीके से किए गए अतिक्रमण को हटवाया जाने पर जोर दिया, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो सके साथ


बैठक में निर्देश देतीं डीएम गजल भारद्वाज। अमृत विचार

ही चरखारी तालाब किनारे मुस्करा मार्ग की क्षति ग्रस्त पुलिया को ठीक कराए जाने के अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय के वाहनों के फिटनेस का कार्य इस माह में शत प्रतिशत पूर्ण कराया जाए साथ ही स्कूली वाहनों में सीसीटीवी, मोबाइल नंबर की उपलब्धता इस माह तक सुनिश्चित की जाए। महोबा से कबरई तक मार्ग के गड्ढों की मरम्मत का कार्य 15 मार्च तक पूर्ण कराने के डीएम ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई छतरपुर को सख्ती से निर्देशित किया कि अगली बैठक के पूर्व ब्लैक स्पॉटों में अवशेष सुधारीकरण का कार्य प्रत्येक दशा में पूर्ण कराया जाए। डीएम ने कहा कि टेंपों, टैक्सी, ई-रिक्शा की पार्किंग टैक्सी स्टैंड में ही करें और अनाधिकृत तरीके से खड़े वाहनों पर कार्रवाई की जाए।

डीएम ने जिले के स्कूली वाहनों के चालकों का नेत्र परीक्षण, स्वास्थ्य परीक्षण, चरित्र वेरीफिकेशन, ड्राईविंग लाइसेंस के सत्यापन का शत प्रतिशत कार्य इस माह के अंत तक कराए जाने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि झलकारी बाई तिराहा से परमानन्द तिराहे तक मार्ग में लगे विद्युत पोलों को शीघ्रता से शिफ्ट कराया जाए, जिससे उक्त मार्ग में फोरलेन का कार्य तीव्र गति से समय सीमा में पूर्ण हो सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडे, एसडीएम चरखारी धीरेंद्र कुमार, एसडीएम कुलपहाड़ प्रवीण कुमार, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता, एनएचएआई कानपुर, छतरपुर, उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी, अवर अभियन्ता, एनएच, लोक निर्माण विभाग झांसी, सहित दाऊ तिवारी अध्यक्ष आल्हा परिषद, नेहा चंसौरिया अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

### टेट के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन


महोबा में टेट की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर विरोध जताया। बाद में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त उप जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में पूर्व में नियुक्त सभी शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से मुक्त रखे जाने की मांग की गई। जिले के बेसिक शिक्षकों ने टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा और जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजीव तिवारी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षक संघ के पूर्व जिला मंत्री कुलदीप तिवारी, भगत सिंह राजपूत, दयाराम वर्मा, जानकी कुशवाहा, सुनीत पाठक हर नारायण अनुरागी, जय नारायण तिवारी, ओम प्रकाश, संध्या, जागेश्वर, अजय द्विवेदी, मनीष, विनोद पाठक रहीम खान रहे। अमृत विचार

# पिकअप की टक्कर से तीन महिलाओं की मौत, दो घायल

## विवाह घर से पूड़ी बनाकर वापस पैदल जा रहीं थीं महिलाएं, बड़ी चंद्रिका मंदिर के पास हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कानुपर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहर की बड़ी चंद्रिका मंदिर के समीप एक पिकअप ने पांच महिलाओं को टक्कर मार दी, जिससे एक महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य दो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। डाक्टरों ने दो अन्य घायल महिलाओं की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया है।

पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है साथ ही सीसीटीवी फुटेज और वाहन के घटना स्थल पर मिले पुर्जे के जरिए वाहन की तलाश शुरू की है। शहर के भटीपुरा मोहल्ले की रहने वाली श्यामरानी (40) अपनी पड़ोसी तुलसा (35), गीता (65), भगवती




श्यामारानी, गीता व भगवती।


घायलों को अस्पताल ले जाते हुए।

(50) और राजकुमारी (35) के साथ बुधवार की रात एक होटल में आयोजित शादी समारोह में पूड़ी बनाकर पैदल घर लौट रही थीं। जैसे ही महिलाएं चंद्रिका देवी मंदिर गेट के पास पहुंचीं, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ने पांचों को टक्कर मारकर रौंद दिया। घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायलों की चीख पुकार सुन लोगों ने पुलिस को सूचना दी। श्यामरानी की मौके पर ही मौत हो चुकी थी जबकि गीता और भगवती ने जिला अस्पताल पहुंचकर दम तोड़ दिया। तुलसा और राजकुमारी की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। पुलिस ने तीनों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा। पुलिस को पिकअप के आगे का हिस्सा टूटा मिला है। गाड़ी के टूटे हिस्से को जब्त कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार चालक और वाहन की तलाश कर जा रही है। सदर विधायक राकेश गोस्वामी अस्पताल पहुंचे और मृतकों के परिजनों को संभव मदद का आश्वासन दिया।

# संदिग्ध हालात में लकवा पीड़ित वृद्धा का बिस्तर पर मिला शव

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शहर की सुभाष पुलिस चौकी क्षेत्र में 65 वर्षीय महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका का शव घर के बिस्तर पर पड़ा मिला और कानों से सोने के कुंडल गायब होने पर परिजनों ने लूट के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं फॉरेंसिक टीम को मामले की जांच करने के निर्देश दिए।


घटना स्थल पर जांच करतीं एएसपी। अमृत विचार


किरन।

शहर के खोवा मंडी निवासी किरन पुरवार का शव उसके ही बिस्तर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला, जब किराना व्यापारी मृतका का पति संतोष पुरवार बुधवार की रात दुकान बंद कर घर पहुंचे तो पत्नी को बिस्तर पर बेसुध पाया। पास जाकर देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और आसपास के लोग जुट गए।

सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, सीओ सिटी अरुण कुमार और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका के पति ने पुलिस को बताया कि बेटी की शादी के बाद से दोनों लोग घर में अकेले रह रहे थे और पत्नी लंबे समय से लकवे से पीड़ित थी। उधर मृतक के रिश्तेदारों का कहना है कि मृतका के कान के पास चोट के निशान मिले हैं और कान का सोने का कुंडल भी गायक है। परिजनों ने आशंका जताई कि घर के आसपास शराबियों का जमावड़ा रहता है और किसी बदमाश ने चोरी के इरादे से घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया होगा। एएसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक और फील्ड यूनिट ने घटनास्थल से अहम साक्ष्य जुटाए हैं। मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी।

# न्याय न मिलने से नाराज किसानों ने जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**80** फीसदी फसलें डूबने की किसान कह रहे बात

**अमृत विचार।** विकासखंड कबरई के गंज गांव के डूब क्षेत्र में आ जाने से यहां के 80 फीसदी से अधिक किसानों की भूमि डूब क्षेत्र में चली गई। जबकि सिंचाई विभाग मात्र 25 फीसदी किसानों को डूब क्षेत्र में मान रहा है, इससे किसानों में खासा आक्रोश है। हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार के नेतृत्व में गुरूवार को किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

एडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि कबरई बांध के जलभराव के चलते गंज गांव के 80 प्रतिशत किसानों की भूमि डूब क्षेत्र में आ गई है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। सिंचाई विभाग ने लगभग 25 फीसदी गांव के किसानों को डूब क्षेत्र में माना और शेष किसानों की भूमि को डूब क्षेत्र से बाहर रखा है, जिससे अधिकांश किसानों को डूब क्षेत्र का मुआवजा नहीं मिल सका है। इस बारे हलधर किसान यूनियन ने कई बार अधिकारियों से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया, लेकिन आज तक उन्हें न्याय नहीं मिल सका। गुरुवार को हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भारी संख्या में किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। बाद में एडीएम को ज्ञापन सौंपकर न्याय दिलाए जाने की मांग की। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही किसानों की समस्याओं पर गौर नहीं किया गया तो हलधर किसान यूनियन धरना प्रदर्शन कर अनिश्चित कालीन हड़ताल करने को विवश हो जाएगा। ज्ञापन देने वालों में शान सिंह, संतराम त्रिपाठी, मयंक त्रिपाठी, चंद्रिका प्रसाद, महिपाल सिंह, प्रशांत, देवी सिंह, महेश, हरिशंकर आदि रहे।

### सीओ कुलपहाड़ ने थाना अजनर का किया आकस्मिक निरीक्षण

**महोबा।** पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड ने गुरुवार को थाना अजनर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय परिसर, मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति कक्ष के अलावा अन्य शाखाओं का अवलोकन किया। सीओ कुलपहाड़ ने थाना कार्यालय में रखे विभिन्न अभिलेखों, अपराध पंजिका, जनशिकायत रजिस्टर, महिला संबंधित प्रकरणों के अभिलेख, मिशन शक्ति केंद्र रजिस्टर तथा अन्य लंबित अहिकमातों की गहन समीक्षा की गई। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के प्रभावी निस्तारण और जनजागरूकता गतिविधियों को और सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में व्यापक पुलिस प्रबंध सुनिश्चित करने के अलावा संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां विशेष सतर्कता रखने को कहा।

# विज्ञान प्रदर्शनी में नन्हें विज्ञानियों ने दिखाई प्रतिभा, सराहना की गई

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** एनएसटी स्कूल में 'सृजन' थीम ज्ञान विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बच्चों ने विज्ञान, कला, पर्यावरण, क्राफ्ट आदि विषयों पर स्वनिर्मित मॉडलों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अतिथियों ने बच्चों द्वारा तैयार किये गये माडलों की जमकर सराहना की गई।

प्रदर्शनी कार्यक्रम में छात्रों ने 100 से अधिक अभिनव एवं रचनात्मक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। इन प्रोजेक्ट्स में विज्ञान, पर्यावरण, तकनीकी नवाचार, सामाजिक जागरूकता और प्रदेश की सांस्कृतिक झलकियों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न झांकियों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं एवं लोक जीवन को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया।


प्रदर्शन का अवलोकन करते अतिथि। अमृत विचार

विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य आकर्षण का केंद्र रेलवे लोकोमोटिव इंजन, स्मार्ट सिटी एवं वायर लैस चार्जर, जल चक्र, आर्मी सेफ्टी अलार्म, एयरगन, न्यूटन मॉडल, फायर अलार्म, ऑटोमेटिक होम सेफ्टी अलार्म, वेस्ट मैटेरियल से उपयोगी वस्तुओं के निर्माण के मॉडल को लोगों का ध्यान आकर्षित किया। मुख्य अतिथि एसडीएम हेमंत पटेल ने कहा कि बच्चों ने विज्ञान, संस्कृति, सामाजिक सरोकारों को लेकर जो माडल तैयार किये वह न केवल प्रशंसनीय बल्कि उपयोगी भी है। सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने कहा कि वैज्ञानिक कहीं बाहर से नहीं आते है। हम और आपके बीच ही पैदा होता है। प्रदर्शनी में छात्रों ने अपने बौद्धिक क्षमता का जिस प्रकार प्रयोग किया है उसकी सराहना की जानी चाहिए। आगे भी छात्र ऐसा ही प्रदर्शन करते रहें। प्रबंधक बीएस तोमर ने कहा कि ज्ञान विज्ञान मॉडल के निर्माण से छात्रों में तार्किकता और बौद्धिकता का विकास होता है। उनमें विज्ञान के प्रति समझ भी बढ़ती है।

# घायल ग्रामीण की मदद न करने के विरोध में जाम किया हाईवे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कथित तीन माह पहले वन रेंजर अजनर की गाड़ी से घायल हुए किसान का आज तक वन रेंज अधिकारी ने न तो इलाज कराया और न ही कोई मदद की। इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने मरणासन्न पड़े घायल को कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लिटाकर रोड जाम किया। चार घंटे तक जाम लगा रहने के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे ने परिजनों को समझा बुझाकर और किसान की मदद का आश्वासन दिलाकर जाम खुलवाया। साथ ही तीन माह से जूझ रहे घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया।

10 दिसंबर 2025 को अजनर वन रेंजर की कार ने बरा गांव निवासी ख्याली प्रसाद को हाईवे में टक्कर मार दी थी। हादसे के तीन महीने बाद भी ख्याली प्रसाद की हालत गंभीर बनी हुई है। पत्नी राजकुमारी और मां कट्टोदेवी ने बताया कि इलाज के नाम पर उन्हें रेंजर और पुलिस से कोई मदद नहीं मिली। परिजनों ने बताया कि इलाज के लिए जमीन ट्रैक्टर और अनाज तक बेच दिया, जिससे उसका परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच गया है, इसके बाद भी उनकी हालत दयनीय बनी हुई है। घर में तीन बच्चे हैं और बेटी की शादी करनी है, जबकि घर का एकमात्र कमाने वाला व्यक्ति बिस्तर पर पड़ा है। रेंजर द्वारा कोई इलाज न कराने और मदद न करने के विरोध में गुरुवार को परिजनों के साथ ग्रामीणों ने कानपुर सागर हाईवे में बरा नाला के पास जाम लगा दिया। लगभग चार किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा, जिससे महोबा से छतरपुर, सागर, झांसी खजुराहो आने जाने वाले तमाम वाहन जाम में फंस गए। जाम की सूचना पर एडीएम और पुलिस क्षेत्राधिकारी चरखारी ने काफी मशक्कत के बाद परिजनों को समझाया। इसके बाद जाम खुला।

## बैठक | थाना अजनर परिसर में पर्वों के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

# त्योहारों पर अफवाह फैलाने वालों की खैर नहीं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** रमजान, होली और ईद-उल-फितर के मद्देनजर गुरुवार को क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड की अध्यक्षता में थाना अजनर परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई।

बैठक में गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, मस्जिदों के प्रबंधकों, पीस कमेटी सदस्यों सहित संभ्रांत व्यक्तियों ने प्रतिभाग कर अपने सुझाव और विचार प्रस्तुत किए। सीओ ने सभी को त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाए जाने की अपील की। पीस कमेटी की बैठक में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ ने कहा कि आगामी पर्व सामाजिक समरसता और एकता के प्रतीक हैं, इसलिए सभी लोग परंपराओं का पालन करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का


पीस कमेटी में मौजूद सीओ व लोग। अमृत विचार

सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, यदि कोई अफवाह फैलाते हुए मिलता है तो उसकी खैर नहीं और उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई होगी। उन्होंने आपसी भाईचारे भाईचारा, सौहार्द एवं पारस्परिक सम्मान बनाए रखते हुए पर्व मनाने पर जोर दिया। बैठक का उद्देश्य त्योहारों को सौहार्दपूर्ण, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराना है, जिसमें सभी के सहयोग की आवश्यकता होगी। साफ सफाई, जुलूस मार्ग, नमाज स्थलों की व्यवस्था, होलिका दहन स्थलों की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन एवं संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती पर चर्चा की गई। थाना प्रभारी अजनर ने अवगत कराया गया कि त्योहारों के दौरान क्षेत्र में सतत गश्त, मिश्रित पुलिस बल की तैनाती रहेगी।

### डीसीएम व कार की भिड़ंत में चार घायल

**जालौन।** देर रात कोंच रोड पर डीसीएम व कार में आमने सामने टक्कर होने से कार सवार चार युवक घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। वहां से उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया। बुधवार की देर रात करीब एक बजे एक कार कोंच की ओर जा रही थी और कोंच की ओर से एक डीसीएम मटर लादकर जालौन की ओर आ रही थी। कोंच रोड पर देवरी और उदोतपुरा के बीच दोनों वाहन आमने सामने आ गए और उनके बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा निवासी कार सवार सुमित, सौरभ, सुनील व वीरू गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से निकल रहे लोगों ने हादसे की सूचना यूपी 112 को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया।

# ट्रांसफार्मर के आसपास आग से यातायात हुआ प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** कांजी हाउस के पास गुरुवार की सुबह केबल में फाल्ट होने के कारण आग लग गई। ट्रांसफार्मर के आसपास आग लगने के कारण कुछ देर के लिए आवागमन ठप हो गया। दमकल ने पहुंचकर आग बुझाया और बिजली विभाग ने फाल्ट को सही करके आपूर्ति सुचारू कराई।

नगर में तहसील के पास कांजी हाउस के सामने 250 केवी के बिजली के दो ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। गुरुवार की सुबह अचानक फाल्ट होने के कारण वहां आग लग गई। वहां मौजूद लोगों की मानें तो वहां तेल रिसाव हुआ था और उसके बाद आग लग गई। आग लगने के कारण ट्रांसफार्मरों के आसपास आग की लपटें उठने लगी। ट्रांसफार्मर के आसपास से उठ रही आग की लपटें



देखकर वहां से निकल रहे लोग रुक गये। लोगों ने आग लगने की जानकारी बिजली विभाग, पुलिस व अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही तत्काल दमकल मौके पर पहुंची और सप्लाई बंद कराकर दमकल कर्मियों ने आग को बुझाया। पुलिस ने मौके पर पहुंच यातायात को रोक दिया था। आग बुझने के बाद यातायात सुचारू कराया गया। वहीं, घटना के बाद बिजली विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रांसफार्मर व केबिल में आई खराबी को ठीक किया और बिजली आपूर्ति बहाल कराई।

### ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**जालौन।** बंगरा मार्ग पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के पास दो दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में गल्ला व्यापारी की मृत्यु हो गई थी। मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कालोनी निवासी सक्षम गुप्ता ने रिपोर्ट दी कि 24 फरवरी को उनके पिता दीपचंद्र गुप्ता बाइक से जा रहे थे। छिरिया सलेमपुर के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे करीब तेज रफ्तार ट्रक ने पिता की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पिता बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके कमर, पैर और सिर में भी चोटें आई थीं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। बेटे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ट्रक व उसके चालक के खिलाफ तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## न्यूज ब्रीफ

### खाद्य पदार्थों के चार नमूने लिए

**चित्रकूट।** सहायक आयुक्त खाद्य शशांक त्रिपाठी ने बताया कि होली पर्व विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बीते दो दिन में चार नमूने इकट्ठा किए। साथ ही 98 किग्रा कचरी सीज की गई।

### आंगनबाड़ी सहायिकाओं कार्यकर्ताओं का चयन

**चित्रकूट।** डीएम ने गुरुवार को आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं कार्यकर्ताओं के चयन को अंतिम रूप दिया। आनलाइन पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के आधार पर सहायिकाओं के 542 पदों के सापेक्ष 487 पदों पर एवं कार्यकर्ताओं के आठ पदों के सापेक्ष पांच पदों पर चयन को अंतिम रूप दिया।

### बैठक का हुआ आयोजन

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वावधान में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में गुरुवार को जिला जज शेषमणि शुक्ला की अध्यक्षता में बैठक हुई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इला चौधरी ने बताया कि जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिह्नित कर निस्तारण के लिए बल दिया। अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे ऐसे मामलों, जिनको लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सके, को चिह्नित कर पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामील कराते हुए निस्तारित कराने का प्रयास करें।

# मंदिर में बदमाशों का धावा वृद्ध पुजारी से की मारपीट

## लगातार हो रही घटनाओं से लोगों में दहशत व आक्रोश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिले में चोरी की वारदातें बढ़ रही हैं। इससे लोगों में दहशत भी बढ़ रही है। बुधवार रात हाईवे किनारे स्थित एक मंदिर में बदमाशों ने धावा बोला और वृद्ध पुजारी के साथ जमकर मारपीट की। सीतापुर चौकी प्रभारी यदुवीर सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और पुजारी को अपने वाहन से अस्पताल भिजवाया।

24 फरवरी की रात कोतवाली अंतर्गत कोलगदहिया गांव के मजरे कछारपुरवा में चोरों ने एक टीवी मैकेनिक के घर पर चोरों ने ताला तोड़कर लाखों का सामान और नकदी पार कर दी थी। अगली रात बदमाशों ने हाईवे किनारे स्थित हनुमानजी मंदिर में धावा बोला। बताया जाता है कि रात लगभग ढाई बजे दो से तीन युवक मुंह बांधकर मंदिर में घुसे और कमरे में सो रहे पुजारी बच्चीलाल (80) को जगाया। उसके रुपये और अन्य सामान ले जाने लगे। विरोध करने पर युवकों ने वृद्ध पुजारी के साथ जमकर मारपीट की। पुजारी की आंख और पैरों में चोटें आई है।

सूचना पर पहुंचे सीतापुर चौकी प्रभारी यदुवीर सिंह ने घटना की जानकारी ली और वृद्ध पुजारी को अपने वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। साथ ही उन्होंने बताया कि बदमाशों का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



घायल पुजारी को देखती सीतापुर चौकी पुलिस। अमृत विचार

### पहले भी हो चुकी हैं कई घटनाएं

- हनुमानजी मंदिर में पहले भी चोरी की कई छिटपुट घटनाएं हो चुकी हैं। मारपीट की यह दूसरी घटना है। इसके अलावा कुछ महीने पहले पास की एक गुमटी में भी चोरी हुई थी। बताया जाता है कि कुछ दूरी पर स्थित पेट्रोल पंप के पास भी चोरों ने चोरी की कोशिश की थी। लोगों ने यहां रात्रि गश्त की मांग की। चौकी प्रभारी ने बताया कि परीक्षा में पुलिसकर्मी लगने की वजह से फिलहाल स्टाफ की कुछ कमी है पर रात में यहां नियमित गश्त की जा रही है।

# पाइप लाइन के लिए खोदी सड़कों को तुरंत बनाया जाए

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने बैठक कर जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की समीक्षा की। सीडीओ ने पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की स्थिति पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि सड़कों का गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण तत्काल किया जाए।





जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में निर्देश देते मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल।

सीडीओ ने कहा कि सड़कों को मानक अनुसार बनाया जाए और लोक निर्माण विभाग की अनुमति के बाद ही पाइप लाइन बिछाई जाए। कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं अन्य लोगों को हिदायत दी कि शिथिलता बरतने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सीडीओ ने बताया कि जल जीवन मिशन केंद्र सरकार की एक अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर को पेयजल की समस्या से स्थाई निजात दिलाना है। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को मैनपावर बढ़ाकर अवशेष कार्यों को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव, अधिशासी अभियंता जल निगम आशीष भारती, सहायक अभियंता एवं विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

- बैठक में सीडीओ ने मातहतों को दिए कड़े निर्देश

# गलत नीतियों से रुपये के साथ साख भी गिरी : अमित यादव

**चित्रकूट।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक में सरकार की नीतियों की आलोचना की गई। जिला सचिव अमित यादव एडवोकेट ने कहा कि इन नीतियों से रुपये के साथ साथ देश की भी साख गिरी है।

अमित ने कहा कि देश को चांद पर पहुंचने का सपना दिखाने वाली भाजपा सरकार ने देश को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास में पीछे कर दिया है। हताश नौजवान 10 से 12 हजार रुपये की प्राइवेट नौकरी करने को मजबूर है। सरकार कारपोरेट जगत को लाभ पहुंचाने के लिए तीन लेबर कोड बिल ले आई। विश्व के चर्चित घिनौने प्रकरण एप्स्टीन फाइल में नाम आने पर भी इस्तीफा नहीं दिया जा रहा। बुंदेलखंड का किसान मजदूर से भी बदतर स्थिति में पहुंच गया है। हर विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। बैठक में पंचायत चुनावों में पार्टी सक्रियता के साथ भागीदारी करने व पार्टी नवीनीकरण शुल्क जल्द जमा करने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता रामप्रसाद सिंह ने की। संदीप पांडेय, चंद्रपाल पाल, कमलेश प्रसाद यादव, सुशील सिंह, शिवनरेश सिंह, अंजनी विश्वकर्मा, रणधीर, हनुमान, राजेंद्र कुमार, धनपत सिंह, प्रद्युम्न यादव, शिवबरन, रामनरेश मिश्रा, भूषण, सियाराम वर्मा आदि मौजूद रहे।





हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना करते सीडीओ। अमृत विचार

# झांसी टूर के लिए वाहन को दिखाई हरी झंडी

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने बताया कि गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने पांच बसों में 180 छात्राओं, वार्डेन, सहयोगी स्टाफ व प्रत्येक बस में एक महिला होमगार्ड व एक पुलिसकर्मी सहित कुल 230 लोगों को झांसी किला एवं संग्रहालय के भ्रमण के लिए हरी झंडी दिखाई। बताया कि कार्यालय में समिति गठित की गयी है, जो पल-पल लाइव लोकेशन व दूरभाष के माध्यम से निगरानी करेगी।

# लिंग परीक्षण पर रोक को मुखबिरों का सहयोग लें

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में गुरुवार को गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के प्रभावी क्रियांन्वयन के लिए गठित जनपद स्तरीय सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक हुई। सेंटरों में लिंग परीक्षण जैसे अवैध कार्यों पर रोक लगाने के लिए मुखबिर योजना लागू करने पर जोर दिया।

डीएम ने सरकारी एवं निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी डा. भूपेश द्विवेदी को निर्देशित किया कि केंद्रों के पंजीकरण, नवीनीकरण की अवधि और उनके संचालन की विस्तृत रिपोर्ट दें। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि किसी भी अल्ट्रासाउंड केंद्र में सांकेतिक चित्र या फोटो नहीं होने चाहिए। इसका उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित केंद्र के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाएगी। लिंग चयन जैसे अवैध कार्यों पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी ने 'मुखबिर योजना' को सक्रिय करने पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जो लोग इस मुखबिर योजना के लिए इच्छुक हैं, उन्हें हिडन कैमरा व अन्य तकनीकी संसाधनों के साथ तैनात किया जाए। उन्होंने समिति के सदस्यों से भी इस अभियान में सहयोग की अपील की। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम, जिसमें एसडीएम एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी हैं, को जनपद के अल्ट्रासाउंड सेंटरों का नियमित एवं औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि लिंग चयन, कन्या भ्रूण हत्या या अवैध गर्भपात जैसे गैर-कानूनी कार्यों में संलिप्त केंद्रों और चिकित्सकों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। निर्देशित किया कि ऐसे दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराकर सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में डा. जीआर रतमेले, डा. शैलेंद्र कुमार, डा. एससी अग्रवाल, डा. राजेंद्र प्रताप, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला शासकीय अधिवक्ता श्यामसुंदर मिश्रा, सदस्य श्याममूरत गौतम, दिव्या त्रिपाठी, राखी रहीं।



जनपद स्तरीय सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार

- बैठक में जिलाधिकारी ने दिए कड़े निर्देश

# माइनिंग प्रभावित क्षेत्रों में किए जाएं विकास के काम

**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में जिला खनिज न्यास निधि अंतर्गत शासी परिषद एवं प्रबंध समिति की बैठक हुई। डीएम ने माइनिंग प्रभावित क्षेत्रों में जनहितकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। समिति को निर्देशित किया गया कि आगामी कार्ययोजना में स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े प्रस्तावों पर विशेष ध्यान दिया जाए। माइनिंग क्षेत्रों में होने वाली अस्थमा और टीबी जैसी बीमारियों पर चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने क्रशर मालिकों को निर्देश दिए कि सड़कों और कार्यस्थलों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव करें।

# तीन लोगों ने दिया वारदात को अंजाम

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** मुख्यालय से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर कोलगदहिया के मजरे कछारपुरवा में दूसरे दिन भी पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा। हालांकि सीसीटीवी फुटेज से पुलिस इनका पता लगा रही है। इसमें एक दिव्यांग और दो अन्य लोग संदिग्ध अवस्था में नजर आ रहे हैं।

मंगलवार देर रात चोरों ने टीवी मैकेनिक मूलचंद्र गुप्ता के कछारपुरवा स्थित सूने घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की नकदी और जेवर पार कर दिए थे। पूरी वारदात करीब आधे घंटे में अंजाम दी गई। जिस तरह से चोरी की गई, उससे यह तो साफ है कि किसी जानकार का इसमें हाथ है। पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में तीन संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियां कैद हुई हैं। पड़ोसी के घर में लगे कैमरे में रात नौ बजकर 58 मिनट पर तीन संदिग्ध व्यक्ति घर के पास जाते दिखाई दिए। इनमें से एक व्यक्ति दिव्यांग प्रतीत हो रहा है और बिना चेहरा ढके चलता दिखा, जबकि अन्य दो संदिग्धों ने मुंह ढक रखा था। ऐसा लगता था कि इनको पास लगे कैमरे का अंदाजा था, जिससे ये बचने की कोशिश कर रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, उसी रात सड़क पर एक व्यक्ति बिना नंबर की बाइक के साथ खड़ा भी दिखा था, जिसने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। जिस तेजी और सटीक तरीके से चोरी हुई, उससे ग्रामीणों को आशंका है कि चोरों को घर और इलाके की पूरी जानकारी थी। लोगों का कहना है कि मुहल्ले में देर रात तक आवाजाही रहती है और कुछ संदिग्ध गतिविधियां भी लंबे समय से चल रही हैं, जिससे बाहरी लोगों की मौजूदगी सामान्य लगती है।

### पहले भी हो चुकी है चोरी

- ग्रामीणों ने बताया कि 29 मई 2025 को पास ही फौजी विनोद पटेल के घर भी चोरी हुई थी, जिसमें नकदी और लाखों के जेवर चोरी हुए थे। दस माह बीतने के बाद भी उस घटना का खुलासा नहीं हो सका है। ताजा वारदात उसी घर से एक खेत की दूरी पर हुई है। लगातार चोरी की घटनाओं से कछारपुरवा में दहशत का माहौल है। लोग रात में जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

- कछारपुरवा में मंगलवार देर रात हुई थी चोरी



शिवपाल यादव से मुलाकात करते हुए युवा सपा नेता अजय राज त्रिपाठी।

# कार्यकर्ता आम जनमानस की समस्याओं को उठायें

**मऊ (चित्रकूट)।** सपा यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव अजयराज त्रिपाठी ने लखनऊ में पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव से मिलकर चित्रकूट आने का न्योता दिया। कहा कि उनके दौरे से बुंदेलखंड क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का संचार होगा।

शिवपाल ने अजय राज के संगठन के प्रति समर्पण की खुले मन से प्रशंसा की। युवाओं को नसीहत देते हुए कहा कि अभी से बूथ स्तर पर जुट जाना ही 2027 की जीत का आधार बनेगा। उन्होंने अजय राज को निर्देश दिए कि वह आम जनमानस की समस्याओं को प्रखरता से उठाएं और पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाएं। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि अजय राज जैसे समर्पित कार्यकर्ता पार्टी के भविष्य को उज्ज्वल बना रहे हैं।

- अजय राज ने शिवपाल को चित्रकूट आने का दिया न्योता

# ट्रक चालक की हत्या में खलासी को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** ट्रक चालक की हत्या कर शव को यमुना नदी में फेंकने के मामले में दोषी खलासी को सत्र न्यायधीश शेषमणि ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसे 15 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि 10 अगस्त 2023 को रायबरेली जिले के ऊंचाहार थानांतर्गत कोटरा बहादुरगंज के निवासी शिवसिंह ने राजापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भाई शिवशंकर यादव ट्रक चलाता था और उसके साथ गांव का ही रवि गौतम गाड़ी में क्लीनर (खलासी) था। शिवशंकर आठ अगस्त 2023 को रवि के साथ कटनी (मध्य प्रदेश) से चावल लादकर लखनऊ जा रहा था। रास्ते में दोनों के बीच मोबाइल गुम हो जाने को लेकर विवाद हो गया। इसकी सूचना शिवशंकर ने ट्रक मालिक को दी थी। इसके बाद वाहन के राजापुर में यमुना पुल पर पहुंचने पर रवि ने शिवशंकर पर लोहे के राड से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया था और शव यमुना नदी में फेंक दिया था। इसके बाद रवि खुद ट्रक चलाकर नवाबगंज (प्रतापगढ़) ले गया और वहां ट्रक खड़ा करके भाग निकला। चालक का मोबाइल बंद होने पर ट्रक मालिक जीपीएस सिस्टम के जरिए गाड़ी के पास पहुंचा। साथ ही गांव में मृतक के परिजनों ने भी संदेह के आधार पर आरोपी रवि गौतम को पकड़ लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद यमुना में शव की तलाश शुरू की और तीन दिन बाद शिवशंकर का शव बरामद किया था। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। घटना के कुछ दिन बाद मृतक के बड़े भाई और इस मुकदमे के वादी शिव सिंह का भी सदमे से निधन हो गया था। इसके बाद ट्रक मालिक और मृतक के दूसरे भाई ने इस मामले में न्यायालय में गवाही दी थी। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को जिला जज शेषमणि ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध आरोपी रवि गौतम को आजीवन कारावास और 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा दी।

- हत्या करने के बाद शव को यमुना नदी में फेंक दिया था

**आक्रोश** — कानून बनाकर टेट की अनिवार्यता से सरकार करे मुक्त : अखिलेश

# शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता पर भड़के शिक्षक

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) की अनिवार्यता को लेकर परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का आक्रोश कम नहीं हो रहा। इसके विरोध के आंदोलन के क्रम में गुरुवार को शिक्षकों ने शिक्षक टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय के समक्ष काली पट्टी बांधकर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। शिक्षकों ने मांग की कि केंद्र सरकार कानून बनाकर टेट की अनिवार्यता को समाप्त करे और शिक्षकों को इस अनिवार्यता से मुक्त करे।

शिक्षकों का कहना था कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने की तिथि से पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट दी जाए। प्रदर्शन की अगुवाई करते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 दिनांक 27 जुलाई 2011 से लागू किया गया है। इसके अनुसार, अधिनियम के प्रभावी होने की तिथि से अथवा उसके उपरांत नियुक्त होने वाले शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य किया गया है, जबकि उसके पूर्व में नियुक्त सभी शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से मुक्त रखा गया है।

अखिलेश ने कहा कि अब सुप्रीम कोर्ट के एक सितंबर 2025 के निर्णय से देश के सभी राज्यों में अधिनियम लागू होने की तिथि से पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को भी सेवा में बने रहने अथवा पदोन्नति के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है, जो कि पूर्व में नियुक्त शिक्षकों के साथ सरासर अन्याय है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार को इस मामले में जल्द से जल्द कोई निर्णय लेना होगा। केंद्र सरकार इस संबंध में अध्यादेश लाकर संसद में कानून पास कर आरटीई से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट प्रदान करें। अगर केंद्र सरकार जल्दी ही कोई फैसला नहीं लेती तो शिक्षक दिल्ली में धरना प्रदर्शन करेंगे।





प्रदर्शन करते परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक। अमृत विचार



ज्ञापन देने से पूर्व शिक्षकों को संबोधित करते जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय। अमृत विचार

### सरकार चाहे तो बदल सकती है स्थिति

- पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार इस मामले में डॉल्फिन रीति अपना रही है। केंद्र सरकार जब चाहे अध्यादेश लाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदल सकती है। प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आलोक गर्ग ने कहा कि शिक्षकों की एकजुटता के आगे सरकार को एक न दिन झुकना ही पड़ेगा।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**चित्रकूट।** पन्ना जिला निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने इस संबंध में डीआईजी बांदा को पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच करने और सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करने की मांग की है।

परिजनों के अनुसार, राधे साहू (35) छतरपुर और कर्वी के बीच फेरी लगाता था। 21 फरवरी की शाम पुलिस को सूचना मिली कि नशे की हालत में एक व्यक्ति बेड़ी पुलिया के पास भटक रहा है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों का आरोप है कि कुछ समय बाद सूचना मिली कि युवक ने अस्पताल परिसर में पेड़ पर चढ़कर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। परिजनों का कहना है कि अस्पताल रजिस्टर में भर्ती से जुड़ा कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है, जिससे संदेह और गहरा गया है। उनका आरोप है कि यह मामला आत्महत्या नहीं बल्कि साजिशन हत्या का हो सकता है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम SHVIAM OMAR अंकित है और आधार कार्ड नंबर 459038138566 में नाम SHIVAM OMAR दर्ज है। SHVIAM OMAR व SHIVAM OMAR दोनों ही हमारे नाम हैं। शिवम ओमर पुत्र सतीश चन्द्र निवासी व पोस्ट ठठिया, तिर्वा जनपद कन्नौज।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे हाई स्कूल अंक पत्र में मेरा नाम अखिल यादव AKHIL YADAV S/O BHANU PRATAP YADAV अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या–957444346690 में मेरा नाम आशु कुमार यादव ASHU KUMAR YADAV S/O BHANU PRATAP YADAV अंकित है। जो गलत है। मेरा सही नाम अखिल यादव AKHIL YADAV S/O BHANU PRATAP YADAV निवासी ग्राम दुर्गाखेड़ा, (अटहरी), पोस्ट व थाना अजगैन, तहसील हसनगंज, जिला उन्नाव है **अतः मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायें**

**सूचना**
मैं चन्द्रावती पत्नी हजारी लाल निवासी रामगंज बाजार पो. मोहगंवा जिला रायबरेली की निवासी हूं। मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 236703489 है। पालिसी में नाम चन्द्रावती लिख गया है जबकि बैंक खाता और आधार कार्ड में इन्द्रावती है। पालिसी में नाम इन्द्रावती किया जाये। दोनों नाम मेरे ही है।

**सूचना**
मैं अजय कुमार सोनी पुत्र सामसुतराम प्रकाश सैनी निवासी हनुमानगढ़ी की गली राजामार्केट परकीन्सगंज चौक सुलतानपुर थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर में मेरा नाम आधार कार्ड पैन कार्ड में अजय कुमार सोनी (AJAY KUMAR SONI) लिखा है, जो सही है, जबकि मेरे हाईस्कूल की अंकपत्र प्रमाणपत्र में मेरा नाम राज सोनी (RAJ SONI) लिखा है जो गलत है. अतः मुझे अजय कुमार सोनी (AJAY KUMAR SONI) के नाम से जाना व पहचाना जायें

# अमृत विचार

शुक्रवार, 27 फरवरी 2026




स्वास्थ्य सबसे बड़ा उपहार है। संतोष सबसे बड़ा धन है। वफादारी सबसे बड़ा संबंध है।

–महात्मा बुद्ध



## पाठ्यपुस्तक और प्रतिष्ठा

यदि किसी संवैधानिक संस्था- विशेषकर न्यायपालिका को त्रुटिपूर्ण या भ्रामक तथ्यों के आधार पर प्रस्तुत किया जाए, तो उसका प्रभाव केवल अकादमिक नहीं, संस्थागत विश्वसनीयता पर भी पड़ता है। कैशोर्य में स्थापित धारणा दीर्घकालिक होती है। अतः कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' संबंधी संदर्भों पर सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप और असाधारण कड़ा रुख पूरी तरह सही है, हालांकि इस कठोर प्रतिक्रिया को देख कर यह प्रश्न स्वाभाविक है कि एनसीईआरटी द्वारा अतीत में इतिहास, राजनीति, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की पुस्तकों में हुए विवादित बदलावों पर सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान ले कर ऐसी त्वरित कारगुजारी क्यों नहीं की? संभवतः न्यायालय सामान्यतः नीतिगत-शैक्षिक सामग्री में हस्तक्षेप से बचता है पर संविधान-विरोध या गंभीर विधिक उल्लंघन के मामले में अधिक सक्रिय रहता है।

न्यायालय द्वारा आपत्तिजनक सामग्री पर रोक, पुनर्मुद्रण रोकना और डिजिटल प्रसार पर प्रतिबंध तकनीकी युग में पूर्णतः लागू करना कठिन अवश्य है, पर यह स्पष्ट संदेश देता है कि संस्थागत प्रतिष्ठा से समझौता नहीं होगा, हालांकि दीर्घकालिक समाधान सेंसरशिप नहीं, बल्कि गुणवत्ता-नियंत्रण और संतुलित अकादमिक विमर्श है। जाहिर है पुस्तक के उक्त अध्याय में न्यायपालिका के मात्र दोषों का उल्लेख हो और राजनीति व व्यवस्थापिका की समांतर चर्चा न हो, तो यह संतुलनहीनता है। यदि देश में भष्टाचार चहुंओर है, तो लोकतंत्र की तीनों शाखाओं में उसकी व्याप्ति को समग्रता में पढ़ाया जाना चाहिए। न्यायपालिका की ऐतिहासिक उपलब्धियों मौलिक अधिकारों की रक्षा, जनहित याचिकाएं, आपातकालीन दुरुपयोग पर अंकुश का उल्लेख न होना, अधूरा चित्र प्रस्तुत करता है। एनसीईआरटी का यह कहना कि त्रुटि 'अनजाने' में हुई, सहज स्वीकार्य नहीं। पाठ्यपुस्तक निर्माण बहु-स्तरीय प्रक्रिया है। लेखन, समीक्षा, संपादन, विशेषज्ञ समिति और उच्चस्तरीय स्वीकृति। यदि इन सबके बाद भी तथ्यात्मक या संदर्भगत भूल रह गई, तो जानबूझकर की गई क्यों न मानी जाए। सार्वजनिक खेद स्वागतयोग्य है पर इसकी आड़ ले, दायित्व से बचने की बजाए पारदर्शी जांच, जिम्मेदारी तय करने और सुधारात्मक उपाय लागू होने चाहिए। दोष केवल एनसीईआरटी तक सीमित नहीं हो सकता। शिक्षा मंत्रालय और व्यापक नीतिगत ढांचा भी इसके लिए समान रूप से उत्तरदायी हैं। पाठ्यक्रम परिवर्तन अक्सर राजनीतिक-सामाजिक विमर्श से प्रभावित होते हैं, ऐसे में पारदर्शिता और बहु-विचारधारात्मक समीक्षा अत्यंत अनिवार्य है। यदि यह सिद्ध हो कि प्रकाशन न्यायपालिका को कलंकित करने के उद्देश्य से जानबूझकर किया गया, तो यह गंभीर कदाचार है। तथ्यों का विकृतिकरण, शिकायतों की संख्या को संदर्भ-विहीन प्रस्तुत करना या पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की टिप्पणियों को गलत अर्थ में उद्धृत करना, ये सब संस्थागत अवमानना की सीमा तक जा सकते हैं और भारी सज़ा की वजह बन सकते हैं, पर आपराधिक अवमानना तब बनती है जब न्याय के प्रशासन में बाधा उत्पन्न हो या न्यायालय की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का उद्देश्य स्पष्ट हो, किंतु इसके लिए दुर्भावना और आशय का प्रमाण आवश्यक है।

### प्रसंगवश

## अल्फ्रेड पार्क के अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद

भारतीय इतिहास के आकाश में 27 फरवरी का दिन उस नक्षत्र की याद दिलाता है, जिसकी चमक से ब्रिटिश साम्राज्यवाद की आंखें चौंधिया गईं थीं। यह दिन उस महामानव के बलिदान का साक्षी है, जिसने अपनी प्रतिज्ञा को अपने प्राणों से भी ऊंचा स्थान दिया। चंद्रशेखर आजाद, एक ऐसा नाम, जिसके स्मरण मात्र से धमनियों में रक्त का संचार तीव्र हो जाता है और हृदय में राष्ट्र भक्ति का ज्वार उमड़ पड़ता है। आजाद केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार थे, एक ऐसी जलती हुई मशाल थे, जिसने गुलामी के घोर अंधकार में करोड़ों भारतीयों को स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया। उनका संपूर्ण जीवन एक ऐसी महागाथा है, जिसका प्रत्येक अध्याय साहस, त्याग और स्वाभिमान की स्याही से लिखा गया है।

मध्य प्रदेश के भाबरा गांव में 23 जुलाई 1906 को जन्मे चंद्रशेखर सीताराम तिवारी का बचपन अभावों की गोद में बीता। उनके पिता एक साधारण किसान थे, जो कड़ी मेहनत से परिवार का भरण-पोषण करते थे, लेकिन उस बालक की आंखों में नियति ने कुछ और ही स्वप्न सजो रखे थे। वे बचपन से ही निडर और साहसी थे, अन्याय को सहना उनके स्वभाव में नहीं था। जब 1921 में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन की पुकार काशी की गलियों में गूंजी तो 14 वर्ष का यह बालक अपनी पढ़ाई छोड़कर राष्ट्र की वेदी पर आ खड़ा हुआ।




श्वेता गोयल

शिक्षिका


काशी की तंग गलियों में हाथ में तिरंगा लिए जब वह बालक अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध गर्जना कर रहा था, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह छोटा सा किशोर आगे चलकर ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला देगा। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया और मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। उस कचहरी का दृश्य आज भी रोंगटे खड़े कर देता है। मजिस्ट्रेट ने जब रौब से नाम पूछा तो बालक ने निर्भय होकर उत्तर दिया, 'आजाद'। पिता का नाम पूछने पर कहा, 'स्वतंत्रता' और निवास का पता बताया, 'जेलखाना'। मजिस्ट्रेट इस धृष्टता पर तिलमिला उठा और उसने 14 साल के उस कोमल शरीर को 15 कोड़ों की सजा सुनाई।

सरेआम उस बच्चे को निर्वस्त्र कर टिकटी से बांध दिया गया। भारी और मोटे बेंत का हर प्रहार उसकी खाल उधेड़ रहा था। पीठ से खून के फव्वारे छूट रहे थे, लेकिन उस बालक की आंखों में दर्द नहीं, बल्कि एक अलौकिक गर्व था। हर कोड़े की मार पर वह पूरी ताकत से चिल्लाता था, 'वंदे मातरम!', 'भारत माता की जय!' 15 कोड़े पूरे होने तक उसका शरीर मांस का लोथड़ा बन चुका था, हड्डियां दिखाई देने लगी थीं, लेकिन उस वीर ने एक भी आंसू नहीं गिराया। जेल के डॉक्टर जब घावों पर दवा लगाते तो वह बच्चा दर्द से तड़पता जरूर था पर उसके होंठों पर मुस्कान और हृदय में प्रतिशोध की ज्वाला थी। इसी दिन से वह दुनिया के लिए 'आजाद' बन गए।

असहयोग आंदोलन के वापस लिए जाने से आजाद का मोहभंग हुआ और वे सशस्त्र क्रांति की ओर मुड़ गए। उनकी क्रांतिकारी यात्रा का एक स्वर्णिम पड़ाव 'काकोरी कांड' था। नौ अगस्त 1925 को लखनऊ के पास सरकारी खजाने से भरी ट्रेन को लूटकर क्रांतिकारियों ने फिरंगियों को सीधी चुनौती दी। इस कांड के बाद कई साथी पकड़े गए, लेकिन अपनी चतुराई और वेश बदलने की कला में माहिर आजाद पुलिस की आंखों में धूल झोंककर बच निकले। संगठन बिखर चुका था पर आजाद का हौसला नहीं। 1928 में उन्होंने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जैसे युवा मेधावियों के साथ मिलकर 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' की नींव रखी। आजाद इस संगठन के सेनापति थे। भगत सिंह जैसे प्रखर बुद्धिजीवी भी उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते थे।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# आतंकवाद से निपटने के लिए भारत का 'प्रहार'







विवेक सक्सेना

अयोध्या


केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आतंकवाद विरोधी नीति जारी की है। इसे आतंकवाद के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस के तहत सुरक्षा ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को अपनी पहली राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति और रणनीति, 'प्रहार' जारी कर राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और निर्णायक बदलाव किया है। ये नीति ऐसे समय में जारी की गई है, जब देश सीमापार प्रयोजित आतंक, ड्रोन आधारित हमले, हथियारों की तस्करी, साइबर हमले और आतंकियों के स्लीपर सेल आदि गंभीर चुनौतियों का लगातार सामना कर रहा है। गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए स्ट्रेटेजी डॉक्यूमेंट में कहा गया है कि 'भारत आतंकवाद को किसी खास धर्म, जाति, राष्ट्रीयता या सभ्यता से नहीं जोड़ता है।' देश लंबे समय से सीमा पार से 'प्रायोजित आतंकवाद' से प्रभावित रहा है, जिसमें 'जिहादी आतंकी संगठन और उनके फ्रंटल संगठन' हमलों की प्लानिंग करते रहते हैं और उन्हें अंजाम देते हैं।

डार्क वेब और क्रिप्टो-फाइनेंसिंग जैसे आधुनिक खतरे भी देश के लिए बड़ी चुनौती हैं। यह नीति जल, थल और वायु तीनों मोर्चों पर सुरक्षा को मजबूत करने और बुनियादी ढांचे की रक्षा करने पर जोर देती है। इसमें अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) जैसे वैश्विक आतंकी समूहों का नाम लेते हुए कहा गया है कि उन्होंने स्लीपर सेल के जरिए भारत में हिंसा भड़काने की कोशिश की है, जबकि दूसरे देशों से काम करने वाले हिंसक अतिवादियों ने आतंवाद को बढ़ावा देने की साज़िशें रची हैं।

पहलगाम में आतंकियों के हाथों हुआ नरसंहार केवल निर्दोष लोगों के जीवन पर हमला नहीं था। यह भारत की अंतरात्मा पर भी किया गया आक्रमण था। इसके प्रत्युत्तर में भारत ने आतंकवाद रोधी कार्रवाई की नियम पुस्तिका के पुनर्लेखन का निर्णय लिया।

'प्रहार' का अर्थ है 'स्ट्राइक्स', जो भारत के 'जीरो-टॉलरेंस' दृष्टिकोण को एक मजबूत और सक्रिय ढांचा प्रदान करता है। यह नीति सुरक्षा ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आतंकी संगठन जिस तरह लगातार संगठित हमले और गतिविधियां कर रहे हैं, उसे देखते हुए यह समय की मांग है कि इससे सख्ती से निपटा जाए और इसके लिए रणनीतियों में भी एक समन्वय हो। यही वजह है कि सात मुख्य स्तंभों पर आधारित 'प्रहार' में आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक प्रयासों में तालमेल बैठाने पर भी खासा जोर दिया गया है। गृह मंत्रालय ने एफआईआर दर्ज करने से लेकर मुकदमा चलाने तक, जांच के हर स्तर पर कानूनी जानकारों को शामिल करने का सुझाव दिया है, ताकि अपराधियों के खिलाफ केस मजबूत हो सके।

इस नीति में आतंकवादी हमलों को होने से पहले ही रोकना। खतरे के अनुरूप त्वरित और कठोर जवाब। पूरे सरकारी दृष्टिकोण के साथ आंतरिक क्षमताओं को एक साथ लाना। विधि के शासन का पालन करते हुए कार्रवाई करना। कट्टरपंथ के कारणों को समाप्त करना। अंतर्राष्ट्रीय और खुफिया जानकारी साझा करना। 'संपूर्ण-समाज' दृष्टिकोण के माध्यम से सुरक्षा को मजबूत करने पर खासा जोर दिया गया है। इसमें यह भी बताया गया है कि विदेश में मौजूद ग्रुप हमले करने के लिए लोकल इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स और इलाके की जानकारी पर ज़्यादा निर्भर हो रहे हैं।

'प्रहार' नीति न केवल आतंकवाद को एक आपराधिक कृत्य मानती है, बल्कि उसे एक व्यापक 'शत्रुतापूर्ण नेटवर्क' के रूप में देखती है। यह नीति 2025 में 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी निर्णायक कार्रवाइयों के बाद के सुरक्षा परिदृश्य के अनुकूल है, जो पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद को कड़ी चुनौती देती है। भारत अब अपनी सुरक्षा नीति में रक्षात्मक से आक्रामक प्रतिरोध की ओर मजबूती से बढ़ गया है। यह नीति आतंकवाद के खिलाफ मोदी की सबसे स्पष्ट अभिव्यक्ति है।

आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री मोदी अपने सिद्धांत और उसके तीन स्तंभ पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं। पहले प्रमुख स्तंभ में आतंकवादी घटनाओं का भारत की शर्तों पर निर्णायक उत्तर निहित है। भारत पर किसी भी आतंकवादी हमले का भारत की शर्तों पर ही करारा जवाब दिया जाएगा। देश आतंकवाद की जड़ों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि इसकी साजिश रचने वाले और प्रायोजक अपनी करनी का फल अवश्य भुगतें। भारत परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियों या दबाव के आगे बिल्कुल नहीं झुकेगा।

इसमें इस बात पर भी बल दिया गया है कि परमाणु हथियारों को ढाल बनाकर आतंकवाद का बचाव करने के किसी भी प्रयास का सटीक और निर्णायक कार्रवाई से जवाब दिया जाएगा। आतंकवादियों को शरण देने, उन्हें धन देने या उनके लिए धन की व्यवस्था करने या आतंकवाद का समर्थन करने वालों को भी उनके समान ही परिणाम भुगतने पड़ेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं कि नीति का वास्तविक परीक्षण इसके क्रियान्वयन से ही होगा।

किसी भी नीति की सफलता व्यक्ति या संस्था विशेष पर ही निर्भर नहीं करती है। इसके लिए देश की सभी खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों, पुलिस व अर्धसैनिक बलों इत्यादि के बीच उचित समन्वय, संसाधन के साथ-साथ तकनीकी क्षमता का विस्तार और दृढ़ इच्छा शक्ति भी नियमित बेहद जरूरी होगी। इसकी सफलता अब इसके प्रभावी कार्यान्वयन, आधुनिक तकनीक में निवेश और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय पर निर्भर करेगी। ऐसा होने के बाद ही 'प्रहार' सही मायने में देश को आतंकवाद से मुक्त कराने की दिशा में मजबूत और कारगर साबित होगा। भविष्य की दिशा 'प्रहार' राज्य-प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ सीमा-पार कार्रवाई को वैध बनाती है और वैश्विक मंचों पर सहयोग बढ़ाती है। यह पूर्व-सक्रिय रणनीति से भारत को मजबूत बनाएगी, लेकिन क्षमता निर्माण और कानूनी सुधार आवश्यक हैं।

### आमने



लिखित उत्तर और मंत्री की तरफ से दिया गया जवाब अलग-अलग है। मंत्री बहुत सज्जन, सीधे हैं और बाड़मेर के प्रभारी मंत्री हैं, लेकिन बाड़मेर जाते हैं, तो इन्हें काम नहीं करने दिया जाता। गृह क्षेत्र पाली में रहते हैं, तो वहां भी इन्हें काम नहीं करने दिया जाता।

–हरीश चौधरी
कांग्रेस विधायक, राजस्थान

### सामने



जिनके घर शीशे के बने होते हैं, वह दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं फेंका करते। कांग्रेस की सरकार के समय जो दावे आए थे, उनमें से 21 के क्लेम का निस्तारण हमारी सरकार ने किया। आपकी तो पूरी योजना ही फेल हो गई। हम तो 42 लाख पशुओं के बीमा करेंगे।

–जोराराम कुमावत
पशुपालन मंत्री, राजस्थान सरकार

# कनिंघम ने नहीं, जगत सिंह ने खोजा था सारनाथ




निरंकार सिंह

वरिष्ठ पत्रकार


विश्वविख्यात बौद्ध तीर्थ सारनाथ की खोज बाबू जगत सिंह ने की थी। बाद में इसका श्रेय एलेक्जेंडर कनिंघम ने ले लिया।

विश्वविख्यात बौद्ध तीर्थस्थल सारनाथ की खोज के ऐतिहासिक तथ्य इस बात की पुष्टि करते हैं कि इसकी खोज वाराणसी के बाबू जगत सिंह ने की थी। बाद में इसकी खोज का श्रेय एलेक्जेंडर कनिंघम ने लिया। उन्होंने बाबू जगत सिंह की सूचनाओं की सही जानकारी भी नहीं दी, हालांकि बाबू जगत सिंह की सूचनाओं के आधार पर कनिंघम ने इसका उत्खनन कराया और वहां तमाम मूर्तियां भी मिलीं, जो आज सारनाथ संग्रहालय में रखी हुई हैं। अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने ऐतिहासिक तथ्यों की गहन छानबीन के बाद बाबू जगत सिंह के योगदान को स्वीकार कर लिया है।

अब तक इसकी खोज का श्रेय अलेक्जेंडर कनिंघम को दिया जाता था। पर यह पूरा सच नहीं है, दरअसल इसकी खोज वाराणसी के बाबू जगत सिंह ने की थी। इस बौद्ध स्थल की खोज का इतिहास उल्लेखनीय और आकर्षक है। यह शानदार और अकल्पनीय रूप से विश्व के सामने आया। 1787 के आसपास एक विशिष्ट घटना घटी, जिसके पश्चात् इस स्थान ने विद्वानों, भिक्षुओं और पुरातत्वविदों का ध्यान आकर्षित करना आरंभ किया। लगभग 1787 में स्थानीय राजपरिवार के सदस्य और सारनाथ के जमींदार बाबू जगत सिंह को इस क्षेत्र में उपलब्ध ईंटों और पत्थरों के अंबार का पता चला।

उन्होंने अपने नाम पर नगर में एक बाजार निर्मित करवाने के लिए इस निर्जन क्षेत्र को खोदकर यहां से आवश्यक निर्माण सामग्री प्राप्त करने का मन बनाया तथा मजदूरों को इस काम में लगा दिया गया। यह बाजार आज भी नगर में है और उन्हीं के नाम पर जगतगंज नाम से विख्यात है। धमेख स्तूप से पश्चिम में लगभग 520 फीट (158.5 मीटर) की दूरी पर ईंटों और पत्थरों के ढेर को खोद निकाला गया। स्तूप के टीले से निर्माण सामग्री की खोदाई करते समय एक गोलक-रूप बलुआ पत्थर के बक्से के भीतर एक बेलनाकार हरे रंग की संगमरमर की मंजूषा मिली।

बलुआ पत्थर का बक्सा और संगमरमरी मंजूषा सतह से अट्ठारह हाथ की गहराई पर पाए गए थे। संगमरकर के बक्से में मानव हड्डियां, क्षरित मोती, सोने की पत्तियां और अन्य मूल्यवान रत्न भी मिले थे। कालावधि में अस्थियों को गंगा नदी में विसर्जित कर दिया गया और दोनों बक्सों को कलकत्ता (कोलकाता) स्थित एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल को सौंप दिया गया। बक्सों और वस्तुओं के अतिरिक्त उसी स्थान पर भूमिगत बुद्ध की एक मूर्ति भी पाई गई थी, जिस मूर्ति के नीचे पाल राजा महिपाल का एक शिलालेख था।

यह विक्रम संवत 1083 (ईस्वी सन् 1026) का दिनांकित शिलालेख है, हालाँकि 1835 में प्रकाशित कनिंघम की उत्खनन रिपोर्ट के साथ डंकन के आलेख को विश्लेषित करने पर एक अलग ही तस्वीर उभरती है। कनिंघम के अनुसार चुनार के बलुआ पत्थर का बक्सा स्तूप के अंदर 1835 में पाया गया था। उन्होंने इसे पास के गांव के एक व्यक्ति (संगकर या शंकर) द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर खोजा था, जो 1787 में स्तूप की खोदाई करने वाली टीम के मजदूरों में से एक था।

उन्होंने बताया है कि बाबू जगत सिंह ने बलुआ पत्थर के बक्से को उसकी मूल स्थिति में ही छोड़ दिया था और मंजूषा के अंदर पाई गई हड्डियों को गंगा नदी में प्रवाहित करा दिया। गंगा नदी में अस्थि-विसर्जन हिंदू परंपराओं में दाह-संस्कार के बाद का महत्त्वपूर्ण संस्कार है। कनिंघम के अनुसार उन्हें एक मोटी गोलाकार दीवार अछूती मिली। पाया गया अवशेष एक ईंट के अर्धगोलाकार स्तूप के अंदर रखा गया था, जिसका व्यास 49 फीट था, जो एक आवरण ईंट की दीवार से ढका हुआ था।

बाबू जगत सिंह के मजदूरों ने केवल आंशिक रूप से संरचना के आधे हिस्से में पत्थर के बक्से से लगभग छह फीट की ऊंचाई तक ईंटों की ही खोदाई की थी और बक्से को अछूता छोड़ दिया गया था। इस स्तूप का पूर्ण उत्खनन अठारह वर्ष बाद मेजर किट्टो द्वारा करवाया गया। इस प्रकार सारनाथ में स्तूप की खोदाई के संबंध में कुछ बातें स्पष्ट हैं- पहला, यह अनजाने में हुई थी और कोई नहीं जानता था कि यह स्थान पुरातात्विक महत्व का एक प्राचीन बौद्ध स्थल था। जैसे ही बाबू जगत सिंह को इसके महत्व के बारे में पता चला, उन्होंने हर संभव कोशिश की थी कि इस स्थान की क्षति और न हो।

दूसरे, बाबू जगत सिंह के मजदूर को 1787 में खोदाई के दौरान जो दो बक्से मिले, उन्हें एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल को सौंप दिया गया था, जहां से वे कालांतर में गायब हो गए। बलुआ पत्थर का बक्सा स्तूप के अंदर अपने मूल स्थान पर छोड़ दिया गया और अन्ततः कनिंघम द्वारा बाहर निकाला गया। बाबू जगत सिंह ने कभी भी स्तूप को पूर्णतः नष्ट नहीं किया। स्तूप के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्त्व को समझने के बाद उन्होंने इस स्थल की सुरक्षा की। मोटी आवरण वाली दीवार के अंदर मूल स्तूप का एक बड़ा हिस्सा वैसे ही छोड़ दिया गया था। समय के साथ आवरण दीवार के अंदर मूल स्तूप की खोदाई कनिंघम और बाद में अन्य ब्रिटिश पुरातत्त्वविदों द्वारा की गई थी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## रटने की पीड़ाभरी परंपरा

आप कहती हैं कि आप गलत बोल रहे हैं.. 'मेरा बेटा ख़ुद कोटा जा कर पढ़ना चाहता था, इसलिए मैं उसे कोटा ले कर गई पढ़ाने। मेरा बेटा ख़ुद JEE क्रैक करना चाहता था। खूब पढ़ना चाहता था, मैंने दबाव नहीं डाला कभी।'

ये स्टेटमेंट आपका भ्रम हैं। आपकी अपनी लालसाएं हैं, जिन्हें आप अपने बच्चों पर थोप कर उन्हें अपना बताती हैं। आपका ये स्टेटमेंट बिलकुल वैसा ही है, जैसे मुस्लिम घरों में पैदा हुई लड़की कहती है कि 'हिजाब पहनना मेरी पसंद है। हिजाब मेरा प्राइड है और मुझे किसी ने कभी हिजाब या बुरका पहनने के लिए दबाव नहीं बनाया।'... ऐसे ही आपका बेटा कोटा में पढ़ना चाहता है। बिलकुल ऐसे ही जैसे वो हिजाब पहनना चाहती है।




सिद्धार्थ ताबिश

ब्लॉगर


हिंदू घरों में पैदा हुई लड़कियां हिजाब क्यूं नहीं पहनने को लालायित रहती हैं, क्या आपने कभी सोचा है? हिंदू लड़कियों के लिए हिजाब उनका गर्व या प्राइड क्यूं नहीं बनता है क्या आपने सोचा है? ये सिर्फ़ रुढ़िवादी मुस्लिम परिवार में पैदा हुई लड़कियां ही क्यूं कहती हैं?

कोई भी बच्चा 25 साल तक किताबें रटना नहीं चाहता है। ये इतनी बड़ी पीड़ादायक परंपरा है, जो आप 'नशे' में रहते हुवे सोच भी नहीं सकते। कोई भी लड़का स्वयं से कभी कोटा जा कर 25 साल तक किताबें रटना नहीं चाहता। धर्म में तो फिर भी आप्शन है और लड़के वहां बगावती हो जाते हैं, वो नमाज़ नहीं पढ़ते हैं, पूजा नहीं करते हैं, मगर शिक्षा के मामले में आपने कोई भी आप्शन अपने बच्चों के आगे नहीं छोड़ा होता है।

यहां तक कि अगर आपका बेटा घर पर बैठकर ओपन स्कूल से स्टडी करना चाहे, जो कि सरकारी तौर पर उतना ही मान्य है. जितना रेगुलर बोर्ड, तो आप उसे वो भी आप्शन नहीं देते हैं। आपको इस तरह का नशा है, बच्चों को स्कूल भेजने का, कोटा भेजने का, कोचिंग में भेजने का कि आपके घरों में इसके आलावा कोई बात ही नहीं होती है। अब बारहवीं कर लिया तो अब आगे क्या, जाओ कोचिंग करो, ये एग्जाम निकालो, वो पास करो ये करो वो करो। बस!

कोटा, कोचिंग, स्कूल और कॉलेज आपके बनाए हैं। वयस्कों ने बनाया है। बच्चों ने नहीं बनाया है। आपने बच्चों के लिए पार्क में आठ घंटे खेलने का आप्शन बनाया होता, वो आठ घंटे खेलते। आपने उन्हें 'कोटा' का ही एक आप्शन दिया है। जीवन में तो वो बेचारे उसे न चुनें तो और क्या चुनेंगे?

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## कचरे पर न्यायपालिका के निर्देश और सच्चाई

सुप्रीम कोर्ट ने ठोस कचरा प्रबंधन नियमों के ठीक से पालन न होने पर चिंता जताई है और पहली अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नए नियमों को प्रभावी बनाने के लिए कई निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि साफ और स्वस्थ पर्यावरण में जीना, जीवन के अधिकार का ही अहम् हिस्सा है। यह मामला भोपाल नगर निगम की उन अपीलों से जुड़ा था, जो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ दायर की गई थीं।

अदालत ने कहा है कि अभी कानून में सुधार का इंतजार करना ठीक नहीं है, क्योंकि कचरे की खराब व्यवस्था से लोगों के स्वास्थ्य और देश की अर्थव्यवस्था दोनों पर असर पड़ता है। कोर्ट ने माना कि पूरे देश में कचरा प्रबंधन नियमों का पालन समान रूप से नहीं हो रहा है और घरों से गीला-सूखा-खतरनाक कचरा अलग-अलग करने की व्यवस्था अभी तक भी पूरी तरह से लागू नहीं हो पाई है। बड़े शहरों में बढ़ते कचरे के ढेर भी चिंता का कारण हैं। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, 'अब नहीं तो कभी नहीं' और स्पष्ट किया कि अगर स्रोत पर कचरा अलग नहीं होगा और जरूरी सुविधाएं नहीं होंगी, तो अच्छे परिणाम की उम्मीद करना व्यर्थ है। अदालत ने पार्षदों, महापोरों और वार्ड प्रतिनिधियों को कचरा अलग कराने के लिए जिम्मेदार 'लीड फैसिलिटेटर' बनाने को कहा, ताकि हर नागरिक नियमों का पालन करे।




सुनील कुमार महला

लेखक


लीड फैसिलिटेटर वह व्यक्ति होता है जो किसी कार्यक्रम, प्रशिक्षण, कार्यशाला या परियोजना में पूरे समूह की प्रक्रिया का नेतृत्व करता है और यह सुनिश्चित करता है कि गतिविधियां सही दिशा में और निर्धारित उद्देश्यों के अनुसार चलें। अच्छी बात यह है कि सभी नगर निकायों को 100% पालन के लिए समय-सीमा तय कर सार्वजनिक करने, प्रगति की फोटो जिलाधिकारी को भेजने और बड़े कचरा उत्पादकों से 31 मार्च तक नियमों का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। इतना ही नहीं, प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को चार तरह के कचरे (गीला, सूखा, सैनिटरी और विशेष) के अलग-अलग प्रबंधन की व्यवस्था जल्दी तैयार करने को कहा गया है।

अदालत ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्देश दिया कि कचरा प्रबंधन नियमों को स्कूल की पढ़ाई में शामिल किया जाए। अब नियम तोड़ने पर सख्त कार्रवाई होगी। पहले जुर्माना, बार-बार उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई और जरूरत पड़ने पर आपराधिक केस भी दर्ज किया जा सकता है। लापरवाही करने वाले अधिकारी भी दायरे में आएंगे। कोर्ट ने मोबाइल अदालतों की संभावना पर भी विचार करने की बात कही है।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि पहली अप्रैल 2026 से देश के सभी न्यायालयों और संस्थानों में भी कचरा प्रबंधन नियमों का पालन होना चाहिए। नगर निकायों को लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए अभियान चलाने होंगे, जैसे कचरा कम करना, घर में खाद बनाना और सैनिटरी कचरे को सुरक्षित तरीके से पैक करना। ये सभी निर्देश, इसलिए दिए गए हैं ताकि पहली अप्रैल 2026 से पहले पूरी तैयारी हो सके और नियम सही तरीके से लागू किए जा सकें।

कोर्ट ने सही चिंता जताई है कि ठोस कचरा प्रबंधन केवल पर्यावरण नहीं, बल्कि जन-स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। नियमों के कमजोर अनुपालन, स्थानीय निकायों की जवाबदेही की कमी और योजनाओं जैसे अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन तथा स्मार्ट सिटीज मिशन में खामियों के कारण समस्या बढ़ी है।


(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## खोज

# ताले का आविष्कार

ताला मानव सभ्यता के सबसे प्राचीन सुरक्षा साधनों में से एक है। माना जाता है कि ताले का प्रारंभ लगभग चार हजार वर्ष पूर्व हुआ। सबसे पुराने ताले प्राचीन मिस्र तथा मेसोपोटामिया में पाए गए हैं। ये ताले प्रायः लकड़ी के बने होते थे और कुंडी-खूंटी की विशेष व्यवस्था पर आधारित थे। जब चाबी भीतर डाली जाती थी, तो लकड़ी की खूंटियां ऊपर उठती थीं और द्वार खुल जाता था।




इसके पश्चात प्राचीन रोम में धातु के ताले और चाबियां बनने लगीं। रोमन शिल्पकारों ने लोहे और पीतल से छोटे, परंतु अधिक सुदृढ़ ताले बनाए। इससे सुरक्षा की व्यवस्था अधिक प्रभावी हुई। मध्यकाल में यूरोप में ताले केवल सुरक्षा का साधन ही नहीं रहे, बल्कि उन पर सुंदर नक्काशी और कलात्मक आकृतियां भी बनाई जाने लगीं।

आधुनिक ताले के विकास में उन्नीसवीं शताब्दी का विशेष योगदान रहा। सन् 1861 में अमेरिकी आविष्कारक लिनस येल जूनियर ने आधुनिक पिन-टंबलर सिलिंडर लॉक का पेटेंट कराया। यह प्रणाली आज भी व्यापक रूप से प्रचलित है और "येक लॉक" के नाम से जानी जाती है। इसने ताले को अधिक सुरक्षित, छोटा और उपयोग में सरल बना दिया। इस प्रकार ताले का आविष्कार किसी एक व्यक्ति की देन नहीं है, बल्कि यह हजारों वर्षों में विकसित हुई तकनीकों का परिणाम है। प्राचीन लकड़ी के साधारण ताले से लेकर आज के अंक-संकेत तथा अंगुली-छाप से खुलने वाले आधुनिक तालों तक, ताले ने मानव जीवन में सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## वैज्ञानिक के बारे में



लिनस येल जूनियर का जन्म 4 जून 1821 को संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य में हुआ था। उनके पिता लिनस येल सीनियर भी ताला निर्माण के क्षेत्र में कुशल कारीगर और आविष्कारक थे, जिससे उन्हें बचपन से ही इस कार्य का अनुभव मिला। येल जूनियर ने प्रारंभ में बैंक तिजोरियों की सुरक्षा प्रणाली पर काम किया, लेकिन बाद में छोटे और सुरक्षित सिलिंडर ताले के विकास में जुट गए। वे अत्यंत परिश्रमी और नवाचारप्रिय व्यक्तित्व के धनी थे। 1868 में उनका निधन हो गया, किंतु उनका आविष्कार आज भी विश्वभर में प्रचलित है।



# सीपियां: जलीय दुनिया की खामोश नायिकाएं

नदी की तलहटी में आधी गड़ी हुई या समुद्र के किनारे चट्टानों से चिपकी हुई सीपों में न तो कोई चमक-दमक होती है, न कोई तेज गति। वे न दिखावटी हैं, न ही हमारी रोजमर्रा की नजरों में आती हैं। फिर भी पूरी जलीय दुनिया बहुत हद तक इन्हीं खामोश जीवों पर टिकी हुई है। अगर सीपों को एक पंक्ति में समझना हो, तो कहा जा सकता है कि वे पानी की सफाईकर्मी हैं और ऐसे सफाईकर्मी, जो बिना थके, बिना रुके अपना काम करते रहते हैं।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

### एक सीप प्रतिदिन 20-40 लीटर छान सकती है पानी

सीप अपने शरीर में लगातार पानी खींचती हैं। इस पानी में मौजूद गंदगी, सूक्ष्म कण, बैक्टीरिया, शैवाल, रसायन और यहां तक कि भारी धातुओं को भी वे छान लेती हैं और अपेक्षाकृत साफ पानी वापस पर्यावरण में छोड़ देती हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, सामान्य आकार की एक सीप प्रतिदिन 20 से 40 लीटर तक पानी छान सकती है। अब कल्पना कीजिए, यदि किसी नदी, झील या समुद्री तट पर हजारों या लाखों सीपें हों, तो वे कितनी विशाल मात्रा में पानी को स्वाभाविक रूप से साफ रखती होंगी। दुनियाभर में सीपों की 1200 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें से लगभग 1000 प्रजातियां मीठे पानी में और शेष समुद्री जल में निवास करती हैं। दिलचस्प तथ्य यह है कि मीठे पानी की सीपों की सबसे अधिक विविधता उत्तरी अमेरिका में मिलती है, जहां अकेले लगभग 300 प्रजातियां मौजूद हैं। यूरोप में करीब 16 प्रमुख प्रजातियां पाई जाती हैं, जबकि एशिया में भी मीठे पानी और समुद्री, दोनों तरह की सीपों की संख्या काफी अधिक है। चीन, भारत, जापान और दक्षिण-पूर्व एशिया के देश सीपों की जैव विविधता और खेती दोनों के लिए जाने जाते हैं।

### जीवन चक्र और मोती बनने की प्रक्रिया

सीपों की बनावट देखने में सरल, लेकिन कार्य में अत्यंत प्रभावशाली होती है। दो मजबूत खोलों के भीतर उनका कोमल शरीर सुरक्षित रहता है। ये खोल कैल्शियम कार्बोनेट से बने होते हैं, जिसे सीपें पानी से धीरे-धीरे लेकर परत-दर-परत जमा करती रहती हैं। यही कारण है कि उनका खोल जीवनभर बढ़ता रहता है। मोती बनने की प्रक्रिया भी इसी से जुड़ी है। जब कोई बाहरी कण सीप के शरीर के भीतर फंस जाता है, तो वह उसे ढंकने के लिए कैल्शियम की परतें चढ़ती जाती हैं और समय के साथ वही कण मोती का रूप ले लेता है। सीपों का जीवन चक्र भी कम रोचक नहीं है। समुद्री सीपें अपने अंडे और शुक्राणु पानी में छोड़ती हैं, जिनसे सूक्ष्म लार्वा बनते हैं। ये लार्वा कुछ समय तक समुद्र में स्वतंत्र रूप से तैरते रहते हैं और फिर किसी ठोस सतह चट्टान, खोल या तट से चिपककर स्थायी जीवन शुरू करते हैं। मीठे पानी की कई सीपें इससे भी अनोखा तरीका अपनाती हैं। उनके लार्वा कुछ समय तक मछलियों के गलफड़ों या पंखों से चिपककर रहते हैं। इससे उन्हें सुरक्षित वातावरण मिलता है और वे दूर-दूर तक फैल पाती हैं। बाद में वे नदी की तलहटी में गिरकर स्वतंत्र जीवन शुरू करती हैं। यानी सीपें केवल पानी पर नहीं, बल्कि मछलियों पर भी निर्भर करती हैं। यदि मछलियां कम हों, तो सीपों का भविष्य भी संकट में पड़ जाता है। सीपों की एक और विशेषता उनकी लंबी उम्र है। समुद्री सीपें आमतौर पर 10 से 20 वर्ष तक जीवित रहती हैं, जबकि मीठे पानी की कई प्रजातियां 50 से 100 वर्ष तक भी जी सकती हैं।

### सीपों के लिए चुनौती बनता समुद्र का अम्लीयकरण

पिछले कुछ दशकों में स्थिति चिंताजनक होती गई है। मीठे पानी की लगभग एक हजार प्रजातियों में से अधिकांश या तो संकटग्रस्त हैं या तेजी से घट रही हैं। पोलैंड, क्रोएशिया और ब्रिटेन जैसे देशों में बड़े पैमाने पर सीपों की मृत्यु दर्ज की गई है। लंदन की टेम्स नदी में पिछले 60 वर्षों में मीठे पानी की लगभग सारी सीपें समाप्त हो चुकी हैं। उत्तरी अमेरिका में 70 प्रतिशत से अधिक मीठे पानी की सीप प्रजातियां संकटग्रस्त या विलुप्ति की कगार पर हैं। इन संकटों के पीछे सबसे बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन है। पानी का तापमान लगातार बढ़ रहा है, ग्रीष्म लहरें तीव्र हो रही हैं। जब नदी या समुद्र का पानी अचानक बहुत गर्म हो जाता है, तो सीपें उसे सहन नहीं कर पातीं और बड़े पैमाने पर मर जाती हैं। इसके साथ ही रासायनिक प्रदूषण, माइक्रोप्लास्टिक, नदियों का प्राकृतिक बहाव बदलना, बांध, खनन और शहरी सीवेज इस संकट को और गहरा कर रहे हैं। महासागरों में समुद्र का अम्लीकरण भी बड़ी चुनौती बन चुका है। कार्बन डाइऑक्साइड के घुलने से पानी अम्लीय हो रहा है, जिससे सीपों के खोल बनने की प्रक्रिया कमजोर पड़ जाती है। शिशु सीपें तो कई बार खोल बना ही नहीं पातीं।



### सीप की खेती


एशिया में सीपों की खेती समुद्र और इंसान के पुराने रिश्ते का विस्तार है। चीन, जापान, थाईलैंड और वियतनाम में सीपों को 'उगाया' नहीं जाता, बल्कि उन्हें ऐसा वातावरण दिया जाता है, जहां वे स्वाभाविक रूप से पनप सकें। समुद्र के किनारे बांस, रस्सियों और टाइलों पर लार्वा चिपक जाते हैं और फिर समुद्र अपना काम करता है। चीन इस क्षेत्र में सबसे आगे है। दुनिया में उत्पादित समुद्री सीपों का बड़ा हिस्सा वहीं से आता है। यह खेती लाखों लोगों को रोजगार देती है-मछुआरों से लेकर रेस्तरां और निर्यात तक। सीपों का उपयोग केवल भोजन तक सीमित नहीं है। उनके खोलों से चूना, खाद और निर्माण सामग्री बनती है। भोजन के रूप में वे प्रोटीन, जिंक, आयरन और ओमेगा-3 से भरपूर होती हैं। अगर सीपें कम होती गईं, तो पानी की गुणवत्ता गिरेगी, शैवाल विस्फोट बढ़ेंगे, मछलियां मरेंगी और तटीय समुदायों की आजीविका संकट में पड़ जाएगी।

### समुद्र के छुपे हुए सफाईकर्मी

समुद्री सीपें तटीय इलाकों के लिए जीवन-रेखा जैसी हैं। वे पानी साफ रखती हैं, तटों को कटाव से बचाती हैं, छोटी मछलियों और केकड़ों को आश्रय देती हैं और मत्स्य उत्पादन को स्थिर बनाए रखती हैं। जहां सीपों की चट्टानें होती हैं, वहां जैव विविधता कई गुना बढ़ जाती है। एशियाई देशों विशेषकर अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप में सीपों की गिरावट का असर प्रवाल भित्तियों और मछली जीवन पर साफ दिखने लगा है। बढ़ता तापमान, पर्यटन से फैला कचरा, प्लास्टिक और तटीय विकास इन नाजुक तंत्रों को कमजोर कर रहे हैं। फिर भी उम्मीद बाकी है। वॉशिंगटन डीसी की एनाकोस्टिया नदी में सीपों की मदद से पानी साफ किया जा रहा है। यह दिखाता है कि अगर हम पानी को साफ करें, तो सीपें लौट सकती हैं। सीपों में अनुकूलन की अद्भुत क्षमता होती है। हर सामूहिक मृत्यु के बाद कुछ सीपें बचती हैं और वही नई पीढ़ी की नींव बनती हैं। यही उम्मीद है। इन खामोश सफाईकर्मियों को बचाना, दरअसल अपने जल, अपने पर्यावरण और अपने भविष्य को बचाना है।

## मरीन लाइफ


# समुद्र की सतह पर धूप सेंकती रहस्यमयी मछली



समुद्र की अथाह गहराइयों में एक ऐसा जीव भी रहता है, जिसे देखकर पहली नजर में विश्वास ही नहीं होता कि यह मछली है। समुद्री सनफिश या मोलामोला, दुनिया की सबसे भारी अस्थि-मछली मानी जाती है। इसका गोल, पार्श्व रूप से चपटा शरीर और विशाल पंख इसे समुद्री दुनिया का अनोखा आकर्षण बनाते हैं। वयस्क सनफिश का वजन 2,000 किलोग्राम से भी अधिक हो सकता है और इसकी लंबाई 10 फीट तक पहुंच सकती है। इतनी विशाल काया के बावजूद इसका पसंदीदा भोजन है- जेलीफिश। जेलीफिश लगभग पूरी तरह पानी से बनी होती हैं और उनमें पोषक तत्व बेहद कम होते हैं। इसलिए सनफिश को अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़ी मात्रा में जेलीफिश निगलनी पड़ती है। यही कारण है कि वे लगातार भोजन की तलाश में लंबी दूरी तय करती हैं। वैज्ञानिकों ने पाया है कि ये मछलियां हजारों किलोमीटर की समुद्री यात्रा कर सकती हैं और 600 मीटर से अधिक गहराई तक गोता लगा सकती हैं।

इनकी वृद्धि दर आश्चर्यजनक है। नवजात सनफिश का वजन एक ग्राम से भी कम होता है, लेकिन वयस्क होने पर यह अपने जन्म वजन से लगभग 6 करोड़ गुना बड़ी हो सकती है। यह आकार परिवर्तन जीव जगत में सबसे चौंकाने वाले विकासों में से एक है। हालांकि वयस्क सनफिश का आकार उन्हें अधिकांश शिकारियों से सुरक्षित रखता है, फिर भी मध्यम आकार की सनफिश समुद्री शेर, किलर व्हेल और बड़ी शार्क का शिकार बन जाती हैं। कैलिफोर्निया के समुद्री शेरों द्वारा छोटी सनफिश के पंख काटकर उन्हें खेल की वस्तु की तरह उछालना समुद्री व्यवहार का एक विचित्र उदाहरण है। प्रजनन के विषय में अभी भी कई रहस्य बने हुए हैं। मादा सनफिश एक बार में 3 से 30 करोड़ तक अंडे दे सकती है, जो किसी भी अन्य कशेरुकी जीव से अधिक है। नर उसी समय पानी में शुक्राणु छोड़ते हैं, जिससे निषेचन की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि वैज्ञानिक अब भी यह स्पष्ट नहीं कर पाए हैं कि वे समूह में प्रजनन करती हैं या जोड़े में। समुद्री सनफिश न केवल आकार में विशाल है, बल्कि अपने रहस्यों और अद्भुत जीवनशैली के कारण समुद्री जगत की सबसे रोचक प्रजातियों में से एक है।

## वैज्ञानिक फैक्ट



# जीवन से भरपूर है मिट्टी

हम अक्सर मिट्टी को केवल धूल या जमीन का एक साधारण हिस्सा समझ लेते हैं, लेकिन वास्तव में मिट्टी जीवन का विशाल और अद्भुत संसार अपने भीतर समेटे हुए है। वैज्ञानिकों के अनुसार मिट्टी के केवल एक चम्मच में जितने सूक्ष्मजीव पाए जाते हैं, उनकी संख्या पृथ्वी पर रहने वाले मनुष्यों से भी अधिक हो सकती है। यह तथ्य अपने आप में बताता है कि मिट्टी कितनी जीवंत और महत्वपूर्ण है।

अमेरिकी कृषि विभाग के अनुसार मिट्टी में लाखों प्रजातियां और अरबों जीव पाए जाते हैं। इनमें बैक्टीरिया, शैवाल, कवक, सूक्ष्म कीट, केंचुए, भृंग, चींटियां, घुन और कई अन्य जीव शामिल हैं। ये सभी मिलकर पृथ्वी पर कहीं भी पाए जाने वाले जैव द्रव्यमान का सबसे बड़ा संकेंद्रण बनाते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो मिट्टी पृथ्वी का सबसे व्यस्त और सक्रिय पारिस्थितिक तंत्र है।

मिट्टी के ये सूक्ष्मजीव केवल संख्या में अधिक नहीं होते, बल्कि अत्यंत उपयोगी भी होते हैं। बैक्टीरिया और कवक मृत पौधों और जीवों को विघटित करके उन्हें पोषक तत्वों में बदलते हैं। यही पोषक तत्व फसलों और पेड़ों की जड़ों तक पहुंचते हैं और उन्हें स्वस्थ विकास में मदद करते हैं। केंचुए मिट्टी को भुरभुरी बनाकर उसमें हवा और पानी के प्रवाह को बेहतर करते हैं, जिससे पौधों की जड़ें आसानी से फैल सकें।

स्वस्थ मिट्टी केवल कृषि के लिए ही जरूरी नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मिट्टी कार्बन को अपने भीतर संग्रहित करके जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में मदद करती है। साथ ही, यह वर्षा के पानी को सोखकर भूजल स्तर को बनाए रखने में सहायक होती है। यदि मिट्टी की गुणवत्ता घटती है, तो इसका सीधा असर खाद्य उत्पादन, जल संसाधनों और जैव विविधता पर पड़ता है।

आज रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग, प्रदूषण और अंधाधुंध निर्माण के कारण मिट्टी की सेहत प्रभावित हो रही है। इसलिए जरूरी है कि हम जैविक खेती, वृक्षारोपण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर ध्यान दें। मिट्टी को बचाना दरअसल जीवन को बचाना है, क्योंकि यही धरती का वह आधार है, जिस पर हमारा पूरा अस्तित्व टिका हुआ है।

# उड़न तश्तरियों का रहस्य



क्या अनंत अंतरिक्ष की गहराइयों में हम अकेले हैं? यह एक ऐसा प्रश्न है कि इस सवाल ने सदियों से इंसानों को परेशान रखा है। इसके पक्ष-विपक्ष में सैकड़ों तर्क-वितर्क दिए जाते हैं। जब भी आकाश में कोई अज्ञात चमकती हुई वस्तु या अजीब आकार का यान दिखाई देता है, तो उसे 'उड़न तश्तरी' या UFO (Unidentified Flying Object) का नाम दे दिया जाता है। आधुनिक समय में, वैज्ञानिक इसे UAP (Unidentified Anomalous Phenomena) कहते हैं। उड़न तश्तरियों का रहस्य केवल कल्पना मात्र नहीं है, बल्कि यह विज्ञान, राष्ट्रीय सुरक्षा और दर्शन का एक जटिल मिश्रण बन चुका है।

-फीचर डेस्क

### ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य या कल्पना की शुरुआत

उड़न तश्तरियों का आधुनिक इतिहास 24 जून 1947 को शुरू हुआ। अमेरिकी पायलट केनेथ अर्नोल्ड ने वाशिंगटन राज्य में माउंट रेनियर के पास नौ चमकदार वस्तुओं को एक अजीब गति से उड़ते देखा। उन्होंने उनके उड़ने की शैली का वर्णन करते हुए कहा, "वे पानी पर फेंकी गई तश्तरी (Saucer) की तरह उछल रहे थे।" अखबारों ने इस वाक्यांश को 'फ्लाइंग सॉसर' (Flying Saucer) बना दिया और यहीं से इस शब्द ने वैश्विक पहचान बनाई।

उसी वर्ष न्यू मेक्सिको के रोजवेल में एक कथित दुर्घटना हुई, जिसने इस रहस्य को और गहरा कर दिया, हालांकि अमेरिकी सेना ने इसे एक मौसम संबंधी गुब्बारा बताया, लेकिन साजिश के सिद्धांतों (Conspiracy Theories) ने जोर पकड़ा कि सरकार ने एलियंस के मलबे और उनके शरीर को छिपा लिया है।

### प्राचीन सभ्यताओं में संकेत

दिलचस्प बात यह है कि उड़न तश्तरियों के प्रमाण केवल आधुनिक युग तक सीमित नहीं हैं। भारत के प्राचीन ग्रंथों में 'विमानों' का वर्णन मिलता है, जो हवा में अविश्वसनीय गति से उड़ सकते थे। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले की गुफाओं में मिले 10,000 साल पुराने शैलचित्रों में ऐसी आकृतियां देखी गई हैं, जो आधुनिक अंतरिक्ष यात्रियों और तश्तरीनुमा यानों जैसी दिखती हैं। इसी तरह प्राचीन मिस्र, सुमेरियन और माया सभ्यताओं की कलाकृतियों में भी 'आकाश से आए देवताओं' और उनके उड़ने वाले रथों का उल्लेख मिलता है, जिसे आज के 'प्राचीन अंतरिक्ष यात्री सिद्धांतवादी' (Ancient Alien Theorists) एलियंस के आगमन से जोड़कर देखते हैं।

### भौतिक विज्ञान की चुनौतियां

UFO की सबसे रहस्यमयी बात उनकी गतिशीलता है। चश्मदीदों और रडार डेटा के अनुसार, ये वस्तुएं अचानक स्थिर अवस्था से हजारों मील प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती हैं। वे बिना किसी पंख (wings) या स्पष्ट प्रोपल्शन इंजन के उड़ती हैं और 'सोनिक बूम' पैदा किए बिना ध्वनि की गति को पार कर जाती हैं। भौतिक विज्ञान के नियमों के अनुसार, इतनी तीव्र गति से दिशा बदलने पर किसी भी मानव शरीर या पारंपरिक विमान के परखच्चे उड़ सकते हैं। यह संकेत देता है कि यदि ये यान वास्तविक हैं, तो इनके पास 'गुरुत्वाकर्षण-विरोधी' (Anti-gravity) तकनीक है, जो वर्तमान मानव विज्ञान की समझ से बहुत आगे है।

### रहस्य या रणनीति

दशकों तक UFO को केवल लोगों का भ्रम या कल्पना माना गया, लेकिन 2017 के बाद परिदृश्य बदल गया। अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) ने आधिकारिक तौर पर तीन वीडियो जारी किए, जिन्हें नौसेना के पायलटों ने रिकॉर्ड किया था। इन वीडियो में 'टिक-टैक' (Tic-Tac) आकार की वस्तुएं भौतिकी के नियमों को धता बताते हुए समुद्र के ऊपर उड़ती दिखीं।

सरकारें अब इसे 'एलियंस' के बजाय 'राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरे' के रूप में देख रही हैं। चिंता इस बात की है कि क्या चीन या रूस जैसे प्रतिस्पर्धी देशों ने ऐसी कोई 'हाइपरसोनिक' तकनीक विकसित कर ली है, जो अमेरिकी रडार को चकमा दे सके। इसी कारण से अमेरिका ने 'AARO' नामक विभाग बनाया है, जो इन घटनाओं की वैज्ञानिक जांच करता है।

### मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक प्रभाव

उड़न तश्तरियों के रहस्य का एक पहलू सामूहिक मनोविज्ञान भी है। शीत युद्ध के दौरान, आसमान में उड़ने वाली अज्ञात वस्तुओं का डर अक्सर जासूसी विमानों का होता था। वहीं, हॉलीवुड फिल्मों (जैसे E.T., Independence Day) ने हमारे मन में एलियंस की एक खास छवि गढ़ दी है। कई बार लोग तारों, ग्रहों (विशेषकर शुक्र), उपग्रहों (जैसे एलन मस्क की स्टारलिंक सेटेलाइट) या पक्षियों के झुंड को गलती से UFO समझ लेते हैं।

उड़न तश्तरियों का रहस्य आज भी अनसुलझा है, हालांकि अब तक कोई ऐसा ठोस प्रमाण सार्वजनिक नहीं हुआ है, जो यह साबित कर सके कि ये यान किसी दूसरे ग्रह से आए हैं, लेकिन हजारों की संख्या में विश्वसनीय गवाह (पायलट, वैज्ञानिक, सैन्य अधिकारी) इस बात की पुष्टि करते हैं कि आसमान में कुछ ऐसा है, जो हमारी समझ से परे है। ब्रह्मांड की विशालता को देखते हुए, जहां अरबों आकाशगंगाएं और अनगिनत पृथ्वी जैसे ग्रह हैं, यह मानना तर्कसंगत लगता है कि हम अकेले नहीं हैं। शायद उड़नतश्तरियां केवल यान नहीं, बल्कि ब्रह्मांड के उस सत्य का द्वार हैं, जिससे हमारा सामना होना अभी बाकी है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,248.61 | 25,496.55 |
| गिरा/बढ़त | 27.46 | 14.05 |
| प्रतिशत में | 0.03 | 0.06 |

सोना 1.62 लाख प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,70,500 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजीनेस ब्रीफ

### फूड ऐप 'टोइंग' का एनसीआर में प्रवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** किफायती फूड डिलिवरी ऐप टोइंग ने दिल्ली-एनसीआर में विस्तार की घोषणा की है। कंपनी ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अब टोइंग दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, फरीदाबाद और गाजियाबाद के ग्राहकों के लिए भी उपलब्ध होगा। यह पुणे, आगरा, वडोदरा, गुवाहाटी, नासिक और नागपुर में पहले से उपलब्ध है। कंपनी अपने ऐप पर खाद्य पदार्थों की सबसे कम कीमतों का दावा करती है। इसके अलावा, किसी भी ऑर्डर पर कोई पैकेजिंग शुल्क या प्लेटफॉर्म शुल्क नहीं लेती है।

### इनविट निवेशकों को तिमाही में मिला 5,565 करोड़ का 'रिटर्न'

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** बाजार में सूचीबद्ध अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में करीब चार लाख यूनिटधारकों को कुल 5,565 करोड़ रुपये का 'रिटर्न' वितरित किया है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में यूनिटधारकों को 4,287 करोड़ रुपये का रिटर्न या प्रतिफल मिला था। भारत इनविट संघ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एन. एस. वेंकटेश ने कहा, इनविट परिवेश तंत्र विस्तार के एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है, जिसमें घरेलू एवं वैश्विक निवेशकों की भागीदारी बढ़ रही है।

### बंधन बैंक में बड़ी हिस्सेदारी खरीदेगा एसबीआई

**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एसबीआई म्यूचुअल फंड के बंधन बैंक में 9.99 प्रतिशत तक हिस्सेदारी खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बंधन बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में बताया कि आरबीआई ने 25 फरवरी, 2026 के पत्र के माध्यम से एसबीआई म्यूचुअल फंड को बैंक की चुकता शेयर पूंजी या मतदान अधिकारों में अधिकतम 9.99 प्रतिशत तक हिस्सेदारी अधिग्रहीत करने की अनुमति प्रदान की है।

आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि आवेदक पत्र की तारीख से एक वर्ष के भीतर प्रस्तावित प्रमुख हिस्सेदारी हासिल नहीं करता है, तो मंजूरी स्वत: निरस्त मानी जाएगी। साथ ही एसबीआई म्यूचुअल फंड की कुल हिस्सेदारी किसी भी समय बैंक की चुकता शेयर पूंजी या मतदान अधिकारों के 9.99 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### डब्ल्यूटीओ में भारत की व्यापार नीति की समीक्षा जुलाई में होगी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत की आठवीं व्यापार नीति समीक्षा इस साल जुलाई में होगी। इस दौरान सदस्य देशों की तरफ से भारत की व्यापार नीतियों की व्यापक समीक्षा की जाएगी। बृहस्पतिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। वित्त मंत्रालय ने कहा कि व्यापार नीतियों की इस समीक्षा से पहले भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने डब्ल्यूटीओ में भारत के डिजिटल कस्टम सुधारों और व्यापार सुगमता समझौते के क्रियान्वयन को प्रस्तुत किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीबीआईसी के सदस्य (सीमा शुल्क) सुरजीत भुजबल ने किया।



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को वाराणसी स्थित भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान का दौरा किया। यहां वैज्ञानिकों के साथ चर्चा में उन्होंने कहा कि सब्जी उत्पादन की गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के बीच निरंतर समन्वय आवश्यक है। उन्नत तकनीकों को शीघ्रता से खेतों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। फोटो • एजेंसी

# ट्रेन के सफर में स्विगी के भोजन का स्वाद

**मुंबई, एजेंसी।**

ऑनलाइन ऑर्डर पर खाद्य एवं पेय पदार्थ की आपूर्ति करने वाली क्विक कॉमर्स कंपनी स्विगी ने भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ मिलकर अपनी ''फूड ऑन ट्रेन'' सेवा का विस्तार देशभर के 152 स्टेशन तक कर लिया है। कंपनी ने यह उपलब्धि एक साल में हासिल की है। यह सेवा एक वर्ष पहले 70 स्टेशन पर उपलब्ध थी। स्विगी ने बृहस्पतिवार बताया कि यह विस्तार देशभर में विविध व्यंजनों की बढ़ती मांग से प्रेरित है। बयान के अनुसार, कंपनी की योजना भारत के प्रमुख जंक्शन के साथ-साथ क्षेत्रीय स्टेशन जैसे इटारसी (मध्य प्रदेश), तिरुनेलवेली (तमिलनाडु) और

- स्विगी, आईआरसीटीसी की 'फूड ऑन ट्रेन' सेवा अब 152 स्टेशन पर उपलब्ध

खड़गपुर (पश्चिम बंगाल) पर अधिक ध्यान देकर विविधता लाने पर भी है। स्विगी ने बताया कि उसकी ''फूड ऑन ट्रेन'' सेवा का नेटवर्क विस्तार 117 प्रतिशत बढ़ा है। यह सेवा फरवरी, 2025 में 70 स्टेशन पर उपलब्ध थी जिसका फरवरी, 2026 तक 152 स्टेशन पर विस्तार किया गया।




### होली के लिए विशेष तैयारी

कंपनी ने 28 फरवरी से आठ मार्च तक यात्रियों के लिए होली से जुड़े विशेष भोजन उपलब्ध करने की भी घोषणा की। साथ ही 'ट्रेन के अनुकूल' व्यंजनों के मेन्यू का विस्तार किया गया है जिसे तेज गति एवं सुविधा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। स्विगी में खाद्य रणनीति, ग्राहक अनुभव एवं नई पहल के उपाध्यक्ष दीपक मालू ने कहा, 'यह देशव्यापी विस्तार होली के त्योहार के मद्देनजर एकदम सही समय पर हुआ है। हम प्रमुख जंक्शन से लेकर इटारसी, तिरुनेलवेली और खड़गपुर जैसे क्षेत्रीय स्टेशन तक 'ट्रांजिट हब' (पारगमन केंद्र) पर जोर देकर विविधता पर ध्यान केंद्रित करेंगे।'

# सोशल मीडिया पोस्ट के साथ नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर का उल्लेख जरूरी

## सोशल मीडिया पर शेयर मार्केट सम्बंधी सामग्री डालने पर सेबी के निर्देश, एक मई से होंगे लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बृहस्पतिवार को अपने नियमन दायरे में आने वाली सभी इकाइयों और उनके एजेंट को निर्देश दिया कि वे सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिभूति बाजार से संबंधित सामग्री डालते समय अपना पंजीकृत नाम और पंजीकरण संख्या का उल्लेख करें।

सेबी का यह निर्देश शेयर ब्रोकर, म्यूचुअल फंड कंपनियों, संपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमएसी), निवेश सलाहकार, शोध विश्लेषक, वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ), पोर्टफोलियो प्रबंधकों और अन्य पर लागू होगा। सेबी ने अपने परिपत्र में कहा, ''''सोशल मीडिया के इस्तेमाल और स्वीकार्यता में तेजी से बढ़ोतरी होने के साथ इस बात की जरूरत महसूस की जा रही है कि नियमन के दायरे में आने वाली इकाइयों को सोशल मीडिया पर प्रतिभूति बाजार से संबंधित सामग्री डालते समय अपना पंजीकरण संख्या और नाम बताया जाना चाहिए।" ये नियम एक मई 2026 से लागू हो जाएगा।



- होमपेज पर सभी पंजीकरणों की सूची वाला एक वेब लिंक देना होगा
- प्रत्येक पोस्ट में पंजीकरण ब्योरा देना होगा अनिवार्य

बाजार नियामक ने कहा कि इससे निवेशक यह पहचान सकेगा कि सोशल मीडिया पर डाली गई सामग्री सेबी के नियमन वाली इकाई या उसके एजेंट की तरफ से डाली गई है। इसके साथ ही सेबी ने कहा कि कई पंजीकरण रखने वाली इकाइयों को अपने होमपेज पर सभी पंजीकरणों की सूची वाला एक वेब लिंक देना होगा और हर सामग्री में जरूरी पंजीकरण ब्योरा देना होगा।

इसके अलावा, एजेंट को अपने पंजीकरण ब्योरे के साथ प्रमुख इकाई के पंजीकरण ब्योरे की भी जानकारी देनी होगी। इन नए नियमों का मकसद पारदर्शिता बढ़ाना और निवेशकों का संरक्षण करना है। ये नियम एक मई, 2026 से प्रभावी होंगे।

### सोशल मीडिया पर प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को लेकर डाली जा रही है गलत जानकारी : पासवान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने बृहस्पतिवार को कहा कि सोशल मीडिया पर असर रखने वाले लोग गलत बात'' फैला रहे हैं कि प्रसंस्कृत खाद्य नुकसानदायक हैं। उन्होंने सोशल मीडिया ''इन्फ्लूएंसर'' द्वारा फैलाई जा रही इस तरह की गलत धारणा का मुकाबला करने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत बताई और साथ ही चेताया कि इससे क्षेत्र के विकास में बाधा आ सकती है। राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान-कुंडली (निफ्टेम-के) द्वारा आयोजित तीन दिन के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ''अनवेष-2026'' के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पासवान ने कहा कि यह सोच कि प्रसंस्कृत खाद्य का मतलब अच्छा नहीं हैको ऑनलाइन पर सक्रियता से प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम न केवल अपने देश में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी इस चुनौती का सामना कर रहे हैं।उन्होंने आगे कहा, इससे इस क्षेत्र पर असर पड़ रहा है और यह और बढ़ेगा। हमें इस बात का मुकाबला करने की ज़रूरत है।मंत्री ने कहा कि एकल परिवार और कामकाजी जोड़ों के बढ़ने के साथ तैयार और खाने को तैयार उत्पाद आधुनिक जीवनशैली का ज़रूरी हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने कहा, पहले, हम घर पर चटनी और सॉस बनाते थे, लेकिन हमें ये चीजें तुरंत तैयार चाहिए। अगर कोई गलत कहानी बनाई जाती है, तो हम इस क्षेत्र के लिए वैसा विकास नहीं देख सकते जैसा हम सोचते हैं। पासवान ने कहा कि उनके मंत्रालय ने गुमराह करने वाले विज्ञापनों पर एक समिति बनाई है, जिसकी दूसरी बैठक में हाल ही में ऐसे संदेशों का मुकाबला करने के तरीकों पर चर्चा हुई। उन्होंने उद्योग जगत के अगुवा लोगों से इस मुद्दे की ज़िम्मेदारी लेने की अपील की।

# सोने की चमक कायम रहने की उम्मीद : रिपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**

वैश्विक स्तर पर डॉलर के प्रभाव में कमी, राजकोषीय दबाव और बढ़ते वैश्विक तनावों के कारण दुनिया में वित्तीय व्यवस्था में हो रहे बदलावों को देखते हुए सोने का दीर्घकालिक दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है और इसमें तेजी बने रहने की उम्मीद है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. (एमओएफएसएल) ने सोने पर अपनी तिमाही रिपोर्ट में कहा कि 2026 की शुरुआत में सोने की कीमत 5,000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के पार पहुंच गई। यह आधुनिक इतिहास में सबसे मजबूत दीर्घकालिक तेजी के दौर में से एक है।

रिपोर्ट के अनुसार, सोना 'संरचनात्मक रूप से पुनर्मूल्यांकन चरण'' में प्रवेश कर चुका है। यह चक्रीय तेजी के बजाय एक नए ''सुपरसाइकल'' की शुरुआत का संकेत है। एमओएफएसएल को उम्मीद है कि अगले 12 महीनों में कॉमेक्स सोने की कीमत 6,000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस (घरेलू बाजार में 1.85 लाख रुपये प्रति



10 ग्राम) के आसपास स्थिर होगी। यदि वैश्विक स्तर पर तनाव और राजकोषीय उपाय तेज होते हैं तो मध्यम अवधि में यह 7,500 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक भी पहुंच सकती है।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के जिंस शोध मामलों के प्रमुख नवनीत दमानी ने कहा, 'सोने के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि सीमित खदान उत्पादन, प्रमुख बाजारों में घटते भंडार और बढ़ती उत्पादन लागत के कारण वैश्विक भौतिक आपूर्ति में कमी ने भी कीमती धातुओं की कीमतों को उच्चस्तर पर बनाये रखा है। घरेलू बाजार में, रुपये के मूल्य में गिरावट और खुदरा खरीदारों की मजबूत लिवाली से मांग में वृद्धि हुई है।

# कार्बन ट्रेडिंग मंच सितंबर तक चालू होने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के चेयरमैन घनश्याम प्रसाद ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में कार्बन ट्रेडिंग मंच सितंबर तक चालू होने की संभावना है। यह कदम नवीकरणीय ऊर्जा बदलाव को गति प्रदान करेगा। श्री प्रसाद यहां 'इंडिया एनर्जी' शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

बताया कि भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट (एक गीगावाट अर्थात 1,000 मेगावाट) नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का बड़ा लक्ष्य रखा है। इसको देखते हुए यह महत्वपूर्ण है। देश में बिजली खरीद समझौतों (पीपीए) पर हस्ताक्षर की धीमी गति को देखते हुए यह नवीकरणीय ऊर्जा को अधिक व्यवहारिक बनाने में भी सहायक हो सकता है। प्रसाद ने कहा,




''''कार्बन ट्रेडिंग मंच सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और सितंबर तक इसके शुरू होने की पूरी संभावना है। इसके शुरू होने से नवीकरणीय ऊर्जा को गति मिलेगी। विशेष रूप से वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने वाला होगा।' उन्होंने यह भी बताया कि नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए पीपीए पर हस्ताक्षर नहीं हो पा रहे हैं। इसका मतलब है कि हमें इसे करने के लिए किसी अन्य संरचना की आवश्यकता है।

# डीजीसीए करेगा 38 सलाहकारों की भर्ती, अंतिम तिथि 23 मार्च

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) उड़ान योग्यता, हवाई सुरक्षा और अन्य निदेशालयों के लिए 38 सलाहकारों की भर्ती करने जा रहा है। नागर विमानन नियामक कर्मचारियों की कमी का सामना कर रहा है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 मार्च है। एक सार्वजनिक सूचना के अनुसार, उड़ान योग्यता निदेशालय में 24 और हवाई सुरक्षा निदेशालय में छह सलाहकारों के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं विधिक मामलों के निदेशालय (डीआईआरएलए) में पांच वरिष्ठ सलाहकार और दो सलाहकार नियुक्त किए जाएंगे। एक अन्य सार्वजनिक सूचना के मुताबिक, उड़ान प्रशिक्षण निदेशालय में भी एक सलाहकार की नियुक्ति की जाएगी।

# ट्रैफिक रूल तोड़े तो कटेंगे नम्बर निलम्बित होगा लाइसेंस

**नई, दिल्ली, एजेंसी**

सरकार सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और जिम्मेदारी से वाहन चलाने को बढ़ावा देने के लिए ''ग्रेड'' आधारित ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली लागू करने की योजना बना रही है। इसके तहत यातायात नियमों के उल्लंघन पर अंक काटे जाएंगे और गंभीर या बार-बार उल्लंघन की स्थिति में लाइसेंस निलंबित या रद्द किया जा सकेगा।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि देश में हर वर्ष करीब 1.8 लाख लोगों की मौत मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन चलाने, तेज रफ्तार, गलत दिशा में जाने या नशे में गाड़ी चलाने जैसे कारणों से होती है।

राष्ट्रीय राजधानी में उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ

- जिम्मेदारी से वाहन चलाने को बढ़ावा देने को 'ग्रेड' आधारित ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली की तैयारी



(सीआईआई) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों का जीवन अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार सड़क सुरक्षा के लिए कई कदम उठा रही है। गडकरी ने बताया कि सरकार पहले ही यातायात नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना बढ़ा चुकी है, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन है। उन्होंने कहा, हम ड्राइविंग लाइसेंस में ''ग्रेडेड अंक प्रणाली' ला रहे हैं।' मंत्री ने समझाते हुए कहा कि यातायात उल्लंघन पर कुछ अंक काटे जाएंगे। यदि सभी अंक समाप्त हो जाते हैं तो दोषी का लाइसेंस छह महीने के लिए निलंबित किया जा सकता है या अपराध दोहराने पर रद्द भी किया जा सकता है। यह योजना जल्द ही शुरू की जाएगी। गडकरी ने कहा कि भारत में हर साल करीब पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और 1.8 लाख लोगों की जान जाती है। हादसे में जान गंवाने वाले लोगों में से 72 प्रतिशत 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के लोग हैं। 18 वर्ष से कम आयु के 10,119 लोगों की दुर्घटनाओं में जान गई। हेलमेट का उपयोग न करने से 54,122, सीट बेल्ट का इस्तेमाल न करने से 14,466 जबकि तेज रफ्तार के कारण 1.2 लाख लोगों की जान गई।

# चार मार्च को खुलेगा सेडेमैक मेकाट्रॉनिक्स का आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पावरट्रेन कंट्रोल और मोटर वाहन कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी सेडेमैक मेकाट्रॉनिक्स लिमिटेड का 1,087 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) चार मार्च को खुलेगा। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 1,287-1,352 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। ऊपरी सीमा पर कंपनी का मूल्यांकन करीब 6,000 करोड़ रुपये आंका गया है।

यह निर्गम चार मार्च को खुलेगा और छह मार्च को बंद होगा। बड़े निवेशक दो मार्च को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ में कोई नया निर्गम शामिल नहीं है। यह पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है जिसमें प्रवर्तक मनीष शर्मा और अश्विनी अमित दीक्षित सहित अन्य निवेशक कुल 80,43,300 शेयर बेचेंगे।

## जानकारी

### नो कॉस्ट ईएमआई के छिपे हुए खतरे और नुकसान

# 'नो कॉस्ट ईएमआई' क्या एक स्कैम है ! जानिए बारीकियां

**कारोबार डेस्क**

तकनीकी रूप से यह कोई कानूनी "स्कैम" या धोखाधड़ी नहीं है, लेकिन यह मार्केटिंग का एक ऐसा खेल है जिसमें असली कीमत बारीक अक्षरों (फाइन प्रिंट) में छिपी होती है। यहाँ बताया गया है कि यह "नो कॉस्ट" का जादू असल में कैसे काम करता है:

**"नो कॉस्ट" असल में आपको कैसे महंगा पड़ता है :** बैंक और कंपनियां कभी भी मुफ्त में पैसा उधार नहीं देतीं। आरबीआई के नियमों के अनुसार, बैंक ब्याज लेंगे ही, लेकिन उसे छिपाने के दो मुख्य तरीके अपनाए जाते हैं:

**छिपे हुए खतरे और नुकसान :** ब्याज पर जीएसटी: भले ही मर्चेंट ने आपको ब्याज पर छूट दे दी हो, लेकिन बैंक जो ब्याज लगाता है, उस पर आपको 18% जीएसटी अलग से देना पड़ता है। यह आपकी जेब से एक्स्ट्रा जाता है।

**क्रेडिट स्कोर पर असर:** हर ईएमआई एक तरह का लोन है। एक साथ कई ईएमआई चलाने से आपके क्रेडिट स्कोर पर असर पड़ सकता है।

**फिजूलखर्ची:** 50,000 की चीज़ जब 4,000 महीने पर दिखने लगती है, तो हम वो चीजें भी खरीद लेते हैं जिनकी हमें ज़रूरत नहीं होती। इसे ही "डेब्ट ट्रैप" कहते हैं।




### क्या नो कॉस्ट ईएमआई आपके लिए फायदेमंद है?

- यह आपके लिए सही हो सकता है यदि : जो समान आप नो कॉस्ट ईएमआई पर खरीद रहे हैं वो आप वैसे भी खरीदने ही वाले थे।
- नकद भुगतान करने पर कोई अलग से एक्स्ट्रा डिस्काउंट नहीं मिल रहा हो।
- आप हर महीने समय पर किस्त चुकाने का अनुशासन रखते हों।
- प्रो टिप : पेमेंट करने से पहले "टोटल इफेक्टिव प्राइस" ज़रूर देखें। अगर किस्तों का कुल योग और प्रोसेसिंग फीस मिलाकर एमआरपी से ज़्यादा है, तो वह "नो कॉस्ट" नहीं है।

- डिस्काउंट का खेल (डिस्काउंट ऑफसेट)

यह सबसे आम तरीका है। बैंक आपसे ब्याज लेता है, लेकिन रिटेलर उस ब्याज के बराबर की छूट आपको शुरू में ही दे देता है।

**उदाहरण :** मान लीजिए आप 30,000 का फोन खरीदते हैं और उस पर ब्याज 3,000 है।

**चाल :** दुकानदार फोन की कीमत 27,000 कर देगा। बैंक आपसे 27,000 लेगा और उस पर 3,000 ब्याज जोड़ेगा। आप अंत में 30,000 ही चुकाएंगे, लेकिन बैंक को उसका मुनाफा मिल गया।

- प्रोसेसिंग फीस का ''झटका''

भले ही ब्याज "माफ" दिख रहा हो, लेकिन लगभग हर नो कॉस्ट ईएमआई पर एक प्रोसेसिंग फीस लगती है। यह 199 से लेकर 1,000 तक हो सकती है। यह पैसा बैंक की सीधी कमाई है और यह कभी "फ्री" नहीं होता।

- नकद छूट (कैश डिस्काउंट) का नुकसान

अक्सर, अगर आप नकद या डेबिट कार्ड से पूरा भुगतान करते, तो आपको 5-10% की सीधी छूट मिल सकती थी। नो कॉस्ट ईएमआई चुनकर आप उस छूट को खो देते हैं, जिसका मतलब है कि वह सुविधा आपको महंगी पड़ी।

# सैमसंग के सस्ते स्मार्टफोन भी होंगे एआई से लैस

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** दिग्गज उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने कहा है कि वह कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी को अब अपने सस्ते स्मार्टफोन में मुहैया कराने जा रही है, ताकि आम उपभोक्ताओं को भी एआई सुविधाओं के लाभ मिल सकें।


कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने तीसरी पीढ़ी की गैलेक्सी एआई सीरीज़ का प्रीमियम स्मार्टफोन ''एस26'' पेश करने के मौके पर बुधवार को यह जानकारी दी। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू पुल्लन ने कहा कि कंपनी एआई फीचर को अब अपने सबसे सस्ते मॉडल तक ले जा रही है। कंपनी ने हाल ही में 15,000 रुपये की शुरुआती कीमत में गैलेक्सी ए07 5जी मॉडल बाजार में उतारा है, जिसमें एआई से जुड़े फीचर दिए गए हैं।

# दूरसंचार कंपनियों का राजस्व 34 अरब डॉलर के पार: रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में घरेलू दूरसंचार कंपनियों का राजस्व साल-दर-साल आठ प्रतिशत बढ़कर 34 अरब डॉलर (लगभग तीन लाख करोड़ रुपये) के पार पहुंच गया। पूंजी बाजार एवं निवेश समूह सीएलएसए की एक रिपोर्ट में भारतीय दूरसंचार प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के हवाले से कहा गया है कि तिमाही के दौरान भारती एयरटेल का राजस्व सालाना आधार पर नौ प्रतिशत और वोडाफोन आइडिया का दो प्रतिशत बढ़ा।

रिलायंस जियो के राजस्व में 11 प्रतिशत की सबसे मजबूत वृद्धि दर्ज की गयी। देश के दूरसंचार क्षेत्र के कुल राजस्व में इन तीनों कंपनियों की युक्त हिस्सेदारी 95 प्रतिशत रही। एक साल पहले के मुकाबले



रिलायंस जियो की राजस्व हिस्सेदारी सबसे अधिक 123 आधार अंक (1.23 प्रतिशत) बढ़कर 42.5 प्रतिशत हो गयी। एयरटेल की राजस्व हिस्सेदारी (39 आधार अंक) बढ़कर 39.5 प्रतिशत पर पहुंच गयी जबकि वोडाफोन आइडिया की हिस्सेदारी 83 आधार अंक घटकर 13 फीसदी रह गयी। रिपोर्ट में कहा गया है कि रिलायंस जियो और एयरटेल का वर्चस्व आने वाले समय में और बढ़ेगा।

# सोना तस्करी मामला: रान्या राव के खिलाफ ईडी ने दखिल की चार्जशीट

बेंगलुरु, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय ने सोना तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव, उनके सहयोगी तरुण कोंडुरु और बल्लारी के स्वर्ण व्यापारी साहिल साकरिया जैन के खिलाफ बेंगलुरु की विशेष अदालत में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत आरोप पत्र दाखिल किया है।

जांच में सामने आया है कि मार्च 2024 से मार्च 2025 के बीच करीब 127.28 किलोग्राम विदेशी सोना अवैध रूप से भारत लाया गया। जौहरियों और बिचौलियों के नेटवर्क के जरिए इसे घरेलू बाजार में खपाया गया, जिसकी अनुमानित



कीमत 102.55 करोड़ है। शुरुआत 3 मार्च 2025 को हुई, जब राजस्व खुफिया निदेशालय ने दुबई से लौटीं रान्या राव को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया। अभिनेत्री के पास से 14.213 किलो सोने की छड़ें बरामद हुईं, बाद में उनके घर से 2.06 करोड़ के जेवर और 2.67 करोड़ की नकदी जब्त की गई।

### भारी कमीशन और बार-बार यात्राएं

ईडी की जांच के अनुसार, रान्या राव ने तस्करी के लिए कई अंतरराष्ट्रीय यात्राएं कीं। रिपोर्टों के मुताबिक, वह प्रति किलोग्राम सोने की तस्करी पर 4 से 5 लाख रुपये तक का कमीशन लेती थीं। इस मामले में CBI ने DRI की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसके आधार पर ED ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की। मई 2025 में ED ने कर्नाटक के 16 स्थानों पर छापेमारी कर कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और विदेशी मुद्रा भी बरामद की थी, जिन्हें अब सबूत के तौर पर चार्जशीट का हिस्सा बनाया गया है।

# ब्रिटेन: 40 साल पुराने हिंदू मंदिर पर बंद होने का खतरा, काउंसिल के बिक्री के फैसले से आक्रोश

लंदन/पीटरबरो, एजेंसी।

● 1986 से संचालित है मंदिर, फैसले के बाद प्रमुख हिंदू संस्थाओं ने जताया रोष

पूर्वी ब्रिटेन के पीटरबरो शहर में स्थित 40 साल पुराने 'भारत हिंदू समाज मंदिर' और कम्युनिटी सेंटर पर बंद होने का काला साया मंडरा रहा है। स्थानीय पीटरबरो सिटी काउंसिल ने उस ऐतिहासिक भवन को बेचने का निर्णय लिया है, जिसमें यह मंदिर 1986 से संचालित है।

इस फैसले ने न केवल स्थानीय हिंदू समुदाय बल्कि ब्रिटेन की प्रमुख हिंदू संस्थाओं में भी भारी रोष पैदा कर दिया है। न्यू इंग्लैंड कॉम्प्लेक्स स्थित इस मंदिर से कैम्ब्रिजशायर, नॉरफॉक और लिंकनशायर के लगभग 13,000 से अधिक हिंदू जुड़े हुए हैं। मंदिर प्रशासन का आरोप है कि काउंसिल ने यह फैसला बिना




किसी पारदर्शिता या समुदाय की सहमति के "बंद दरवाजों के पीछे" लिया है। समुदाय का कहना है कि यह केवल एक संपत्ति का मामला नहीं, बल्कि उनकी आस्था और दशकों पुरानी विरासत से जुड़ा सवाल है।

### 'टैक्सपेयर्स के पैसे' का हवाला

लेबर पार्टी के नेतृत्व वाली पीटरबरो सिटी काउंसिल ने अपने रुख को स्पष्ट करते हुए कहा है कि संपत्ति की बिक्री से करदाताओं (Taxpayers) के लिए सर्वश्रेष्ठ मूल्य सुनिश्चित करना उनकी कानूनी जिम्मेदारी है। काउंसिल कैबिनेट की बैठक में तर्क दिया गया कि वित्तीय घाटे को कम करने के लिए सार्वजनिक संपत्तियों का उचित मूल्य पर बेचना आवश्यक है।

### हिंदू संगठनों ने खोला मोर्चा

वहीं, हिंदू काउंसिल यूके ने काउंसिल के इस कदम की कड़ी निंदा की है। संस्था ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने मंदिर के "सामाजिक प्रभाव" और इसके स्वामित्व को समुदाय को हस्तांतरित करने की पूर्व प्रतिबद्धताओं को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया है। मंदिर समिति अब इस फैसले के खिलाफ कानूनी लड़ाई और सार्वजनिक अभियान चलाने की तैयारी कर रही है ताकि उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बेघर होने से बचाया जा सके।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अम्मान समझौते' के तहत 86 परिवारों को मिली आजादी

**दमिश्क।** सीरिया के दक्षिणी प्रांत स्वेदा में महीनों से जारी अशांति को शांत करने की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है। सीरियाई सरकार और सशस्त्र समूहों के बीच हुए 'अम्मान समझौते' के तहत कैदियों और बंधकों की अदला-बदली की प्रक्रिया गुरुवार को पूरी हो गई। इस मानवीय पहल के जरिए कुल 86 सीरियाई परिवारों को राहत मिली है। समझौते के तहत सशस्त्र समूहों ने अपहरण किए गए 25 नागरिकों को रिहा किया, जिसके जवाब में सीरियाई अधिकारियों ने हिरासत में लिए गए 61 बंदियों को छोड़ दिया। सीरियाई आंतरिक प्राधिकरण के प्रवक्ता नूरुद्दीन अल-बाबा ने इसे तनाव कम करने और शांतिपूर्ण मार्ग बहाल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। हालांकि, अधिकारियों का मानना है कि क्षेत्र में स्थिरता के लिए अभी भी कई चुनौतियां बरकरार हैं।

### आदिवासी महिला पर हमले के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन

**सिलीगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में एक गर्भवती आदिवासी महिला पर हमले के विरोध में गुरुवार को जमकर बवाल हुआ। जनजाति सुरक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने राज्य सचिवालय 'उत्तरकन्या' के घेराव की कोशिश की, जिसे रोकने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज, आंसू गैस और वॉटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। 23 दिसंबर को फांसीदेवा में जमीन विवाद के दौरान एक गर्भवती महिला पर हमला हुआ था, जिसमें उसके अजन्मे शिशु की मौत हो गई थी। प्रदर्शनकारी मुख्य आरोपी के लिए मृत्युदंड और फरार चार अन्य आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

### अल कादिर ट्रस्ट मामले में इमरान की याचिका पर सुनवाई करेगा

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद हाई कोर्ट अल-क़ादिर ट्रस्ट से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में सज़ा के निलंबन की मांग को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान ख़ान और बुशरा बीबी की याचिका की सुनवाई 11 मार्च को करेगा। एक जवाबदेही अदालत ने 17 जनवरी 2025 को खान और बीबी को 19 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार के मामले में क्रमश: 14 और सात साल की सज़ा सुनाई थी। अभियोजन पक्ष का आरोप है कि दोनों ने इमरान के प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान ब्रिटेन से पाकिस्तान भेजे गये 50 अरब रुपए वैध बनाने के बदले अरबों रुपए और बहरिया टाउन में सैकड़ों कनाल ज़मीन रिश्वत के तौर पर ली थी। दोनों ने इसी सिलसिले में इस्लामाबाद हाई कोर्ट का रुख़ किया।

# ट्रंप टैरिफ नहीं लगाते तो बेहतर होती अमेरिकी अर्थव्यवस्था :आईएमएफ

## अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत, लेकिन शुल्क और बढ़ते कर्ज से जोखिम बरकरार : रिपोर्ट

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी अर्थव्यवस्था के इस वर्ष तेजी से बढ़ने के साथ ही बेरोजगारी में कमी आ सकती है। हालांकि, संघीय बजट घाटा और बढ़ता सरकारी कर्ज स्थिरता के लिए जोखिम बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने यह बात कही। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि यदि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ यानी आयात शुल्क नहीं होते, तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था और बेहतर हो सकती थी।

आईएमएफ ने अपनी रिपोर्ट में अमेरिकी अर्थव्यवस्था का समग्र आकलन पेश किया है। 191 देशों के संगठन का विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के बारे में आकलन मोटे तौर पर सकारात्मक है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) यानी वस्तुओं एवं




सेवाओं का कुल उत्पादन 2026 की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 2.4 प्रतिशत बढ़ सकता है। यह वृद्धि 2025 में दर्ज 2.2 प्रतिशत की दर से अधिक होगी।

आईएमएफ का अनुमान है कि अमेरिका में बेरोजगारी दर 2025 के अंत में 4.5 प्रतिशत से घटकर 2026 में 4.1 प्रतिशत रह जाएगी। वहीं, महंगाई दर 2027 तक अमेरिकी केंद्रीय बैंक के दो प्रतिशत के लक्ष्य तक आ सकती है। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि फेडरल रिजर्व रेपो दर को मौजूदा 3.6 प्रतिशत से दर को घटाकर लगभग 3.4 प्रतिशत तक ला सकता है। इसने 2025 में नीतिगत ब्याज दर में तीन बार कटौती की थी। उन्होंने हालांकि आगाह किया कि अमेरिकी रोजगार बाजार में '''' अत्यधिक गिरावट'''' आने की स्थिति को छोड़कर, सरकार को और अधिक कटौती करने से बचना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका को मजबूत उत्पादकता वृद्धि का लाभ मिला है।

आईएमएफ ने चेताया कि संरक्षणवादी व्यापार नीतियां अपेक्षा से अधिक आर्थिक गतिविधियों पर नकारात्मक असर डाल सकती हैं। आईएमएफ ने संघीय सरकार के बढ़ते कर्ज पर भी चिंता जताई। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका का सार्वजनिक कर्ज जीडीपी के अनुपात में पिछले वर्ष के लगभग 100 प्रतिशत से बढ़कर 2031 तक करीब 110 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।

### ट्रंप के टैरिफ पर और भी हैं तीखीं प्रतिक्रियाएं

#### यूरोपीय संघ (EU): 'डील इज ए डील'

समझौते पर संकट : यूरोपीय संघ ने कहा है कि एक बार हुआ समझौता बदला नहीं जाना चाहिए। ईयू ने अगस्त 2025 में हुए उस व्यापार समझौते के भविष्य पर सवाल उठाए हैं, जिसमें शुल्क को 15% की सीमा तक सीमित रखने की बात थी। यूरोपीय संसद ने इस नई अनिश्चितता के विरोध में अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील के अनुसमर्थन पर फिलहाल रोक लगा दी है।

#### चीन: 'व्यापार युद्ध में कोई विजेता नहीं'

चीन ने ट्रंप के शुल्कों को आर्थिक दादागीरी" करार दिया है। इससे पहले 2025 में जब अमेरिका ने भारी शुल्क लगाए थे, तो चीन ने भी अमेरिकी कोयले, एलएनजी (LNG) और कच्चे तेल पर 10% से 15% का जवाबी शुल्क लगाकर पलटवार किया था। चीन ने दुर्लभ मृदा धातुओं के निर्यात पर नियंत्रण कड़ा कर दिया है, जो अमेरिकी चिप और हथियार उद्योग के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## 109 साल बाद ब्रिटिश सरकार से युद्ध ऋण पर करोड़ों का दावा

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के एक प्रतिष्ठित व्यवसायी परिवार ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शहर के प्रसिद्ध दिवंगत व्यवसायी सेठ जुम्मा लाल रूठिया के पोते विवेक रूठिया ने दावा किया है कि प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सरकार ने उनके दादा से 35,000 रुपये का 'युद्ध ऋण' लिया था, जो आज तक नहीं लौटाया गया। अब परिवार इस राशि की वसूली के लिए ब्रिटेन सरकार को कानूनी नोटिस भेजने की तैयारी कर रहा है।

65 वर्षीय विवेक रूठिया के अनुसार, साल 1917 में प्रथम विश्व युद्ध (1914-18) के समय ब्रिटिश प्रशासन ने युद्ध प्रयासों के लिए स्थानीय धनाढ्य नागरिकों से आर्थिक सहायता मांगी थी। उन्हें अपने दादा की वसीयत में कुछ ऐतिहासिक दस्तावेज मिले हैं, जिनमें ब्रिटिश सरकार के साथ हुए इस लेनदेन का स्पष्ट उल्लेख है। विवेक रूठिया ने 4 जून, 1917 को भोपाल में ब्रिटिश 'पॉलिटिकल एजेंट' द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रमाण पत्र पेश किया है। इसमें लिखा है— "सेठ जुम्मा लाल ने भारतीय युद्ध ऋण के लिए 35,000 रुपये दिए और इस तरह सरकार एवं साम्राज्य के प्रति अपनी वफादारी दिखाई।

# पश्चिम बंगाल चुनाव जीतेगी भाजपा, हर घुसपैठिये को बाहर निकालेंगे : शाह

अररिया (बिहार), एजेंसी

● संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर स्थिति सुधारने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का होगा गठन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को विश्वास जताया कि भाजपा आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव जीतेगी और राज्य से हर एक घुसपैठिये को बाहर निकालेगी। उन्होंने कहा कि जनसांख्यिकीय बदलाव से सर्वाधिक प्रभावित राज्यों में पश्चिम बंगाल शामिल है। शाह ने यह बात बिहार के अररिया जिले में कही, जहां उन्होंने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 175 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण किया और दो नए सीमा चौकियों को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि देश से हर एक घुसपैठिये को बाहर निकालना भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कहा कि ये लोग न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि गरीबों के लिए बनी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर उनके प्रभाव को भी कम करते हैं। शाह ने कहा कि बड़े पैमाने पर घुसपैठ से सीमावर्ती इलाकों में अतिक्रमण भी बढ़ता है और इसे हटाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि घुसपैठ जनसांख्यिकीय बदलाव का खतरा भी पैदा करती है, जो किसी क्षेत्र की संस्कृति और यहां तक कि उसकी भौगोलिक स्थिति को भी



प्रभावित कर सकती है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने जनसांख्यिकीय बदलाव का अध्ययन करने और सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर स्थिति सुधारने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल जनसांख्यिकीय बदलाव से सबसे अधिक प्रभावित राज्य हैं।

शाह ने कहा कि घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई की शुरुआत बिहार के सीमांचल क्षेत्र से होगी, जहां वे कुछ महीने पहले विधानसभा चुनाव के दौरान चार दिन तक रुके थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष की आलोचना के बावजूद भाजपा ने बिहार चुनाव में घुसपैठ का मुद्दा उठाया था। शाह ने कहा कि घुसपैठ रोकने में एसएसबी की अहम भूमिका है।

# इतिहास सही पढ़ाते तो औरंगजेब नायक नहीं बनता: फडणवीस

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर पिछले 70 साल के दौरान स्कूलों में इतिहास को सही ढंग से पढ़ाया जाता, तो कोई भी मुसलमान मुगल बादशाह औरंगजेब को नायक नहीं मानता। उन्होंने मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज और मैसूर के शासक टीपू सुल्तान के बीच तुलना करने के प्रयासों की भी निंदा की।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में, राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही। फडणवीस ने कहा कि एनसीईआरटी की पुस्तकों में पहले मुगलों पर 17 पृष्ठ और शिवाजी महाराज पर केवल एक पृष्ठ था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने अब शिवाजी महाराज



और मराठा इतिहास के लिए 20 पृष्ठ सुनिश्चित किये हैं। औरंगजेब को नायक मानने वालों का हमेशा विरोध करेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वह टीपू सुल्तान के अच्छे या बुरे होने की बहस में नहीं पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, हम टीपू सुल्तान और छत्रपति शिवाजी महाराज की किसी भी तरह की तुलना का विरोध करेंगे। टीपू सुल्तान ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी, लेकिन उन्होंने ऐसा अपने राज्य को बचाने के लिए किया। लेकिन उन्होंने 75,000 हिंदुओं और 33,000 नायर को भी मार डाला।

# परमाणु वार्ता: युद्ध की आहट के बीच जिनेवा में कूटनीति का अंतिम अवसर

जिनेवा, एजेंसी

ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका और तेहरान के बीच गुरुवार को जिनेवा में तीसरे दौर की उच्चस्तरीय वार्ता हुई। इसे कूटनीति का आखिरी मौका माना जा रहा है, क्योंकि एक तरफ टेबल पर बातचीत चल रही है, वहीं दूसरी तरफ अमेरिका ने दबाव बनाने के लिए पश्चिम एशिया में युद्धपोतों और लड़ाकू विमानों का भारी बेड़ा तैनात कर दिया है।

पिछले साल जून के बाद से दोनों देशों के बीच यह तीसरे दौर की सीधी बातचीत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस वार्ता के जरिए ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर सख्त सीमाएं थोपना चाहते हैं। वाशिंगटन का मानना है कि ईरान के भीतर बढ़ता नागरिक असंतोष और हालिया विरोध प्रदर्शन तेहरान को समझौते की मेज पर झुकने के लिए मजबूर कर सकते हैं। अमेरिकी रक्षा सूत्रों के अनुसार, सैन्य तैनाती का उद्देश्य केवल सुरक्षा सुनिश्चित करना नहीं, बल्कि ईरान पर कूटनीतिक दबाव बनाना भी है।

### 'विनाशकारी होगा युद्ध' : ईरान

दूसरी ओर, ईरान अपने रुख पर अडिग है। तेहरान ने स्पष्ट कर दिया है कि वह यूरेनियम संवर्धन (Uranium Enrichment) के अपने अधिकार को नहीं छोड़ेगा।



जिनेवा रवाना होने से पहले ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका हमला करता है, तो पश्चिम एशिया में मौजूद सभी अमेरिकी सैन्य अड्डे उनके निशाने पर होंगे। कहा कि यह युद्ध किसी की जीत नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए 'विनाशकारी' होगा। अराघची ने एक साक्षात्कार में कहा कि चूंकि अमेरिकी सैन्य ठिकाने पूरे खाड़ी क्षेत्र में फैले हुए हैं, फिलहाल पूरी दुनिया की नजरें जिनेवा वार्ता के नतीजों पर टिकी हैं, क्योंकि यहां से निकलने वाला निष्कर्ष तय करेगा कि क्षेत्र शांति की ओर बढ़ेगा या एक बड़े सैन्य संघर्ष की ओर।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आपको अपने कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में विरोधी परेशान करेंगे। सहकर्मी आपकी सहायता करेंगे।

**वृष** — आज सत्पुरुषों से संपर्क बढ़ेगा। विनम्र व्यवहार के कारण व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी।

**मिथुन** — आज आपका काम में मन नहीं लगेगा। अनावश्यक विचारों से स्वयं को बचाएं। शांत और धैर्यवान होकर समस्या का समाधान खोजें।

**कर्क** — आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। व्यापार में बड़ी साझेदारी होगी। शरीर में थकावट व ऊर्जा की कमी महसूस करेंगे।

**सिंह** — आज व्यवसाय में धन लाभ हो सकता है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पुराने दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**कन्या** — आज अनुभवी लोगों की राय से लाभ होगा। अपने खर्चों पर नियंत्रण पा लेंगे। लोग आपके व्यक्तित्व से आकर्षित रहेंगे।

**तुला** — आज अनावश्यक यात्रा न करें। सामाजिक कार्यों में सम्मिलित होना पड़ सकता है। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज वैवाहिक जीवन बेहद रोमांटिक रहेगा। आपके उदार व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**धनु** — आज व्यवसाय में वृद्धि के लिए निवेश कर सकते हैं। एकाग्रचित्त होकर अपने काम पर ध्यान दें। शाम को कोई शुभ समाचार मिल सकता है।


**मकर** — आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। अधिकारीगण आपकी विचारों को तवज्जो देंगे।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व कम होगा। कानूनी पचड़ों में घिरने की आशंका है। कोई नया काम शुरू न करें।

**मीन** — आज कारोबार में नव प्रयोग करना लाभकारी सिद्ध हो सकता है। छात्रों को बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी योजनाएं पूर्ण होंगी।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 27 फरवरी, शुक्रवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, एकादशी 22 .32 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- आर्द्रा 22 .48 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

### सुडोकू - 73 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 3 | 5 | 7 | 1 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 3 | 2 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 4 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 7 | 6 |

### सुडोकू -74

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 4 | | | 6 | 1 | |
| | 1 | | | 6 | | | | 9 |
| | | | 3 | 5 | | | 2 | |
| | | 5 | | | | 3 | | 8 |
| 4 | | | 8 | | 6 | | | 2 |
| 8 | | 7 | | 9 | | 1 | | |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| 2 | | | | 3 | | | 4 | |
| | 6 | 9 | | | 4 | | 5 | |

## रेलवे में डिजिटल क्रांति

ई-आरसीटी' प्रणाली रेलवे दावा न्यायाधिकरण को पूरी तरह से कंप्यूटर आधारित और पारदर्शी बनाएगी

# ऑनलाइन कर सकेंगे रेल हादसों व सामान चोरी के दावों का निपटारा

नई दिल्ली | एजेंसी

रेल यात्रियों के लिए अब ट्रेन हादसों, अनहोनी घटनाओं या सामान के नुकसान और चोरी के मामलों में क्षतिपूर्ति का दावा करना बेहद आसान होने जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को भारतीय रेलवे की महत्वाकांक्षी योजना '52 हफ्तों में 52 सुधार' के तहत तीसरे और चौथे बड़े सुधार के रूप में 'ई-आरसीटी' (e-RCT) और 'रेलटेक नीति' की घोषणा की।

इस नई डिजिटल प्रणाली के माध्यम से कोई भी पीड़ित यात्री देश के किसी भी कोने से रेलवे दावा न्यायाधिकरण (आरसीटी) के समक्ष ऑनलाइन अपना दावा पेश कर सकेगा। अब तक यात्रियों को दावा फाइल करने के लिए सही क्षेत्राधिकार चुनने और भौतिक रूप से न्यायाधिकरण के दफ्तरों के चक्कर काटने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था, विशेषकर उन यात्रियों के लिए जो अपने गृह राज्य से दूर यात्रा कर रहे हों, लेकिन अब ई-आरसीटी प्रणाली इन बाधाओं को पूरी तरह खत्म कर देगी।

रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि अगले 12 महीनों के भीतर देश भर में मौजूद रेलवे दावा न्यायाधिकरण की सभी 23 पीठों को पूरी तरह डिजिटाइज़ कर दिया जाएगा। ई-फाइलिंग से लेकर मामले की सूचना प्रणाली तक की पूरी प्रक्रिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)



पर आधारित होगी, जिससे न्यायिक निर्णयों की गति में क्रांतिकारी बदलाव आएगा और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

वैष्णव ने कहा कि यदि यह डिजिटल मॉडल सफल रहता है, तो इसी तरह के समाधान भविष्य में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण जैसे अन्य निकायों में भी लागू किए जा सकते हैं। अब यात्रियों और उनके वकीलों को दस्तावेज जमा करने या केस को ट्रैक करने के लिए व्यक्तिगत रूप से दफ्तर जाने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि वे अपने स्थान की परवाह किए बिना कभी भी ऑनलाइन मामला दर्ज कर सकेंगे और उसकी प्रगति देख सकेंगे।इसके साथ ही, रेलवे में अत्याधुनिक तकनीक को व्यवस्थित तरीके से शामिल करने के लिए 'रेलटेक नीति' को भी मंजूरी दी गई है।

यह नई नीति रक्षा क्षेत्र, इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय के स्टार्टअप ढांचे और टेलीकॉम नवाचार नीति जैसे सफल मॉडलों का अध्ययन करने के बाद तैयार की गई है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य पुराने और जटिल ठेकेदारी सिस्टम को हटाकर एक ऐसा नवाचार-संचालित ढांचा तैयार करना है, जहां स्टार्टअप्स, शोधकर्ता और इनोवेटर्स भारतीय रेलवे के साथ आसानी से जुड़ सकें।

अब कोई भी व्यक्ति जिसके पास रेलवे के लिए कोई मजबूत तकनीकी आइडिया हो, वह एक समर्पित 'रेलटेक पोर्टल' के जरिए सीधे संपर्क कर सकेगा। यह पोर्टल पूरी तरह डिजिटल होगा और नई तकनीक के परीक्षण व उसे अपनाने की प्रक्रिया को बेहद सरल बना देगा, जिससे भारतीय रेलवे को वैश्विक स्तर की आधुनिक तकनीक से लैस करने में मदद मिलेगी।

### वकीलों और दफ्तरों के चक्करों से मुक्ति

पुराने सिस्टम में यात्रियों और वकीलों को दस्तावेज जमा करने और केस की प्रगति देखने के लिए व्यक्तिगत रूप से न्यायाधिकरण के दफ्तर जाना पड़ता था। नई डिजिटल व्यवस्था के तहत कहीं से भी आवेदन : यात्री अपने घर या गंतव्य स्टेशन से ही इलेक्ट्रॉनिक तरीके से दावा फाइल कर सकेंगे। पूरी प्रक्रिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर आधारित होगी, जिससे न्यायिक निर्णय लेने की गति तेज होगी। केस फाइलिंग से लेकर अंतिम फैसले तक की पूरी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध होगी।



कश्मीर की जमीं में बहुत संभावनाएं है। यहां एक नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। आने वाले समय में गुलमर्ग शीतकालीन खेलों का वैश्विक हब होगा। अब शीतकालीन खेल 15 दिन आयोजित करेंगे।
–मनसुख मांडविया, खेल मंत्री


# स्टेडियम

कानपुर, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| न्यूजीलैंड-इंग्लैंड | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट



चैंपियंस लीग प्लेऑफ फुटबॉल मैच के दौरान गोल का प्रयास करते रियल मैड्रिड के अर्डा गुलर (बाएं) और बेनफिका के लिएंड्रो बैरेइरो बॉल।

### चैंपियंस लीग के अगले दौर में रियल मैड्रिड

**मैड्रिड।** विनीसियस जूनियर ने बुधवार को बेनफिका के खिलाफ फिर से विजयी गोल दागा जिससे रियल मैड्रिड चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रहा। मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) भी मोनाको को हराकर प्लेऑफ से आगे बढ़ गया जबकि अटलांटा ने बोरुसिया डॉर्टमुंड के खिलाफ अंतिम क्षणों में गोल करके प्रतियोगिता में इटली की भागीदारी को बरकरार रखा। लेकिन युवेंटस दूसरे चरण में वापसी करने में नाकाम रहा और गैलाटासराय से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

### सिमोन बाइल्स बनीं लॉरियस की एंबेसडर

**नई दिल्ली।** सात बार ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिकी जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को लॉरियस का एंबेसडर नियुक्त किया है। इस तरह से वह लॉरियस का एंबेसडर बनने वाले कई स्टार खिलाड़ियों के समूह में शामिल हो गई हैं। इन खिलाड़ियों में भारतीय भाला फेंक के दिग्गज नीरज चोपड़ा और विश्व कप विजेता पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह भी शामिल हैं। बाइल्स के नाम पर जिम्नास्टिक के इतिहास में सबसे अधिक पदक जीतने का रिकॉर्ड है।

### गुकेश और नीमन का मैच रहा ड्रॉ

**प्राग।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने मिडिल गेम में कुछ तनावपूर्ण क्षणों से गुजरने के बाद प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के पहले दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन के साथ ड्रॉ खेला। गुकेश सफेद मोहरों से खेल रहे थे लेकिन नीमन ने बर्लिन डिफेंस अपनाया। दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले की यह अच्छी शुरुआत थी। नीमन ने आक्रामक रुख अपनाया और 13वीं चाल पर ही एक मोहरे का बलिदान कर दिया, जिससे सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद गुकेश बैकफुट पर आ गए।

### पूर्व हॉकी खिलाड़ी फारुक का निधन

**सिंगापुर।** सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व हॉकी खिलाड़ी और मैनेजर फारुक मैरिकन अली का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह 80 बरस के थे। दिग्गज पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ फारूक डिफेंडर की भूमिका में खेलते थे और 1968 से 1971 तक राष्ट्रीय टीम के लिए खेले। उन्होंने 1982 से 2000 के दशक तक सिंगापुर की पुरुष टीम के मेनेजर की भूमिका निभाई।

# लय में लौटे धुरंधर, विस्फोटक पारियां खेल जिम्बाब्वे को 72 रनों से हराया

## टी-20 विश्व कप : सुपर-8 में भारत ने 256 रनों का बनाया सबसे बड़ा स्कोर

चेन्नई, एजेंसी

हार्दिक पंड्या और सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के अर्धशतक से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में बृहस्पतिवार को यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ चार विकेट पर 256 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा और मौजूदा टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर है। लक्ष्य का पीछा करने उतरा जिम्बाब्वे निर्धारित ओवरों में 6 विकेट पर 184 रन ही बना सका और 72 रनों से हार गया।

पंड्या ने 23 गेंद में चार छक्कों और दो चौकों से नाबाद 50 रन की पारी खेलने के अलावा तिलक वर्मा (नाबाद 44, 16 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के साथ पांचवें विकेट के लिए 31 गेंद में 84 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। फॉर्म में वापसी करने वाले अभिषेक ने इससे पहले 30 गेंद में चार छक्कों और इतने ही चौकों से 55 रन की पारी खेलने के अलावा संजू सैमसन (24) के साथ पहले विकेट के लिए 48 और इशान किशन (38) के साथ दूसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी करने भारत को ठोस मंच दिया।

कप्तान सूर्यकुमार यादव (33) ने भी उपयोगी पारी खेली। जिम्बाब्वे के सभी गेंदबाज महंगे साबित हुए। ब्लेसिंग मुजरबानी ने चार ओवर में 62 रन लुटाकर एक विकेट हासिल किया। ब्रेड इवांस ने भी चार ओवर में 52 रन खर्च किए जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद भारत ने पावर प्ले में एक विकेट पर 80 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की।

सैमसन ने नगारवा की मैच की दूसरी गेंद पर छक्के से खाता खोला और फिर ब्लेसिंग मुजरबानी (43 रन पर एक विकेट) पर भी छक्का जड़ा। अभिषेक ने टिनोटेंडा मपोसा (40 रन पर एक विकेट) का स्वागत दो चौकों और एक छक्के से किया जिससे तीसरे ओवर में 23 रन बने। सैमसन हालांकि मुजरबानी के अगले ओवर में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर रेयान बर्ल को कैच दे बैठे। इशान ने भी नगारवा पर दो चौकों के साथ अच्छी शुरुआत की। अभिषेक ने ब्रेड इवांस और नगारवा पर भी छक्के जड़े। इशान 10वें ओवर में 26 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब ब्रायन बेनेट की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलते हुए गेंद को हवा में लहरा गए लेकिन बाउंड्री पर ताशिंगा मुसेकिवा उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। इसी गेंद पर भारत के रनों का शतक पूरा हुआ। अभिषेक ने रजा (29 रन पर एक विकेट) की गेंद पर एक रन के साथ 26 गेंद में टूर्नामेंट का अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। इशान ने भी रजा की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा लेकिन अगली गेंद पर शॉर्ट थर्ड मैन पर नगारवा को कैच दे बैठे।

सूर्यकुमार भी भाग्यशाली रहे जब इवांस की गेंद पर बैवर्ड स्क्वायर लेग पर मुजरबानी उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। सूर्यकुमार ने दूसरे स्पैल के लिए आए मपोसा का स्वागत लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ किया लेकिन अभिषेक इसी ओवर में लॉन्ग ऑन पर रजा को कैच दे बैठे। उन्होंने 30 गेंद का सामना करते हुए चार छक्के और इतने ही चौके मारे। बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए हार्दिक पंड्या ने रेयान बर्ल पर छक्के के साथ शुरुआत की।

सूर्यकुमार ने नगारवा पर छक्का जड़ा लेकिन एक गेंद बाद मुसेकिवा को कैच दे बैठे। उन्होंने 13 गेंद की अपनी पारी में दो छक्के और तीन चौके मारे। तिलक वर्मा ने इवांस पर छक्के के साथ 17वें ओवर में भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया।



रन लेते भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और अभिषेक शर्मा। एजेंसी

- फार्म में लौटे अभिषेक वर्मा ने 30 गेंदों पर 55 रनों की पारी खेल मजबूत शुरुआत दिलाई
- हार्दिक पंड्या और तिलक वर्मा के बीच 31 गेंद में 84 रन की हुई अटूट साझेदारी

### भारत

**256/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का बर्ल बो मुजरबानी | 24 |
| अभिषेक शर्मा का रजा बो मपोसा | 55 |
| इशान किशन का नगारवा को रजा | 38 |
| सूर्यकुमार का मुसेकिवा बो नगारवा | 33 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 50 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 44 |

**गेंदबाजी :** नगारवा 4-0-62-1, मुजरबानी 4-0-43-1, मपोसा 2-0-40-1, इवांस 4-0-52-0, रजा 3-0-29-1, बेनेट 2-0-16-0, बर्ल 1-0-10-0

# न्यूजीलैंड की निगाह सेमीफाइनल पर

कोलंबो, एजेंसी

- स्पिनरों के सामने होगी इंग्लैंड की परीक्षा

अपने स्पिनरों के दम पर पिछले मैच में श्रीलंका पर बड़ी जीत दर्ज करने वाला न्यूजीलैंड शुक्रवार को यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में इंग्लैंड के खिलाफ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर सेमीफाइनल में जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेगा। इंग्लैंड पहले ही अपने दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुका है लेकिन यह मैच उसके लिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम का भी फैसला होगा।

श्रीलंका के खिलाफ 61 रन की बड़ी जीत से न्यूजीलैंड सेमीफाइनल के करीब पहुंच गया है क्योंकि इससे उसका नेट रन रेट अच्छा हो गया है। न्यूजीलैंड का नेट रन रेट प्लस 3.050 है और उसे अगले मैच में बस यह सुनिश्चित करना है कि अगर वह इंग्लैंड से पराजित हो भी जाता है तो हार का अंतर न्यूनतम हो। इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान का नेट रन रेट माइनस 0.461 हो गया है। उसे नेट रन रेट में न्यूजीलैंड से आगे निकलने के लिए कीवी टीम की करारी हार के लिए दुआ करनी होगी और साथ ही सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में श्रीलंका को बड़े अंतर से हराना होगा। लेकिन न्यूजीलैंड ने यह साबित कर दिया है कि वह श्रीलंका के खिलाफ छह स्पिनरों के साथ खेलने में सहज था जिसके दम पर उसने बड़े अंतर से जीत हासिल की। इस मैच में न्यूजीलैंड के स्पिनरों और इंग्लैंड के बल्लेबाजों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। कप्तान हैरी ब्रूक और ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों ने ही साइम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान जैसे स्पिनरों के सामने सहज प्रदर्शन किया।

### टीम

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रूक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, फिल साल्ट (विकेटकीपर), बेन डकेट, सैम करेन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, लियाम डॉसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टॉंग, लाइक वुड

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट, डेवोन कॉनवे, मार्क चैपमैन, कोल मैककॉन्ची, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, रचिन रविंद्र, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, इश सोढ़ी।

### सुपर-8 ग्रुप 1

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. साउथ अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.890 |
| 2. वेस्टइंडीज़ | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 1.791 |
| 3. भारत | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -3.800 |
| 4. ज़िम्बाब्वे | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -5.350 |

### सुपर-8 ग्रुप 2

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. इंग्लैंड | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.491 |
| 2. न्यूज़ीलैंड | 2 | 1 | 0 | 1 | 3 | 3.050 |
| 3. पाकिस्तान | 2 | 0 | 1 | 1 | 1 | -0.461 |
| 4. श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.800 |



जीत दर्ज करने के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम (दाएं) और रयान रिकेल्टन।

# द. अफ्रीका लगभग सेमीफाइनल में

अहमदाबाद, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान एडेन मार्करम (नाबाद 82 रन) के अर्धशतक के साथ उनकी दो साझेदारियों से सुपर आठ के मैच में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर जीत का सिलसिला जारी रखते हुए आईसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली।

दक्षिण अफ्रीका ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजी में भी कमाल किया। टीम ने अपनी बेहतरीन रणनीति की बदौलत जीत की लय जारी रखी। यह उनकी लगातार छठी जीत थी, जिससे उन्होंने टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज के अजेय क्रम पर लगाम लगाई। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज पर जीत से दो अहम अंक जुटाए जिससे मेजबान भारत की अब क्वालीफिकेशन की उम्मीदें मजबूत हो गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से मिली हार से भारत की उम्मीदों को झटका लगा था। इस हार से कैरेबियाई टीम के नेट रन रेट पर असर पड़ा जो 5.350 से घटकर 1.791 हो गया। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने पहले दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के बल्लेबाजी क्रम को झकझोरा जिसने निचले क्रम के बल्लेबाज रोमारियो शेफर्ड (नाबाद 52) और जेसन होल्डर (49) के बीच रिकॉर्ड साझेदारी की बदौलत वापसी करते हुए आठ विकेट पर 176 रन बनाए। फिर दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान मार्करम के अर्धशतक और क्विंटन डिकॉक (47 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 7.5 ओवर में 95 रन की भागीदारी और रेयान रिकलटन (नाबाद 45 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 गेंद में 82 रन की अटूट साझेदारी से 16.1 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

दक्षिण अफ्रीका ने पावरप्ले के छह ओवर में 69 रन बनाकर वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने नियंत्रण बनाए रखा। मार्करम और डिकॉक ने तेज गेंदबाजों और स्पिनर दोनों पर आराम से रन जुटाकर शानदार साझेदारी की। डिकॉक ने 24 गेंद की अपनी पारी में चार छक्के और इतने ही चौके लगाए। लेकिन वह लांग ऑन पर जेसन होल्डर को कैच देकर आउट हो गए।मारक्रम ने गुडाकेश मोती की गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। रिकलटन क्रीज पर उतरे और उन्होंने मारक्रम का अच्छा साथ निभाया। मारक्रम ने जेसन होल्डर की गेंद पर सीधा चौका लगाकर मैच स्टाइल से खत्म किया। इससे पहले पिछले मैच में जिम्बाब्वे पर शानदार जीत दर्ज करने वाली वेस्टइंडीज ने सात ओवर के अंदर 60 रन में पांच विकेट गंवा दिए थे। इसमें दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबाडा (दो विकेट) और लुंगी एनगिडी (तीन विकेट) ने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया।

- वेस्टइंडीज को 16.1 ओवर में नौ विकेट से हराया
- कैरेबियाई टीम का नेट रन रेट 5.350 से घटकर हो गया 1.791
- भारत की अब क्वालीफिकेशन की उम्मीदें हो गई मजबूत

### वेस्टइंडीज

**176/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ब्रैंडन किंग का डिकॉक बो एनगिडी | 21 |
| शाई होप का डिकॉक बो रबाडा | 16 |
| हेटमायर का महाराज बो रबाडा | 02 |
| रोवमैन का ब्रेविस बो एनगिडी | 09 |
| रोस्टन चेस बो एनगिडी | 02 |
| रदरफोर्ड का डिकॉक बो बॉश | 12 |
| जेसन होल्डर रन आउट | 49 |
| मैथ्यू फोर्ड का रिकेल्टन बो बॉश | 11 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 52 |
| गुडाकेश मोती नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** केशव महाराज 4-0-43-0, मार्को यानसेन 4-0-50-0, कागिसो रबाडा 4-0-22-2, लुंगी एनगिडी 4-0-30-3, कॉर्बिन बॉश 4-0-31-2

### दक्षिण अफ्रीका

**177/1** (16.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडेन मार्करम नाबाद | 82 |
| क्विंटन डिकॉक का होल्डर बो चेस | 47 |
| रेयान रिकलटन नाबाद | 45 |

**गेंदबाजी :** मैथ्यू फोर्डे 3-0-30-0, रोमारियो शेफर्ड 2-0-22-0, जेसन होल्डर 3.1-0-31-0, शमार जोसफ 2-0-24-0, गुडाकेश मोती 2-0-24-0, रोस्टन चेस 4-0-46-1

# सैंटनर जैसा कप्तान महसूस कराता है अभेद्य : रचिन

**कोलंबो।** न्यूजीलैंड के आलराउंडर रचिन रविंद्र ने टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में अपनी टीम की श्रीलंका पर 61 रन से जीत के बाद अपने कप्तान मिचेल सैंटनर की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह अपने साथी खिलाड़ियों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह हैं और उन्हें दमदार महसूस कराने का तरीका ढूंढ लेते हैं।

रविंद्र ने इस मैच में 32 रन बनाए और 19 रन देकर चार विकेट भी लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। कप्तान सैंटनर की 26 गेंदों पर खेली गई 47 रन की पारी से न्यूजीलैंड 84 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद सात विकेट पर 168 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में श्रीलंका आठ विकेट पर 107 रन ही बना सका। रविंद्र ने कहा हम सभी जानते हैं कि सैंटनर कितने शांत स्वभाव के हैं, लेकिन उनका सोचने का तरीका भी कमाल का है, जैसे कि किस छोर से कौन सी गेंद फेंकनी है। इससे भी महत्वपूर्ण बात है कि वह अच्छा प्रदर्शन के साथ नेतृत्व करते हैं।

# सीरीज जीवंत रखने के लिए भारत को बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत

## महिला वनडे सीरीज

होबार्ट, एजेंसी

मौजूदा विश्व चैंपियन भारत को पहले मैच में बुरी तरह हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की वनडे श्रृंखला को अगर जीवंत रखना है तो उसे शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे महिला एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टी20 श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद भारतीय टीम वनडे श्रृंखला की अच्छी शुरुआत नहीं कर पाई और ब्रिस्बेन में खेले गए पहले मैच में छह विकेट से हार गई। भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कभी भी द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं जीती है।

इस प्रारूप में इन दोनों देशों के बीच खेली गई श्रृंखलाओं में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा है। दोनों टीमों के बीच अभी तक 11 द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला खेली गई हैं जिनमें सभी में ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल की। इनमें 2024 में 3-0 से और सितंबर 2025 में 2-1 से जीत भी शामिल है। लेकिन भारत 2025 में महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर मिली पांच विकेट की जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। वर्तमान श्रृंखला के पहले मैच में भारतीय बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का सामना करने में नाकाम रहे और पूरी टीम केवल 214 रन पर आउट हो गई। उप-कप्तान स्मृति मंधाना (58), कप्तान हरमनप्रीत कौर (53) और कासवी गौतम (43) को छोड़कर अन्य भारतीय बल्लेबाज बड़ी पारियां नहीं खेल सका। वे ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए।

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष, उमा छेत्री, अमनजोत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, काशवी गौतम, हरलीन देयोल, प्रतिका रावल।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान), सोफी मोलिनी (उप-कप्तान), डार्सी ब्राउन, निकोला कैरी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, अलाना किंग, फोबे लिट्चफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, एलिस पेरी, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा मुकाबला आज सुबह 9:20 बजे से

## रणजी ट्रॉफी फाइनल

कर्नाटक को फॉलोआन के खतरे में डाला, औकिब नबी ने तीन विकेट चटकाए

# जम्मू-कश्मीर फिर इतिहास रचने को तैयार

खेल डेस्क

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय क्रिकेट की श्रेष्ठता की प्रतीक रणजी ट्रॉफी में पहली बार फाइनल खेलने का अधिकार पाने के साथ ही इतिहास सृजित कर चुका जम्मू-कश्मीर एक बार फिर इतिहास रचने को तैयार है। इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि बल्लेबाजों के पराक्रम के बाद शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन से मेहमानों ने खिताबी मुकाबले में पूर्व चैम्पियन व मेजबान कर्नाटक को फॉलोऑन के खतरे में धकेल दिया है।

इस क्रम में यहां केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर तीसरे दिन का खेल समाप्त हुआ तो जम्मू-कश्मीर के विशाल स्कोर (584 रन) के जवाब में पेसर ऑकिब नबी (3-32) के सामने कर्नाटक का शीर्षक्रम ध्वस्त हो गया और टीम 69 ओवरों में 220 रनों पर पांच विकेट गंवाकर संकट में थी।

कर्नाटक पहली पारी के आधार पर 364 रन पीछे है और उसे फॉलोऑन बचाने के लिए अब भी 165 रनों की दरकार है। अब यह देखना दिलचस्प रहेगा कि चौथे दिन कर्नाटक के बचे बल्लेबाज फॉलोऑन बचा पाने में सफल हो पाते हैं अथवा नहीं। उल्लेखनीय है कि रणजी ट्रॉफी में 1959-60 में पदार्पण करने के बाद जम्मू-कश्मीर पहली बार फाइनल में पहुंची है।

ऑकिब नबी की बात करें तो उन्होंने लगातार नौ ओवर फेंककर भारतीय क्रिकेट के कुछ बड़े नामों को परेशानी में डाला। उन्होंने 12वें ओवर में 27 के योग पर लोकेश राहुल (13 रन) को आउट किया और फिर 18वें ओवर में लगातार गेंदों पर करुण नायर (0) व स्मरण रविचंद्रन (0) खाता खोलने तक नहीं दिया (4-57)। इसके पिछले ओवर में कप्तान देवदत्त पडिक्कल (11 रन) सुनील कुमार (1-45) के शिकार बन चुके थे।



पैवेलियन लौटते जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा (बाएं) और अन्य खिलाड़ी।



शतक लगाने के बाद जश्न मनाते मयंक अग्रवाल।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

| | |
|---|---|
| जम्मू-कश्मीर | 584/10 |
| यश जम्मू-कश्मीर | 220/5 |

### नबी मौजूदा सत्र में ले चुके हैं 58 विकेट

गौरतलब है कि नबी ने पूरे सत्र में टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया है और मौजदू सत्र में उनके विकेटों की संख्या 58 हो गई है, जो उत्तराखंड के स्पिनर मयंक मिश्रा के 59 विकेट से सिर्फ एक कम है। गनीमत रही कि अनुभवी ओपनर मयंक अग्रवाल (नाबाद 130 रन, 207 गेंद, 17 चौके) ने मजबूत रक्षात्मक तकनीक का नजारा पेश करते हुए एक छोर संभाले रखा। उन्हें 124 रनों के स्कोर पर जीवनदान भी मिला। मयंक ने श्रेयस गोपाल (27 रन) संग पांचवें विकेट पर 105 रनों की साझेदारी की थी, तभी युद्धवीर सिंह (1-32) ने गोपाल को लौटाकर यह भागीदारी तोड़ी। इसके बाद मयंक, कृतिक के साथ क्रीज पर हैं।